kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-16 ❒ शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



राहुल गांधी ने संसद में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर गलत जानकारी दी है और इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। समझौते में किसानों और भारतीय हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। पीयूष गोयल

स्वायत्त एवं स्वतंत्र पशु चिकित्सा परिषद् की स्थापना समय की जरूरत : भागवत 11

विधानपरिषद में बढ़ते अपराध पर राजद सदस्य ने सरकार को घेरा 12

## संक्षेप

### आज सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन परिसरों का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दिन में नये सरकारी कार्यालयों के परिसर 'तीर्थ भवन परिसर' के नामकरण का अनावरण करेंगे जहां प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित हैं जो पहले अलग-अलग भवनों में थे। बाद में प्रधानमंत्री सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 तथा कर्तव्य भवन-2 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे और शाम को सेवा तीर्थ में एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

### भारत ने निमंत्रण के बावजूद नहीं भेजे बंगलादेश में चुनाव पर्यवेक्षक : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** भारत ने स्पष्ट किया है कि उसे बंगलादेश के चुनावों में पर्यवेक्षक भेजने का प्रस्ताव मिला था लेकिन इसे जानबूझकर स्वीकार नहीं किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि भारत बंगलादेश के चुनावों पर करीबी नजर बनाये हुए है और चुनाव परिणामों का इंतजार किया जाना चाहिए। प्रवक्ता ने कहा हमें पर्यवेक्षक भेजने के लिए निमंत्रण प्राप्त हुआ था, लेकिन हमने बांग्लादेश के चुनावों के अवलोकन के लिए अपने पर्यवेक्षक नहीं भेजे हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा हमें चुनाव परिणाम का इंतजार करना चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि किस प्रकार का जनादेश सामने आता है, उसके बाद हम संबंधित मुद्दों पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत, बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय चुनावों का पक्षधर है।

### एयर इंडिया विमान हादसे की जांच अभी जारी है: एएआईबी

**नयी दिल्ली।** विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि पिछले साल अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच अभी जारी है और किसी अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंची है। ब्यूरो ने मीडिया को अटकलबाजी से बचने की हिदायत दी है। उसने कहा कि एआई-171 विमान हादसे की जांच एयरक्राफ्ट रूल्स, 2025 और अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन के एनेक्स 13 के अनुरूप की जा रही है। उसने कहा है कि विमान दुर्घटनाओं की जांच तकनीकी होती है जिसमें साक्ष्यों के आधार पर हादसे के कारण की जांच और सुरक्षा बढ़ाने के उपाय किये जाते हैं। पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। उड़ान भरते ही विमान ऊंचाई हासिल नहीं कर सका और एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की इमारत से टकरा गया। विमान में आग लग गयी। विमान में सवार 241 लोगों और जमीन पर मौजूद 19 लोगों की मौत हो गयी थी। चामत्कारिक रूप से एक मात्र यात्री मामूली चोटों के साथ जीवित बचा था।

# 'समर्पित आयोग' करेगा पिछड़ों का रैपिड सर्वे

## योगी सरकार ने हाईकोर्ट से कहा - आयोग की रिपोर्ट के बाद इलेक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच को सूचित किया है कि प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से पहले एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया जाएगा। जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी।

दरअसल, हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर मौजूदा पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारों को चुनौती दी गई थी। सरकार ने अब स्पष्ट किया है कि इसी समर्पित आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सीटों का आरक्षण तय होगा। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों के पालन में उठाया गया है, जिनमें स्थानीय निकाय चुनावों से पहले समर्पित आयोग का होना अनिवार्य बताया गया है।

यूपी में मौजूदा ओबीसी कमीशन का कार्यकाल अक्टूबर 2025 में समाप्त हो गया था, जिसे सरकार ने अक्टूबर 2026 तक के लिए बढ़ा तो दिया है, लेकिन कानूनी रूप से उसके पास समर्पित आयोग के अधिकार नहीं होने पर सवाल उठे थे। याचिकाकर्ता के वकील मोती लाल यादव के अनुसार, यदि आयोग का तीन साल का मूल कार्यकाल खत्म नहीं हुआ होता, तो वही आरक्षण का सर्वे कर सकता था। अब नया समर्पित आयोग पिछड़ों का 'रैपिड सर्वे' करेगा। इस सर्वे के जरिए ही पिछड़ों की वास्तविक आबादी का पता लगाया जाएगा और उसी के अनुसार सीटों का आरक्षण लागू होगा।

सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी स्थानीय निकाय या पंचायत चुनाव से पहले तीन साल के कार्यकाल वाला पिछड़ा वर्ग आयोग या समर्पित कमीशन होना जरूरी है। अब बनने वाला यह समर्पित आयोग पूरे उत्तर प्रदेश में गहन सर्वे करेगा ताकि आरक्षण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा सके। इस फैसले से साफ है कि अब पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान समर्पित आयोग की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही संभव हो पाएगा। सरकार की इस घोषणा के बाद अब चुनाव प्रक्रिया में आरक्षण को लेकर होने वाले कानूनी विवादों की संभावना कम हो गई है। वहीं राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा आम है कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की चुनावी रणनीति ● शेष पेज 11 पर



### पंचायत चुनाव का टलना तय !

ऐसे में अब पंचायत चुनाव का टलना लगभग तय माना जा रहा है। प्रदेश में ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों का कार्यकाल मई के पहले सप्ताह में हो जाएगा। वहीं, ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्षों का पांच साल का कार्यकाल जुलाई के पहले सप्ताह में पूरा होगा। ऐसे में यदि समय पर चुनाव नहीं कराए जाते हैं तो ग्राम प्रधानों, ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्षों की जगह वहां सरकार की ओर से किसी सक्षम अधिकारी को रिसीवर (प्रशासक) नियुक्त किया जाएगा।

# 114 नए राफ़ेल खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की अगले सप्ताह की भारत यात्रा से पहले सरकार ने वायु सेना के लिए फ्रांस से अतिरिक्त बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान राफ़ेल की दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को गुरुवार को हरी झंडी दिखा दी।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यहां हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ रुपये की लागत से राफ़ेल लड़ाकू विमानों के साथ-साथ नौसेना के लिए आठ पी- 8 आई टोही विमानों , मिसाइलों तथा स्यूडो सेटेलाइट की खरीद को भी मंजूरी दी गयी। इन प्रस्तावों को आवश्यकता के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गयी है। इन खरीद सौदों के पूरा होने से सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी तथा मारक क्षमता कई गुना बढ जायेगी। उल्लेखनीय है कि रक्षा खरीद बोर्ड ने पिछले महीने ही करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये की लागत से फ्रांस से 114 राफ़ेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी थी। अभी वायु सेना के पास 36 राफ़ेल लड़ाकू विमान हैं।

मंत्रालय ने बताया कि परिषद की बैठक में सेना के लिए टैंक रोधी सुरंगों ( वैभव) और टी -72 टैंकों तथा इंफ़ेन्ट्री के लिए युद्धक वाहनों की खरीद को भी मंजूरी दी गयी है। राफ़ेल विमान की खरीद से संबंधित प्रस्ताव को अब केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति में भी मंजूरी दी जायेगी। सूत्रों के अनुसार इस सौदे में वायु सेना को 18 विमान पूरी तरह तैयार मिलेंगे जबकि शेष 96 विमान भारत में ही बनाये जायेंगे और इनमें से कुछ विमान दो सीटों वाले भी होंगे जिनका इस्तेमाल पायलटों को प्रशिक्षण में किया जायेगा। फ्रांस की डसॉल्ट एविऐशन द्वारा बनाया जाने वाला राफ़ेल एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है जो हवा से हवा और हवा से जमीनी हमलों के साथ साथ निगरानी मिशन चलाने तथा परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इस विमान को अत्याधुनिक मिसाइलों मेटियोर तथा स्कैल्प क्रूज से लैस रहता है और दूर से ही मार करने में सक्षम है। राफ़ेल को विमानवाहक पोत से भी संचालित किया जा सकता है। अतिरिक्त राफ़ेल विमानों की खरीद से वायु सेना के बेड़े में विमानों की कमी काफी हद तक पूरी हो जायेगी। वायु सेना के स्क्वैड्रनों की स्वीकृत संख्या 42 है जबकि अभी उसके पास केवल 29 स्क्वैड्रन हैं। नये विमान पुराने मिग -21 विमानों की जगह लेंगे जिन्हें हाल ही में वायु सेना के बेड़े से विदा कर दिया गया था। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि राफ़ेल विमानों की खरीद से संघर्ष के पूरे स्पेक्ट्रम में वायु सेना की प्रभुत्व स्थापित करने की क्षमता बढ़ेगी तथा लंबी दूरी के आक्रामक हमलों के माध्यम से उसकी प्रतिरोधक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मंत्रालय ने भी पुष्टि की है कि इस सौदे के तहत अधिकतर राफ़ेल विमान भारत में ही बनाये जायेंगे। मंत्रालय ने कहा कि है कि कॉम्बैट मिसाइलें अत्यधिक सटीकता के साथ गहराई तक प्रहार करने की क्षमता रखती हैं और इससे स्टैंड-ऑफ ग्राउंड अटैक क्षमता सुदृढ़ होगी। ● शेष पेज 11 पर



### बढ़ेगी ताकत

- ❒ सरकार ने 3.60 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी दी
- ❒ टैंक रोधी सुरंगों ( वैभव) और टी -72 टैंकों तथा इंफ़ेन्ट्री के लिए युद्धक वाहनों की खरीद को भी मंजूरी

# किसी वर्ग को अपमानित नहीं किया जा सकता

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 'घूसखोर पंडत' शीर्षक पर अप्रसन्नता जताते हुए फिल्म निर्माता नीरज पांडे से बृहस्पतिवार को कहा कि आप इस तरह के शीर्षक का उपयोग करके समाज के किसी वर्ग का अपमान नहीं कर सकते।

उच्चतम न्यायालय ने ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स पर मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म की रिलीज पर रोक लगाए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने फिल्म के खिलाफ दायर याचिका पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड और पांडे को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, ''इस तरह के शीर्षक का इस्तेमाल करके आप समाज के एक वर्ग को अपमानित क्यों कर रहे हैं? यह नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के विरुद्ध है। जब तक आप हमें बदला हुआ शीर्षक नहीं बताते, हम आपको फिल्म रिलीज करने की अनुमति नहीं देंगे। न्यायालय ने पांडे को यह हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया कि फिल्म 'घूसखोर पंडत' समाज के किसी भी वर्ग को अपमानित नहीं करती। इस मामले में आगे की सुनवाई 19 फरवरी को होगी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह फिल्म जाति एवं धर्म आधारित रूढ़िवादिता को बढ़ावा देती ● शेष पेज 11 पर



❒ सुप्रीम फटकार: पहले बदला हुआ नाम बताएं तभी 'घूसखोर पंडित' रिलीज होगी

## नयी सीरीज के तहत खुदरा मुद्रास्फीति का पहला आंकड़ा जारी

# जनवरी में 2.75% रही महंगाई दर

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने साल 2024 के आधार पर खुदरा महंगाई की नयी सीरीज में कई बदलाव किये हैं जिसमें खाद्य पदार्थों और शिक्षा वर्गों के भारांश कम कर दिये गये हैं जबकि ई-कॉमर्स की कीमतों को पहली बार मुद्रास्फीति की गणना में शामिल किया गया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जनवरी 2026 के आंकड़े जारी करते हुए बताया कि पुरानी सीरीज में 299 वस्तुओं एवं सेवाओं को जगह दी गयी थी जबकि नयी सीरीज में 358 वस्तुओं एवं सेवाओं को शामिल किया गया है। इसमें वस्तुओं की संख्या 259 से बढ़ाकर 308 और सेवाओं की संख्या 40 से बढ़ाकर 50 की गयी है।

खाद्य एवं पेय पदार्थों का भारांश 45.86 से घटाकर 36.75 कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अब इस वर्ग की महंगाई का सकल महंगाई दर पर पहले के मुकाबले कम असर होगा। शिक्षा सेवाओं तथा वस्तुओं का भारांश भी कम किया गया है जबकि स्वास्थ्य का भारांश बढ़ाया गया है।

पुराने विविध समूह से शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, घरेलू वस्तुओं एवं सेवाओं को अलग कर दिया गया है। अब इस मुख्य समूह को व्यक्तिगत प्रसाधन, सामाजिक सुरक्षा और विविध वस्तु एवं सेवा नाम दिया गया है। इसका भारांश 28.32 से घटाकर 5.04 हो गया है। इसमें सोना-चांदी भी शामिल हैं। अलग किये गये स्वास्थ्य वर्ग का भारांश 6.10 प्रतिशत तय किया गया है, पहले इसे उपवर्ग को 5.89 भारांश दिया गया था। शिक्षा का भारांश 4.46 से घटाकर 3.33 किया गया है। परिवहन एवं संचार उपवर्ग को पहले 8.59 भारांश मिला था। अब परिवहन को 8.80 और सूचना एवं संचार को 3.61 का भारांश दिया गया है।

ईंधन एवं बिजली वर्ग (भारांश 6.84) को समाप्त कर आवास, जल, बिजली, गैस एवं अन्य ईंधन का नया वर्ग बनाया गया है जिसे 17.67 का भारांश दिया गया है। पहले आवास को 10.07 का भारांश दिया गया था और यह सिर्फ शहरी आवास की लागत को जगह मिली थी। अब ग्रामीण इलाकों में आवास के किराये को भी नयी सीरीज में जगह दी गयी है। कपड़ों और जूते-चप्पलों के वर्ग का भारांश 6.53 प्रतिशत से घटाकर 6.38 प्रतिशत किया गया है। पान तंबाकू और नशीले पदार्थों के वर्ग का भारांश 2.38 प्रतिशत से बढ़ाकर 2.99 कर दिया गया है। नयी सीरीज में रेस्त्रां एवं होटलों आदि की आवासीय सेवा का नया वर्ग बना है जिसे 3.35 का भारांश दिया गया है। मनोरंजन खेल एवं संस्कृति वर्ग को 1.52 और फर्निशिंग, घरेलू उपकरण एवं ● शेष पेज 11 पर

❒ खुदरा महंगाई की नयी सीरीज में खाद्य पदार्थों का भारांश घटाया गया, ई-कॉमर्स की कीमतों को मिली जगह



### अमेरिका के व्यापार फैक्टशीट में संशोधन साझा समझ के अनुरूप: विदेश मंत्रालय

नयी दिल्ली। भारत ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से संबंधित अमेरिकी तथ्य पत्र (फैक्टशीट) में हाल ही में किए गए संशोधन दोनों देशों के बीच बनी साझा समझ को दर्शाते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि ये परिवर्तन इसी महीने की शुरुआत में दोनों पक्षों के बीच सहमत संयुक्त वक्तव्य के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे को लेकर एक संयुक्त वक्तव्य पर सहमति व्यक्त की थी। यह 7 फरवरी को जारी किया गया था। यह संयुक्त वक्तव्य इस मामले में हमारी पारस्परिक समझ का आधार है। प्रवक्ता ने कहा कि अब दोनों देश इस ढांचे को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा,'' दोनों पक्ष अब इस ढांचे को क्रियानवित करने और अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में कार्य करेंगे। अमेरिकी फैक्टशीट में किए गए संशोधन ● शेष पेज 11 पर

# दिल्ली हमले के पीछे था जैश-ए-मोहम्मद

## यूएन की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के लाल किला के पास हुए भीषण धमाके की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की 37वीं रिपोर्ट में दिल्ली के लाल किला हमले से जैश-ए-मोहम्मद का नाम सामने आया है। पिछले साल 10 नवबर को इस हमले में 15 लोगों की मौत हुई थी। उस समय इस हमले की जिम्मेदारी जैश ने ली थी। संयुक्त राष्ट्र की 37वीं रिपोर्ट में मसूद अजहर की नई विंग 'जमात-उल-मुमिनात' का भी जिक्र है।

यह रिपोर्ट सीमा पार आतंकवाद पर सवाल उठाती है, जबकि जैश की सक्रियता पर सदस्य देशों में मतभेद हैं। यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 सैंक्शंस कमेटी के लिए तैयार की गई है। इस रिपोर्ट में पहलगाम हमले का भी जिक्र किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 10 नवंबर को नई दिल्ली में रेड फोर्ट के पास हुए हमले में 15 लोगों की मौत का दावा किया गया है। यूएन रिपोर्ट में कहा गया है कि एक सदस्य देश ने जानकारी दी कि जैश-ए-मोहम्मद ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी जिक्र है कि इस मामले को लेकर सदस्य देशों के बीच मतभेद हैं। भारत का दावा है कि जैश अब भी एक्टिव है और क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों से जुड़ा हुआ है, जबकि पाकिस्तान ने संगठन को निष्क्रिय बताया है। पाकिस्तान पहले भी यह कह चुका है कि जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद ये संगठन सक्रिय नहीं हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि जैश प्रमुख मसूद अजहर ने 8 अक्टूबर को महिलाओं की एक अलग विंग बनाने का ऐलान किया था। जिसका नाम जमात-उल-मुमिनात रखा गया। हालांकि ● शेष पेज 11 पर

## विपक्षी दल ने माघ मेले में शंकराचार्य के अपमान का मुद्दा उठाया

# शंकराचार्य को लेकर आमने-सामने आए सपा और भाजपा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। विधान परिषद में सत्तापक्ष और विपक्ष शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर आमने-सामने आ गए। विपक्ष ने प्रयागराज के माघ मेले में शंकराचार्य से जुड़े घटनाक्रम को लेकर जहां सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिश की। वहीं भाजपाई सदस्यों ने पलटवार करते हुए कहा कि सपा सरकार में इन्हीं शंकराचार्य पर लाठीचार्ज किया गया था। यह स्थिति गुरुवार को भोजनावकाश के बाद परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान देखने को मिली। अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा के मुकुल यादव ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि शंकराचार्य का सम्मान पूरे देश में है। माघ मेले में तहसीलदास स्तर के व्यक्ति द्वारा उनसे शंकराचार्य होने का प्रमाणपत्र मांगा जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

वे लगातार वहां अनशन करते रहे और अंततः बिना स्नान के ही लौट गए। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में इस घटनाक्रम के लिए भी खेद प्रकट किया जाना चाहिए था। इस पर भाजपा के सदस्यों ने पलटवार किया। भाजपा के ऋषिपाल सिंह ने कहा कि सब जानते हैं कि कैसे 2015 में सपा सरकार में इन्हीं शंकराचार्य पर लाठीचार्ज किया गया था। भाजपा सदस्य ने कहा कि विरोधी दल के लोग जिस तरह मठ-मंदिरों की चर्चा कर रहे हैं, उसे देखकर लगता है विपक्ष भी सनातनी हो रहा है। योगी सरकार में पढ़ाई-दवाई के साथ सगाई भी भाजपा के गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण प्रदेश की 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं का दस्तावेज है। यूपी ने बीते वर्षों में असंभव को संभव कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश से उद्यमी और युवा पलायन करते थे और अब माफिया पलायन को मजबूर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में प्रदेश में रोजगार व स्वरोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पढ़ाई, दवाई के साथ सगाई भी कराई। भाजपा के हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि सिखों को वास्तविक सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ने किया। डा. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बहुत बेहतर हुई हैं। सरकार विशेषज्ञ चिकित्सक तैयार करने का काम लगातार कर रही है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश में इंडस्ट्रियल कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर भी बन रहे हैं।

डायल-100 में 12 जोड़कर थपथपा रहे पीठ सपा के डा. मान सिंह यादव ने कहा कि डायल 100 सपा की देन है। भाजपा सरकार इसमें 12 जोड़कर अपनी पीठ थपथपा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का पहला नोएडा एक्सप्रेस-वे बहिनजी (मायावती) ने और दूसरा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे सपा सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बनवाया। उन्होंने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण की अनदेखी और एसआईआर में गड़बड़ी का आरोप लगाया। भाजपा के मोहित बेनीवाल ने कहा कि सपा सरकार में डायल-100 पर फोन करने पर पुलिस आती ही नहीं थी। कहा कि सपा सरकार में जीरो टॉलरेंस केवल विकास के लिए था, भ्रष्टाचार के लिए नहीं। रामगोपाल उर्फ गोपाल अनजान ने कहा कि सपा का पीडीए मतलब परमानेंट डिवीजन एसोसिएशन है। असली पीडीए भाजपा में है। हंसराज विश्वकर्मा, अंगद कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यों ने भी अभिभाषण पर चर्चा की।



### विधानसभा में प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सपा का बहिष्कार

**लखनऊ।** विधानसभा में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रदेश की खराब कानून-व्यवस्था और सरकार द्वारा दिए गए जवाब से असंतुष्ट होकर सदन का बर्हिगमन किया। सपा सदस्यों ने कहा कि उन्होंने नियम 56 के तहत प्रयागराज में बच्चों की मौत और मेरठ में मां की हत्या और बेटी को अगवा करने का मामले में सरकार से जवाब मांगा, लेकिन सही जवाब न देकर ● शेष पेज 11 पर

# एके शर्मा ने सदन में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां, विपक्ष के आरोपों का दिया जवाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विधान मंडल के दोनों सदनों में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रमों का जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि भारत जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जो प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संभव हुआ है। उत्तर प्रदेश भी विकास की इस यात्रा में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। लखनऊ के शिवरी क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा छोड़े गए लगभग 20 लाख मीट्रिक टन कूड़े को घटाकर करीब 4 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है और शेष कचरे के निस्तारण का कार्य तेजी से जारी है।



ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में उत्तर प्रदेश लगातार देश में पहले और दूसरे स्थान पर है। किसानों के खेतों के अपशिष्ट से बायोगैस उत्पादन में भी प्रदेश प्रथम स्थान पर है। आरडीएसएस, ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर और ट्रांसमिशन सेक्टर के विस्तार जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी प्रदेश अग्रणी है। उन्होंने बताया कि पहले जहां थर्मल उत्पादन क्षमता लगभग 5008 मेगावाट थी, वह अब बढ़कर 9100 मेगावाट से अधिक हो गई है।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश में गांवों और शहरों को 20 से 24 घंटे तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पहले जहां पीक डिमांड लगभग 13,000 मेगावाट थी, वह अब गर्मी में 31,000 मेगावाट तक पहुंच गई है, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है।

आवास और स्वरोजगार के क्षेत्र में उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में लगभग 17 लाख तथा कुल मिलाकर 55-56 लाख आवास उपलब्ध कराए गए हैं। पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी और छोटे व्यापारियों को आर्थिक सहायता देने में भी प्रदेश अग्रणी है। मणिकर्णिका घाट के पुनर्निर्माण को लेकर लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा तोड़े जाने का दावा भ्रामक है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर निर्माण के दौरान भी विपक्ष ने भ्रम फैलाने का प्रयास किया था, जबकि बाद में रानी अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान में प्रतिमा स्थापित की गई। उन्होंने कहा कि मणिकर्णिका घाट को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

अंत में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सुशासन, विकास और जनकल्याण के नए मानक स्थापित कर रहा है तथा सरकार की प्राथमिकता मूलभूत सुविधाएं, पारदर्शी प्रशासन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

# विधानसभा में उठा ट्रांसजेंडर समुदाय का मुद्दा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा में गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक सचिन यादव द्वारा ट्रांसजेंडर पर उठाए गए प्रश्न के जवाब में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह सदन का एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है, जब सबसे पिछड़े और हाशिए पर रहने वाले समुदाय की समस्याओं पर गंभीर चर्चा हो रही है।

मंत्री ने कहा कि यह एक अच्छा और सार्थक सवाल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उच्चतम न्यायालय के वर्ष 2014 के ऐतिहासिक नालसा फैसले के बाद से ही उत्तर प्रदेश में इस दिशा में ठोस पहल शुरू की गई थी।

असीम अरुण ने बताया कि राज्य सरकार ने किन्नर कल्याण बोर्ड का गठन किया है, जिसके लिए बजट की भी व्यवस्था की गई है। इसके माध्यम से समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रदेश के प्रत्येक थाने में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की समस्याओं के समाधान हेतु अलग हेल्प डेस्क बनाई गई है, ताकि उन्हें सम्मानजनक और संवेदनशील वातावरण में सहायता मिल सके।

मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराना है। मंत्री ने कहा कि सरकार आरोपों से सहमत नहीं है कि कुछ नहीं किया जा रहा।काम धीरे-धीरे लेकिन लगातार हो रहा है। ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल करने के प्रयास जारी हैं ।

गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के विधायक इंजीनियर सचिन यादव ने विधानसभा में ट्रांसजेंडर समुदाय के मुद्दे को उठाते हुए सरकार से सवाल किया था कि इस समुदाय को मुख्यधारा में लाने के लिए अब तक क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। सचिन यादव ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय में लगभग 92 प्रतिशत बेरोजगारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूलों में उनके बच्चों के साथ भेदभाव होता है और उनकी समस्याओं की कहीं सुनवाई नहीं हो रही। उनके अनुसार सरकार केवल कागजी दावे कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति बेहद चिंताजनक है।

उन्होंने यह भी कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में अब तक केवल लगभग 1000 ट्रांसजेंडरों को ही पहचान पत्र जारी किए गए हैं, जबकि समुदाय की वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक है। ऐसे में पहचान, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में गंभीर पहल की आवश्यकता है। सपा विधायक ने सरकार से मांग की कि ट्रांसजेंडर के लिए ठोस नीति, रोजगार के अवसर, शिक्षा में समानता और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

## अवैध असलहे के साथ युवक का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोशल मीडिया पर अवैध असलहे के साथ एक युवक का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया है। वीडियो में युवक कथित तौर पर भड़काऊ अंदाज़ में नजर आ रहा है, जिससे कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक वायरल वीडियो धूमनगंज थाना क्षेत्र से जुड़ा बताया जा रहा है। मामले में युवक की पहचान सचिन कुमार त्रिपाठी के रूप में की जा रही है। हालांकि वीडियो की सत्यता और समय की आधिकारिक पुष्टि पुलिस द्वारा की जानी बाकी है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि वीडियो में प्रदर्शित हथियार अवैध पाया जाता है तो संबंधित युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि हथियार कहां से आया और क्या किसी गिरोह से उसका संबंध है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है। कार्रवाई के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## बारा तहसील में डीएम ने किया निरीक्षण, फरियादियों की समस्याएं सुनीं

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बारा तहसील का निरीक्षण कर तहसील परिसर में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान राजस्व मामलों, भूमि विवादों सहित अन्य जनसमस्याओं पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

## डीएम के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां, करछना में लेखपाल पर गंभीर आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करछना तहसील क्षेत्र में जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेशों के बावजूद नवीन परती और बंजर भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। आरोप है कि महुआरी तालुका लवयान स्थित आराजी संख्या 577 (मि) में लेखपाल जावेद की मिलीभगत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह भूमि नवीन परती दर्ज है, जिस पर निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। हैरानी की बात यह है कि उक्त भूमि को लेकर ग्राम न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बावजूद निर्माण कार्य जारी है। जबकि जिलाधिकारी ने नवीन परती और बंजर भूमि को खाली कराने के सख्त निर्देश दे रखे हैं। इसके बावजूद लेखपाल पर आदेशों की अनदेखी कर नियमों को ताक पर रखने के आरोप लग रहे हैं। मामले में उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग उठ रही है।

## मेगा विधिक सहायता शिविर की तैयारी तेज

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 22 फरवरी 2026 को सोरांव स्थित राम दुलारी बच्चू लाल जायसवाल पीजी कॉलेज में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को जनपद न्यायालय सभागार में प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम श्री राम प्रताप सिंह राणा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों को निर्देशित किया गया कि निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाओं, बच्चों, असंगठित श्रमिकों एवं अनुसूचित जाति-जनजाति से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं को चिन्हित कर शिविर में शामिल किया जाए। महिला सशक्तिकरण, बीमा योजनाएं, श्रम विभाग व जल संरक्षण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री शशि कुमार ने परा विधिक स्वयंसेवकों की मदद से तहसीलों व ग्राम पंचायतों में पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही। अधिकारियों से समन्वय बनाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का आह्वान किया गया।

## प्रयागराज में आज डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का दौरा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार को प्रयागराज के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह दोपहर 1:20 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद डिप्टी सीएम तिलक नगर, बाघम्बरी रोड स्थित देवेंद्र मिश्र के आवास पर जाएंगे, जहां वे शिष्टाचार भेंट करेंगे। दौरे के दौरान ब्रजेश पाठक इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े डॉक्टरों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहने की संभावना है। डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई।

## उत्तर मध्य रेलवे की नई पहल: प्रयागराज मंडल में यार्ड निगरानी के लिए 20 मीटर ऊंचे हाई मास्ट पर अत्याधुनिक कैमरा स्थापित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में प्रयागराज मंडल ने तकनीकी नवाचार की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। मंडल के विद्युत सामान्य विभाग द्वारा प्रयागराज स्थित इलेक्ट्रिक ट्रिप शेड में 20 मीटर ऊंचे इलेक्ट्रिक हाई मास्ट के शीर्ष पर अत्याधुनिक सीसीटीवी निगरानी कैमरा सफलतापूर्वक स्थापित कर परिचालन में लाया गया है।

यह पहल रेलवे यार्डों की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सामान्यत: निचले स्तर पर लगे कैमरों से पूरे यार्ड की स्पष्ट निगरानी संभव नहीं हो पाती, जबकि 20 मीटर की ऊंचाई पर लगाए गए इस कैमरे से पूरे यार्ड का निर्बाध पैनोरमिक (विहंगम) दृश्य प्राप्त हो रहा है। सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए यह स्थापना बिना किसी परिचालन बाधा के की गई है।स्थापित कैमरा औद्योगिक श्रेणी की उन्नत तकनीक से लैस है, जिसमें फुल एचडी (1920ै1080) रेजोल्यूशन, प्रोग्रेसिव स्कैन एख्रग्ट्ट सेंसर, 32ै ऑप्टिकल और 16ै डिजिटल जूम की सुविधा है। यह कैमरा 360 डिग्री घूमने में सक्षम है तथा मोशन डिटेक्शन, वीडियो टैम्परिंग अलर्ट और अलार्म इनपुट जैसी स्मार्ट सुविधाओं से युक्त है। ऋ66 प्रोटेक्शन के साथ इसमें 4000इ लाइटनिंग और सर्ज प्रोटेक्शन भी दिया गया है। इस व्यवस्था से ट्रैक लाइनों, लोकोमोटिव बर्थिंग और रखरखाव क्षेत्रों की 24 घंटे लाइव निगरानी संभव होगी, जिससे अनधिकृत प्रवेश पर रोक और रेल संपत्तियों की सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। यह पहल उत्तर मध्य रेलवे की आधुनिकीकरण और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# धर्मेंद्र प्रधान ने किया आईआईएम लखनऊ में एआई कार्यक्रमों का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारत बोधन एआई कॉन्क्लेव 2026 के दौरान आईआईएम लखनऊ में एआई आधारित नए शैक्षणिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत नैतिक और जिम्मेदार एआई के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एआई को प्रबंधन शिक्षा, नवाचार और समाजोपयोगी कार्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। भारत की विशाल युवा शक्ति स्वदेशी एआई मॉडल विकसित कर वैश्विक स्तर पर योगदान दे सकती है। आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रो. एम. पी. गुप्ता ने बताया कि ये कार्यक्रम प्रबंधन विशेषज्ञता और तकनीकी दक्षता का समन्वय प्रस्तुत करेंगे। इनका उद्देश्य तकनीकी नवाचार को व्यावसायिक रूप से उपयोगी बनाना और 'विकसित भारतअ2047' के लक्ष्य को गति देना है। उन्होंने बताया कि संस्थान तीन प्रमुख पाठ्यक्रम शुरू करेगा, जिनमे चार वर्षीय बीएस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड बिजनेस एनालिटिक्स, दो वर्षीय टेक एमबीए, तथा पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएस टेक एमबीए शामिल है। वहीं बीएस कार्यक्रम 2026-27 सत्र से प्रारंभ होगा, जबकि टेक एमबीए 2027-28 से शुरू किया जाएगा। आईआईएम लखनऊ का यह कदम 'डिजिटल इंडिया' और 'इंडिया एआई मिशन' जैसी राष्ट्रीय पहलों को मजबूती देगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को डिजिटल नेतृत्व, उद्यमिता और एआई आधारित निर्णय क्षमता से लैस किया जाएगा, जिससे भारत वैश्विक एआई परिदृश्य में सशक्त भूमिका निभा सके।

# महर्षि दयानंद सरस्वती राष्ट्र जागरण के अग्रदूत: योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक चेतना के महान उद्घोषक, आध्यात्मिक चिंतक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि असीम ज्ञान और उच्च गुणों से संपन्न स्वामी दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन समाज-उत्थान, राष्ट्र-जागरण और मानव-कल्याण के पावन कार्यों को समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय समाज को कुरीतियों से मुक्त करने, वेदों की ओर लौटने और आत्मगौरव की भावना जगाने का आह्वान किया। योगी ने कहा कि स्वामी दयानंद का तेजस्वी व्यक्तित्व और उनकी वैचारिक प्रखरता आज भी देश और समाज को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करती है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि महर्षि दयानंद के



आदर्शों को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों को आगे बढ़ाएं। गौरतलब है कि आर्य समाज के संस्थापक और महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती 2026 में 12 फरवरी (गुरुवार) को मनाई जा रही है। वेदों के प्रचार, मूर्तिपूजा के विरोध और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनके संघर्ष के सम्मान में देश भर में विशेष आयोजन हो रहे हैं।

# विधान परिषद में गूंजा शहरों में अतिक्रमण और जाम का मुद्दा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने बुधवार को नियम 110 के अंतर्गत शहरों में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे लोक महत्व का आविलंबनीय विषय बताते हुए सरकार से प्रभावी कार्रवाई की मांग की। सभापति ने विषय को गंभीर मानते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देशों के साथ सरकार को भेज दिया। सदन में कहा गया कि सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में तेजी से शहरी विकास हो रहा है और स्वच्छता रैंकिंग में भी कई जनपदों ने स्थान बनाया है। हालांकि बढ़ते शहरीकरण के साथ अतिक्रमण की समस्या भी विकराल होती जा रही है, जिससे शहरों में जाम की स्थिति आम हो गई है। इससे आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्य ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहरों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मॉडल वेंडिंग जोन बनाने के निर्देश दिए गए हैं और कुछ स्थानों पर काम भी हुआ है, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। इसके लिए स्थानीय निकायों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया। गाजियाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, बरेली, अलीगढ़ और मेरठ सहित अधिकांश नगर निगमों के प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। राजधानी लखनऊ में भी विभूति खंड क्षेत्र को छोड़कर अन्य इलाकों में स्थिति चिंताजनक बताई गई। प्रदेश में नगर निगम अधिनियम के तहत गठित टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) की नियमित बैठकें नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए। बताया गया कि लखनऊ नगर निगम में लगभग दस महीनों से टीवीसी की बैठक नहीं हुई है, जबकि नियमों के अनुसार हर माह बैठक होना अनिवार्य है। इस समिति में पार्षदों, रेहड़ी-पटरी दुकानदारों, बड़े प्रतिष्ठानों, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, आवास विकास और डूडा के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

# श्रृंगवेरपुर में जल्द पूरा होगा निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रामनगरी अयोध्या की तर्ज पर प्रभु श्रीराम के परम भक्त निषादराज की राजधानी श्रृंगवेरपुर को भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है। प्रयागराज जिले के इस ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल पर निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण तेज गति से जारी है। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की इस महत्वाकांक्षी परियोजना की लागत 19.61 करोड़ रुपये है और लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य जल्द पूरा होगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरूवार को जारी बयान में दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस सांस्कृतिक केंद्र की सबसे खास पहचान इसका म्यूजियम ब्लॉक है, जहां श्रीराम और निषादराज की अमर कथा चित्रों के माध्यम से जीवंत की जाएगी। यह संग्रहालय उनके आत्मीय संबंधों और सामाजिक समरसता की कहानी बताएगा। म्यूजियम ब्लॉक का ढांचा तैयार है, फिनिशिंग का काम जारी है और प्लास्टर कार्य पूरा हो चुका है।इस परियोजना में लगभग 400 लोगों की क्षमता वाला आधुनिक ऑडिटोरियम भी है, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ऑडिटोरियम में स्टेप स्लैब का काम प्रगति पर है और ब्रिकवर्क पूरा हो चुका है। साथ ही पूरे परिसर में आर्किटेक्चरल व स्ट्रक्चरल कार्य, विद्युत और आंतरिक जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। बाउंड्री वॉल तैयार है। स्टोन वर्क कर्टेन क्लैडिंग, लैंडस्केपिंग, सेंट्रल इंफॉर्मेशन बोर्ड, मुख्य द्वार, गार्ड रूम, इंटरलॉकिंग रोड, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सेप्टिक टैंक, सोकपिट और अंडरग्राउंड टैंक विकसित किए जा रहे हैं। मेटल सिल्हौटी और पंप कक्ष भी बनाए जा रहे हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि श्रृंगवेरपुर केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं है, बल्कि त्याग, समर्पण और सामाजिक समरसता की अमर प्रतीक भूमि है। यह वह पावन धरा है जहां भगवान श्रीराम और निषादराज गुह्य का मिलन हुआ, जिसने भारतीय संस्कृति में समानता, आत्मीयता और सच्ची मित्रता का अद्भुत संदेश दिया। प्रयागराज से लखनऊ रोड पर लगभग 45 किमी दूर स्थित श्रृंगवेरपुर को रामायण में निषादराज की राजधानी बताया गया है। यहां उत्खनन में श्रृंगी ऋषि का मंदिर मिला, जिनके नाम पर नगर का नाम पड़ा। यहीं भगवान राम ने एक रात विश्राम किया था। राम जी के मना करने पर निषादराज ने चरण धोने की अनुमति लेकर गंगा जल से चरण धोए और उसे ग्रहण कर श्रद्धा प्रकट की। यह स्थान आज भी आस्था का केंद्र है। यह विकास श्रृंगवेरपुर को आस्था, संस्कृति और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाएगा।

**प्रयागराज सांसद उज्जवल रेलमंत्री से मिले**

# सैकड़ों साल से बसें ग्रामीणों के निकासी के लिए आरओबी व अंडरपास बनें : उज्जवल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने रेलवे क्रॉसिंग की समस्या को लेकर नईदिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और पत्र लिखकर मांग किया कि सौकड़ों साल से बसे गांव नई रेल लाइनों के बन जाने से ग्रामीणों के आवागमन बाधित हो गया जिसके लिए आरओबी या अंडरपास का निर्माण हो।उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि रेलवे क्रॉसिंग 26सी कठौली मेजा पर ओवरब्रिज व छिवकी ददरी गांव में अंडरपास की मांग, सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सौंपा पत्र।उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि इस बिजी रेलवे लाइन पर ओवरब्रिज न होने के कारण स्थानीय निवासियों, विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों और आम जनता को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि वे संबंधित अधिकारियों को तुरंत आदेशित करें ताकि आर.ओ.बी. (टग्उ) व अंडरपास का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सके और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुचारू हो। प्रतिनिधि ने बताया कि छिवकी ददरी के स्थानीय निवासियों की उम्मीदें हैं कि अंडरपास व उरुवा विकासखंड के अंतर्गत कठौली ग्राम और आसपास के दर्जनों गांवों के लिए यह क्रॉसिंग जीवनरेखा की तरह है। पूर्व ग्राम प्रधान हरिशंकर शर्मा सहित कई स्थानीय प्रतिनिधियों ने सांसद के इस प्रयास की सराहना की है। लोगों को उम्मीद है कि रेल मंत्री के हस्तक्षेप के बाद अब सालों पुरानी जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क अभिकरण के अवशेष कार्य 31 मार्च से पूर्व कराएं पूरे : केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय कार्यों में तेजी लाने के पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में गुरुवार को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (यूपीआरआरडीए) अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अवशेष कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

यूपीआरआरडीए के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आदेशों एवं भारत सरकार की गाइड लाइन के संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) एवं विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पीएमजीएसवाई-ऋऋ के अंतर्गत सभी अवशेष कार्यों को हर हाल में 31 मार्च 2026 से पूर्व पूर्ण किया जाए। समीक्षा के दौरान जनपदवार प्रगति, निर्माणाधीन सड़कों की स्थिति, गुणवत्ता नियंत्रण, वित्तीय व्यय तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय की जाए। जिन परियोजनाओं में प्रगति अपेक्षित स्तर से कम है, वहां विशेष कार्ययोजना बनाकर गति प्रदान की जाए। साथ ही, गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करते हुए पीएमजीएसवाई के निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप ही निर्माण कार्य संपादित किए जाएं। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर तकनीकी मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए तथा गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाया जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करें और प्रगति रिपोर्ट समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें।

# वसंतकुंज में बनेगा आधुनिक मेट्रो डिपो



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वसंतकुंज से ठाकुरगंज तक पांच एलिवेटेड स्टेशनों के निर्माण का टेंडर जारी करने के बाद अब मेट्रो डिपो के निर्माण के लिए दूसरा बड़ा टेंडर भी जारी कर दिया गया है।

इस डिपो के निर्माण की अनुमानित लागत लगभग 150 करोड़ है। 11 फरवरी को प्रस्तुत उत्तर प्रदेश के बजट के बाद मेट्रो परियोजना के प्री-कंस्ट्रक्शन कार्यों में भी तेजी लाई गई है, जिससे ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के कार्यों को गति मिलेगी। यह डिपो ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर चलने वाली मेट्रो ट्रेनों के रखरखाव, जांच और खड़ी करने के लिए बनाया जाएगा। इसे आधुनिक और तकनीक आधारित सुविधा के रूप में विकसित किया जाएगा। यह डिपो लखनऊ मेट्रो के ट्रांसपोर्ट नगर डिपो की तर्ज पर बनाया जाएगा, जो पहले से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। बताया कि डिपो में सोलर पावर यूनिट लगाई जाएगी। वर्तमान में लखनऊ मेट्रो में 3.122 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। गौरतलब है कि 12 किलोमीटर लंबा ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर चारबाग से वसंतकुंज तक बनाया जाएगा।

## लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के लिए दूसरा बड़ा टेंडर जारी

### डिपो में ट्रेन मेंटेनेंस के लिए लगाई जाएंगी आधुनिक मशीनें

पिट व्हील लेथ मशीन – पहियों की मरम्मत के लिए।
फुली ऑटोमैटिक सिंक्रोनाइज्ड पिट जैक मशीन – मेंटेनेंस के दौरान कोच को लिफ्ट करने और नीचे करने के लिए।
फुली ऑटोमैटिक सिंक्रोनाइज्ड मोबाइल जैक मशीन ऽ कोच को जरूरत के अनुसार आसानी से लिफ्ट करने के लिए।
बोगी टर्न टेबल – बोगियों को एक ट्रैक से दूसरे ट्रैक पर शिफ्ट करने के लिए।
ऑटोमैटिक ट्रेन वॉशिंग प्लांट – मेट्रो कोच की मशीन से तेज और प्रभावी सफाई के लिए।
इलेक्ट्रिक बोगी शंटर – डिपो परिसर में ट्रेनों को नियंत्रित तरीके से आगे–पीछे करने के लिए।
री–रेलिंग एवं रेस्क्यू वाहन– तकनीकी खराबी की स्थिति में कोच को जल्दी पटरी पर लाने के लिए।

### डिपो में ये भी होंगी सुविधाएं

जीरो डिस्चार्ज सुविधा – डिपो से बाहर गंदा पानी नहीं छोड़ा जाएगा।
ड्यूल प्लंबिंग सिस्टम – ताजे और रीसाइकल पानी के लिए अलग–अलग पाइपलाइन।
सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट – वॉशरूम, किचन और सफाई से निकलने वाले पानी को साफ करने के लिए।
एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट – ट्रेन वॉशिंग और मेंटेनेंस से निकलने वाले पानी के उपचार के लिए।
संयुक्त STP-ETP यूनिट – जमीन और ऊर्ज़ा की बचत के लिए दोनों प्लांट एकीकृत रूप में काम करेंगे, जिससे पानी का दोबारा उपयोग किया जा सके।
जल भंडारण प्रणाली – डिपो में ट्रांसपोर्ट नगर डिपो की तरह व्यापक जल भंडारण व्यवस्था भी होगी।

इसमें 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस परियोजना की अनुमानित लागत 5801.05 करोड़ है और निर्माण शुरू होने के बाद इसे पांच वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। इस अवसर पर यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि दूसरे बड़े टेंडर के जारी होने और प्री-कंस्ट्रक्शन कार्यों में तेजी से लखनऊ मेट्रो का ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर कार्यान्वयन की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। यह शहर को एक मजबूत और बेहतर सार्वजनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करेगा।

# गोसाईगंज बस स्टैंड से आगे नहीं बढ़ सके किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के नेता गोसाईगंज बस स्टैंड से आगे नहीं बढ़ सके। कोतवाली प्रभारी ने ज्ञापन लेकर सभी को वापस भेज दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर करने वाले जिला अध्यक्ष राम गोपाल विश्वकर्मा के अनुसार वे सुल्तानपुर मार्ग जुड़े बाराबंकी मार्ग पर स्थित गांव भटानी में आज संगठन के कार्यालय से अपने सहयोगियों के साथ डी एम कार्यालय के लिए पैदल ही जा रहे थे। किसानो का जुलूस सुल्तानपुर रोड गोसाईगंज बस स्टैंड पर पहुंचा था ,तभी पुलिस ने पहुंच रोक दिया। संगठन के लोग लखनऊ जाने की जिद करते रहे।दोनों पक्षों में काफी देर तक कहा - सुनी होने के बाद एस एच ओ गोसाईगंज डी के सिंह ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन लेकर सभी को वापस भेज दिया। जिला अध्यक्ष के अनुसार संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर 12 फरवरी को हर जिले मे जिला अधिकारी के कार्यालय पर सरकारी नीतियों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाना तय हुआ था। इसी क्रम में संगठन श्रमिक जन शक्ति के नेता भी चल चुके थे लेकिन वे बस स्टैंड से आगे नहीं बढ़ सके।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री शिवराम सिंह यादव युवा मंडल अध्यक्ष, अमरदीप यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, सुरेश कश्यप लखनऊ जिला प्रवक्ता, मनोज यादव मंडल उपाध्यक्ष, राम प्रगट सिंह प्रधान ,जय सिंह यादव जिला सचिव, जय सिंह यादव लखनऊ जिला प्रभारी, वासुदेव सिंह गुरुजी, राममिलन रावत युवा जिला अध्यक्ष लखनऊ तहसील प्रभारी योगेंद्र यादव ,मौजी राम यादव, रामदुलारी विश्वकर्मा, सुनीता पासवान आयोजन में शामिल रहे।

### रोड पर पड़ी मौरंग के ढेर में घुसी कार दो महिला सहित चार घायल

**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके के त्रिलोचन खेड़ा निवासी विनोद राठौर ने थाने में एक लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया उनकी बहन सुशीला देवी, बहनोई सोनेलाल उनके साथ छोटी बहन सोनी राठौर,भांजी आराध्या सहित सभी लोग उसके बहनोई के गांव सफीपुर से बीती 9 फरवरी को दोपहर के समय अपनी ससुराल त्रिलोचन खेड़ा के लिए आ रहे थे। तभी रास्ते में कन्नी खेड़ा, बंथरा के पास उनकी कार सामने से विपरीत दिशा में आ रहे ईऽ रिक्शा को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर रोड पर ही लगे मौरंग के ढेर से फिसलते हुए हैरो हल से जा टकराई जिससे सभी कर सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें गंभीर हालत में बंथरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अभी तक उनका उपचार जारी है। आरोप है की मोरंग गिट्टी विक्रेता वी पी ट्रेडर्स के मालिक सचिन पटेल बनीऽमोहन रोड पर अवैध रूप से अतिक्रमण करके अपनी मौरंग और गिट्टी के साथ कृषि यंत्र भी रोड की एक पट्टी पर खड़े रखते हैं। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसा होने के बाद आनन–फानन में खड़े हुए हैरो हल को हटाकर मौरंग को रोड से बाहर करने लगे।

### कमांडिंग ऑफिसर ने किया अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज का औपचारिक निरीक्षण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को कर्नल डॉ. दिनेश कुमार पाठक (कमांडिंग ऑफिसर 19 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी लखनऊ) ने अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज का औपचारिक निरीक्षण किया। यह भ्रमण महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के कार्यकलापों एवं प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आधिकारिक अभिलेखों, प्रशिक्षण रजिस्टर, उपस्थिति अभिलेख तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन किया।

### पार्टी का लक्ष्य प्रत्येक सभी को समानता का अधिकार दिलाना है

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पार्टी का लक्ष्य सभी का समानता का अधिकार दिलाना है। यह बात समदर्शी पार्टी के के प्रदेश संयोजक गिरीश चंद्र पटेल की ओर से कही गई। उन्होंने यूजीसी एक्ट 2026 पर हो रहे समर्थन एवं विरोध पर कहा कि समदर्शी पार्टी का लक्ष्य ही प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार सुनिश्चित कराना है। उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति धर्म लिंग के भेदभाव से अलग सभी शिक्षार्थियों को समान अवसर मिलना चाहिए। इससे सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ एससीएसटी और ओबीसी के छात्रों का हक भी सुरक्षित रहे। उन्होंने कानून के क्रियान्वयन में केंद्र तथा प्रदेश की सरकारों की सजगता और संवेदनशीलता को आवश्यक बताया है ।श्री पटेल ने कानून का विरोध करने वाले सभी लोगों से धैर्य और संयम से काम लेने की अपील की साथ ही एससीएसटी बिल को विधिवत समझने का सुझाव दिया है।

### प्रतिबंधित मांझे की रोकथाम को लेकर हुई बैठक

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** धारदार एवं प्रतिबंधित मांझे के उपयोग से लखनऊ में हो रही दुर्घटनाओं एवं जनहानि की संभावनाओं की रोकथाम करने के उद्देश्य से गुरुवार को एक बैठक डीसीपी पश्चिम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पुलिस उपायुक्त(पश्चिम) ने मौजूद लोगों को शपथ दिलाई कि आज से किसी भी प्रकार के धारदार अथवा प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग नहीं करेंगे। वहीं इस मौके पर कुछ पतंग प्रेमियों ने उनके पास मौजूद मांझे को स्वेच्छा से पुलिस प्रशासन के समक्ष जमा कराया। बैठक में सीओ चौक, सीओ बाजारखाला, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, चौक क्षेत्र के पार्षद एवं लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री अनुराग मिश्रा, पतंग एसोसिएशन के पदाधिकारीगण समेत विभिन्न सामाजिक एवं क्लब संगठनों के प्रतिनिधि तथा क्षेत्रीय पतंग प्रेमी नागरिकगण मौजूद रहे।

### लखनऊ में नया विधानभवन बनाने की दिशा में सरकार की पहल तेज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी में नए विधानभवन के निर्माण की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य बजट में इस परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे निर्माण प्रक्रिया को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया जा सके। जानकारी के अनुसार, नया विधानभवन सहारा समूह से वापस ली गई जमीन पर बनाया जाएगा। सहारा शहर क्षेत्र में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) पहले ही 75 एकड़ जमीन अपने कब्जे में ले चुका है, जबकि नगर निगम ने भी करीब 170 एकड़ भूमि पर अधिकार स्थापित किया है।एलडीए ने परियोजना के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नियुक्त कंसल्टेंट विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करेगा और भवन का आधुनिक डिजाइन विकसित करेगा।सूत्रों के मुताबिक, चयनित स्थल को आवागमन की दृष्टि से उपयुक्त माना गया है। यह क्षेत्र शहर के प्रमुख मार्गों से जुड़ा हुआ है, जिससे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की आवाजाही सुगम रहेगी।जमीन की पैमाइश संबंधी रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।सरकार का मानना है कि नए विधानभवन के निर्माण से भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन उपलब्ध होगा, जो बढ़ती प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकेगा।

### करियर काउंसलिंग व बैंकिंग धोखाधड़ी पर जागरूकता कार्यक्रम

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली में कक्षा 12 के छात्र–छात्राओं के लिए फ़ेयरवेल पार्टी के साथ कैरियर गाइडेंस एवं बैंकिंग धोखाधड़ी रोकने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा एवं सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी राकेश कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। यूनियन बैंक के असिस्टेंट जनरल मैनेजर ने बच्चों को साइबर व बैंकिंग फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए, वहीं शाखा प्रबंधक ओपी चौधरी ने भी जागरूक किया। पूर्व नौ सैनिक अधिकारियों ने कक्षा 12 के बाद उपलब्ध नौसेना व अन्य करियर अवसरों की जानकारी दी। साथ ही प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत 16 मार्च से प्रस्तावित व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमित कुमार एवं प्रेम कुमार ने किया। अंत में मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### थाने के सामने हाइवे पर ट्रक की चपेट में आए वृद्ध की कुचलकर मौत

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीतापुर–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार दोपहर हुए सड़क हादसे में 82 वर्षीय साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। घटना सैरपुर थाने के ठीक सामने हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीकेटी थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी रामचन्द्र मौर्य (82) गुरुवार करीब दो बजे साइकिल से बीकेटी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सैरपुर थाने के सामने पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर पड़े और ट्रक का पिछला पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची सैरपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।एसओ मनोज कोरी ने बताया कि अज्ञात ट्रक की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद परिजनों में शोक व्याप्त है।

# शिक्षकों एवं मुख्य अतिथियों का किया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के छतौनी स्थित श्री शिवनंदन इंटर कॉलेज में 10 फरवरी को संस्थापक दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एस.सी. मिश्रा ज्ञानी रहे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आकर्षक रूप देने की जिम्मेदारी मुख्य आयोजक मुस्कान शर्मा ने निभाई। उनके साथ सहयोगी के रूप में राधा वर्मा एवं शालिनी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक अनपढ़ बहू (कॉमेडी), छम छम करती नन्ही परी, बेटी हिंदुस्तानी, जहां पांव में पायल सहित कई रंगारंग प्रस्तुतियां शामिल रहीं, जिन्हें देखकर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

विद्यालय प्रांगण में आने वाले समस्त मुख्य अतिथियों के स्वागत की व्यवस्था राम राजन द्विवेदी, संतोष कुमार शुक्ला तथा छात्राओं लक्ष्मी मिश्रा, आयुषी, शालिनी एवं चांदनी ने संभाली। मंच का संचालन प्रमुख रूप से पीएम माधव के साथ नागेंद्र यादव ने किया। विद्यालय में अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने में बृजेश कुमार चौहान, वर्षा श्रीवास्तव, बृजेश कुमार, राजेंद्र कुमार एवं प्रशांत शुक्ला का विशेष योगदान रहा। वहीं विद्यालय की सजावट व व्यवस्थाओं में सुनील कुमार, शिवपूजन, मनोज कुमार, अंकुर, सीमा शुक्ला, सुमन, माया एवं रेनू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य अतिथियों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं के जलपान की व्यवस्था में निर्दोष अवस्थी, सरसिज सिंह, आर.के. मिश्रा के साथ स्वाति सिंह, संगीता शर्मा, मुस्कान चौरसिया, गुड़िया, यश मिश्रा एवं आयुष मिश्रा ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात प्रबंधक प्रशांत दत्त तिवारी के निर्देशन में प्रधानाचार्य एस.सी. मिश्रा द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समारोह ने विद्यालय परिवार में उत्साह, एकता और गौरव की भावना को और मजबूत किया।

# 18 से शुरू होगी यूपी बोर्ड की परीक्षा, परीक्षा में शामिल होंगे 103088 विद्यार्थी



### यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के दृष्टिगत डीएम लखनऊ ने किया कार्यशाला का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में जिलाधिकारी विशाख की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षा सम्बन्धी बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज(यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च तक संचालित होगी। बताया कि जनपद लखनऊ में कुल 121 परीक्षा केन्द्रों( 120 एवं 01 आदर्श कारागार) में कुल 103088 छात्र छात्रायें सम्मिलित हो रहे हैं। हाईस्कूल में कुल 51097 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं, जिनमें से 25675 छात्र एवं 26232 छात्रायें हैं। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट में कुल 51181 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं, जिनमें से 25340 छात्र एवं 25841 छात्रायें हैं। इस प्रकार जनपद में कुल संख्या 103088 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगें। बताया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा के दिन अपने अपने सेक्टर में भ्रमणशील रहते हुए केंद्रों का औचक निरीक्षण करते रहेंगे। जिलाधिकारी द्वारा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए की सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए साफ शौचालय, पेयजल की व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही सभी परीक्षा कक्ष में पर्याप्त प्रकाश का व्यवस्था को भी सुनिश्चित कराया जाए। समस्त परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरों की ऑनलाइन मानीटरिंग के लिए जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम/मानीटरिंग सेल राजकीय जुबिली इण्टर कालेज लखनऊ में बनाया गया है जिसके माध्यम से निगरानी की जा रही है। परीक्षा केन्द्रों के सतत अनुश्रवण हेतु जनपद में 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित 121 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा 06 सचल दल गठित किया गया है जो परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेंगें। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक के अतिरिक्त एक-एक बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किये गये हैं। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी महेंद्र पाल सिंह, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती, नगर मजिस्ट्रेट, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति ज्योति गौतम, ज़िला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस सहायता केंद्र से चंद कदम दूर युवक पर हमला और भाजपा नेता से टप्पेबाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ।बख्शी का तालाब कस्बे में बुधवार को अपराधियों ने बेखौफ होकर दो वारदातों को अंजाम दिया। चिंताजनक पहलू यह है कि दोनों घटनाएं पुलिस सहायता केंद्र से महज करीब 500 मीटर की दूरी पर हुईं, जिससे पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठने लगे हैं।पहली घटना शाम करीब साढ़े पांच बजे की है। भाजपा नेता सदाशिव मिश्रा अपनी कार से निजी कार्य से जा रहे थे। बड़ी बाजार के पास हाईवे किनारे मामा पैराडाइज के सामने जाम लगा था। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ड्राइवर साइड के शीशे पर जोर-जोर से मारने लगा। उन्होंने शीशा नीचे कर कारण पूछा तो दूसरी ओर खड़े युवक ने ध्यान भटकाया और सीट पर रखे दो महंगे मोबाइल फोन उठाकर फरार हो गया। कुछ ही पलों में दोनों आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकले।



दूसरी घटना रात करीब साढ़े दस बजे वी मार्ट शॉपिंग मॉल के सामने हुई। लखनऊ से ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे प्राइवेट कर्मचारी प्रवीण निवासी अकड़रिया, थाना इटौंजा को अज्ञात चार पहिया वाहन व बाइक सवार कई लोगों ने रोक लिया। आरोप है कि बिना किसी कारण लोहे की रॉड व हॉकी से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। हमले में युवक के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने देर रात थाने में लिखित तहरीर दी है।

गौरतलब है कि कस्बे में दो पुलिस सहायता केंद्र संचालित हैं–एक बाजार के बीच और दूसरा अस्ती क्रॉसिंग पर। दोनों वारदातें इन्हीं केंद्रों के नजदीक होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि नियमित गश्त और निगरानी प्रभावी होती तो अपराधी इतनी आसानी से घटनाओं को अंजाम नहीं दे पाते।फिलहाल पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है, लेकिन एक ही दिन में सहायता केंद्र के दायरे में हुई घटनाओं ने कानून-व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी है।

# दहेज हत्या मामले में पति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी पति को गुरुवार को जेल भेज दिया।पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता मनोज कुमार पुत्र राम गोपाल निवासी गंगाखेड़ा, थाना कृष्णानगर लखनऊ ने बीते मंगलवार को मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी थी कि उनकी बहन ललिता की शादी बीते 12 मई 2019 को राम मिलन पुत्र राम प्रताप निवासी भदीहन खेड़ा, सिसेंडी, मोहनलालगंज के साथ हुई थी। विवाह के समय पर्याप्त दहेज देने के बावजूद शादी के बाद पति व ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज में स्कॉर्पियो वाहन व दो लाख रुपये की मांग की जाती रही और ललिता को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। बीते मंगलवार को सूचना मिली कि ललिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। मौके पर पहुंचने पर उसका शव घर के कमरे में साड़ी के फंदे से छत के कुंडे से लटका मिला था।इस संबंध में मोहनलालगंज पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।विवेचना के दौरान साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि मृतका को दहेज की मांग को लेकर उसके पति राम मिलन द्वारा प्रताड़ित किया जाता था, जिससे क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या की। इसके बाद पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने गुरुवार को सुबह आरोपी राम मिलन पुत्र राम प्रताप को मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के रहीमनगर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। एसीपी विकास पांडेय का कहना है कि मामले की विवेचना निष्पक्ष एवं गंभीरता से की जा रही है और अन्य दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सरोजनीनगर में गूंजा राष्ट्रगौरवः वीर सैनिकों को समर्पित भव्य पहल

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने आयोजित की 'बॉर्डर–2' विशेष स्क्रीनिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की प्रेरणादायी पहल पर वीर सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और समर्पण को समर्पित फिल्म 'बॉर्डर-2' का विशेष प्रदर्शन गुरुवार को फिनिक्स यूनाइटेड मॉल, कानपुर रोड, लखनऊ में भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह आयोजन भारतीय सेना के वीर जवानों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने का एक भावपूर्ण एवं प्रेरक माध्यम बना।

कार्यक्रम में 500 से अधिक सैन्य परिवारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। फिल्म प्रदर्शन से पूर्व सभी सैन्य परिवारों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। सैनिकों और उनके परिजनों के साथ सामूहिक रूप से फिल्म का विशेष प्रदर्शन किया गया। आयोजन के दौरान नाश्ता एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था भी विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से की गई।

### सुप्रसिद्ध गीतकार मनोज मुंतशिर ने सहभागिता कर बाँधा समां

### हम सभी अपने आचरण, कर्तव्यों और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति सजग रहकर सैनिकों के बलिदान को करें सार्थक : डॉ. राजेश्वर सिंह

पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिन्द के गगनभेदी नारों से सिनेमा हॉल देशप्रेम की ऊर्ज़ा से गुंजायमान हो उठा। यह भव्य आयोजन सरोजनीनगर में राष्ट्रगौरव, एकता और सैनिक सम्मान की भावना को सशक्त करने वाला प्रेरणादायी क्षण सिद्ध हुआ। अपने संबोधन में डॉ. राजेश्वर सिंह ने सभी सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों का स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया तथा सुप्रसिद्ध गीतकार एवं लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की अखंडता, चेतना और गौरव को जागृत करने में सिनेमा की महत्वपूर्ण भूमिका है, और मनोज मुंतशिर जैसे रचनाकार इस भावना के सशक्त संवाहक हैं। डॉ. सिंह ने सैनिकों के अद्वितीय साहस और त्याग को नमन करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता और सुरक्षित वर्तमान हमारे वीर जवानों के बलिदान का परिणाम है।



उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हम सभी एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण हेतु संकल्पबद्ध हों, ताकि सीमा पर तैनात हमारे सैनिकों को देश की प्रगति पर गर्व का अनुभव हो। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि सैनिक विषम परिस्थितियों–कठोर सर्दी, तपती गर्मी और मूसलाधार वर्षा–में देश की रक्षा करते हैं, जबकि उनके परिवारजन धैर्य और गर्व के साथ उनकी प्रतीक्षा करते हैं। यह त्याग संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणा है और हम सभी उनके ऋणी हैं। सुप्रसिद्ध गीतकार, लेखक एवं कवि मनोज मुंतशिर शुक्ला ने डॉ. राजेश्वर सिंह की इस पहल की सराहना करते हुए इसे राष्ट्रप्रेम को उद्वेलित करने वाला प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि जब भी देशभक्ति और सैनिक सम्मान से जुड़ा कोई अवसर आता है, डॉ. राजेश्वर सिंह सदैव अग्रणी भूमिका में दिखाई देते हैं।

उन्होंने उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक एवं वीर परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि 1857 की क्रांति की इस पावन भूमि पर 'बॉर्डरऽ2' को मिल रहा स्नेह और सम्मान देशभक्ति की गहरी जड़ों का प्रमाण है। अपने छात्र जीवन की स्मृतियाँ साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म 'बॉर्डर' को उन्होंने अत्यंत भावुकता के साथ देखा था, और आज उसी गौरवशाली श्रृंखला से जुड़ना उनके लिए गर्व का विषय है। मनोज मुंतशिर ने वीर सैनिकों के बलिदान को नमन करते हुए कहा, ''तिरंगे की ऊँचाई और आज़ादी की गरिमा, हमारे सैनिकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से ही संभव है – कुछ वीर कभी लौटते ही नहीं, पर उनका गौरव सदैव अमर रहता है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से वीर सैनिकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना बनाए रखने का आह्वान किया तथा सभी से एक स्वर में भारत माता की जय और वंदे मातरम् का उद्घोष करने का आग्रह किया।

# डीएम ने खोली हुसैनगंज 'प्लाई वुड फैक्ट्री' की फाइल, भू-माफियाओं के सपनों पर फिरा पानी

- सीतापुर में 5.697 हेक्टेयर जमीन होगी सरकारी घोषित
- डीएम राजा गणपति आर का बड़ा प्रहार, दशकों पुराने अवैध पट्टों और रसूखदारों के गठजोड़ को तोड़ा
- कैनविज टाइम्स ने कुछ समय पहले प्लाई वुड फैक्ट्री को लेकर प्रकाशित की थी खबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जिले के हुसैनगंज में स्थित कभी एशिया की मशहूर प्लाईवुड फैक्ट्री हुआ करती थी। दसको से बंद फैक्ट्री में करोड़ो का सामान चोरी हो गया व इस बेसकीमती जमीन पर भूमाफियों ने अपनी नजरे गाड़ दी। कुछ माह पूर्व कैनविज टाइम्स ने इसको लेकर खबर भी प्रकाशित की।इनसब को देखते हुए सीतापुर डीएम ने नोटिस जारी किया है।

हुसैनगंज स्थित बंद पड़ी पुरानी प्लाईवुड फैक्ट्री की जमीन को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया है। भू-माफियाओं की नजर के कारण जिलाधिकारी ने नोटिस जारी कर 30 दिनों में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। सीतापुर के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी अधिकारी ने इस संपत्ति जैसी उलझी हुई फाइल को खोलने की हिम्मत दिखाई है। जिलाधिकारी ने अपनी जांच में पाया कि इस जमीन का कोई भी वास्तविक या वैध वारिस मौजूद नहीं है। नगरपालिका के अभिलेखों में भी यह हेनरी थामसन के नाम ही दर्ज चली आ रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट आदेश दिया है कि इस जमीन को अब राज्य सरकार की संपत्ति घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### बेसकीमती जमीन पर थी भूमाफियों की गिद्ध नजर

यह विवाद करीब 5.697 हेक्टेयर (लगभग 14 एकड़) जमीन का है, जो राष्ट्रीय राज मार्ग के पास हुसैनगंज में स्थित है। ऐतिहासिक दस्तावेजों के मुताबिक, इस प्लाईवुड फैक्ट्री के मालिक हेनरी थामसन और उनके साथी अंग्रेज थे, जो आजादी के बाद बिना किसी उत्तराधिकारी या भारतीय नागरिकता के देश छोड़कर चले गए। दशकों तक यह जमीन लावारिस रही, जिसके कुछ हिस्सों पर खंडहरनुमा इमारतें खड़ी हैं और बाकी हिस्सा खाली पड़ा है। इसी लावारिसपन का फायदा उठाकर शहर के एक बड़े भू-माफिया ने फर्जी पट्टेदारों को आगे कर इस जमीन की सौदेबाजी शुरू कर दी थी। सूत्रों की मानें तो इस बेशकीमती जमीन को बेचने के लिए करोड़ों का लेन-देन भी एडवांस के तौर पर हो चुका था।जिला अधिकारी ने आदेश देते हुए कहा है 30 दिनों के भीतर अपना पक्ष रख सकता है। इसके बाद जमीन को पूरी तरह से भार मुक्त कर सरकारी संपत्ति घोषित कर दिया जाएगा। डीएम के इस कड़े रुख से लोगों में खलबली मच गई है।अब देखते है प्रशासन अपना अगला कदम क्या उठाता है।

# बिसवां में गूंजेगा काव्य का स्वर, विराट काव्य समागम का भव्य आयोजन 16 फरवरी को

- बाबा छोटेलाल स्मृति महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होगा समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर (अवधप्रांत) एवं बाबा छोटेलाल लक्ष्मीदेवी सेवा समिति रामा भारी के संयुक्त तत्वावधान में ''विराट काव्य - समागम'' का आयोजन दिनांक 16 फरवरी 2026 दिन सोमवार समय रात्रि 8 बजे स्थान बाबा छोटेलाल बाल विद्यालय परिसर रामा भारी निकट बिसवां जनपद सीतापुर में किया गया है।

बाबा छोटेलाल स्मृति महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि - गिरीश चंद्र मिश्र (समकक्ष राज्यमंत्री) उपाध्यक्ष उ.प्र. राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ होंगे तथा विशिष्ट अतिथि - रमेश बाजपेई चेयरमेन सीता ग्रुप आफ एजुकेशन होंगे। इस विराट काव्य समागम में शिवकुमार व्यास, क्षेत्र अध्यक्ष, पूर्वी उत्तर प्रदेश,राष्ट्रीय कवि संगम क्षका सानिध्य प्राप्त होगा एवं कार्यक्रम में अजय प्रधान अवधप्रांत अध्यक्ष की विशेष उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर डा. अमिय अग्रवाल अधीक्षक ट्रामा सेंटर केजीएमयू का नागरिक अभिनंदन होगा तथा इस रामा भारी मंच से जुड़े रहे 28 दिवंगत साहित्यकारों की स्मृति में कवियों को सम्मानित किया जायेगा।इस विराट काव्य समागम में बरेली, पीलीभीत, गोला, लखीमपुर, शाहजहांपुर, पूरनपुर, पुवायां, संतकबीरनगर, गोंडा, लखनऊ बाराबंकी ,सीतापुर आदि स्थानों सहित अन्य स्थानीय कवि एवं कवयित्रियों की उपस्थिति रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय कवि संगम एवं संयोजक कवि आनंद खत्री जिलाध्यक्ष सीतापुर राष्ट्रीय कवि संगम ने समस्त ग्राम वासियों, बिसवां नगर निवासियों व क्षेत्रीय नागरिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर इस समारोह को सफल बनाने का आह्वान किया ।

# ध्यान, प्रेम और करुणा की त्रिवेणी में प्रवाहित हुआ रामचन्द्र मिशन आश्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। श्रीरामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के मार्गदर्शक गुरुदेव कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में रामचन्द्र मिशन आश्रम में आज बीस दिवसीय बसंत उत्सव-2026 का शुभारंभ पूर्ण दिव्यता, भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास के अनुपम वातावरण में हुआ। शुरूआत प्रातःकालीन साधना से हुई। जिसमें देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने सामूहिक ध्यान-साधना कर मानव कल्याण और विश्व शांति के लिए मंगल कामना कीं। इस दौरान गुरुदेव कमलेश डी. पटेल 'दाजी' ने कहा कि बसंत केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि चेतना के नवीकरण का प्रतीक है। साधकों के लिए बसंत पंचमी केवल प्राकृतिक उल्लास का पर्व नहीं, बल्कि एक दिव्य स्मृति और चेतना का उत्सव है। कहा कि इसी पावन तिथि को फतेहगढ़ में एक ऐसी महान आत्मा का अवतरण हुआ, जिसने मानवता की आध्यात्मिक यात्रा को नवीन दिशा दी। वही महापुरुष आगे चलकर 'लालाजी महाराज' के नाम से विख्यात हुए। संसार उस समय उनके महत्त्व से अनभिज्ञ था, क्योंकि महान आत्माएं प्रायः बिना किसी उद्घोष के सामान्य मानव रूप में प्रकट होती हैं। दाजी ने मिशन के अभ्यासियों से आह्वान किया कि वे इस बसंत उत्सव को केवल एक पर्व के रूप में न देखें, बल्कि इसे आत्म-परिष्कार, अंतर्मुखी साधना और चेतना के उत्कर्ष का अवसर बनाएं। जैसे बसंत ऋतु में प्रकृति अपने पुराने आवरण को त्यागकर नव सृजन की ओर अग्रसर होती है, वैसे ही अभ्यासी को भी अपने भीतर की जड़ताओं को त्यागकर प्रेम, करुणा और शांति के पुष्प खिलाने चाहिए। बसंत उत्सव में संपूर्ण आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण दिखाई दिया। यह उत्सव आने वाले बीस दिनों तक साधना, सेवा और सत्संग के माध्यम से मानव चेतना को उन्नत करने का अनुपम अवसर प्रदान करेगा। सायंकाल में भी ध्यान सत्र में गुरूदेव दाजी ने ध्यान कराया।

## होली व रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

तिलहर/शाहजहांपुर। आगामी होली एवं रमजान पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने कच्चा कटरा स्थित सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के आवास पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, यदि कोई भी व्यक्ति माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने भी उपस्थित लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि तिलहर की गंगा-जमुनी तहजीब पूरे प्रदेश में मिसाल रही है।

# न्यूड फोटो व वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी, मांगी रंगदारी, पुलिस ने भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस टीम ने न्यूड फोटो और वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर महिला से दो लाख की रंगदारी मांगने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बीती 09 फरवरी को थाना सदर बाजार क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सदर थाना क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई निवासी गाजी खान के साथ वो करीब डेढ़ साल से रिलेशनशिप में थी। बताया कि करीब एक महीने पहले अंटा चैराहे स्थित ब्लैकहार्ट कैफ़े में उसने गाजी खान के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। इसी दौरान गाजी खान ने अपने मोबाईल से उसकी न्यूड फोटो और वीडियो बनाई और उसके साथ मारपीट की थी। बताया कि अब उसका गाजी खान से ब्रेकअप हो गया है, लेकिन अब गाजी खान उसकी न्यूड फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है और उसे दो लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा है तथा रुपये ना देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। कहा गया कि इस कृत्य में गाजी खान के साथ सुभाषनगर का शोएब खान और थाना रोजा क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर की रहने वाली मानसी अवस्थी भी शामिल है। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी गाजी खान के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश शुरू की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त मोहम्मद गाजी खान को राजधाट तिराहे से आगे मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया अभियुक्त गाजी खान थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला हाथीथान का रहने वाला है और इस अभियुक्त पर थाना सदर बाजार में हत्या का प्रयास, आयुध अधिनियम, मारपीट आदि के कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त गाजी खान को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा के साथ मुख्य आरक्षी मोहम्मद राशिद खां और आरक्षी महेन्द्र प्रताप मौजूद रहे।

# ऐप्जा चीफ कॉर्डिनेटर अनुराग सारथी ने की आपत्तिजनक टिप्पणी पर सख्त कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला खीरी। देश की संवैधानिक संस्थाओं और शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गोला में माहौल गर्म हो गया है। ऐप्जा (AIPJA) के चीफ कॉर्डिनेटर अनुराग सारथी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि मा0 सुप्रीम कोर्ट, प्रधानमंत्री और संगठन के सम्मान से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अनुराग सारथी ने जारी बयान में कहा कि कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया, सार्वजनिक मंचों पर की गई अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां न केवल अस्वीकार्य हैं, बल्कि देश की गरिमा और संवैधानिक मर्यादाओं के खिलाफ भी हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ तत्काल और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ऐप्जा गोला में विशाल आंदोलन करने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं में इस मुद्दे को लेकर भारी रोष व्याप्त है और वे सम्मान की रक्षा के लिए सड़क पर उतरने से पीछे नहीं हटेंगे। सारथी ने कहा, ल्लदेश की सर्वोच्च न्यायपालिका और प्रधानमंत्री पद का सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। किसी भी स्तर पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। प्रशासन को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर कानून व्यवस्था बनाए रखनी चाहिए।ङ्कउन्होंने यह भी कहा कि संगठन शांति और संवैधानिक दायरे में रहकर अपनी बात रखेगा, लेकिन यदि कार्रवाई में देरी हुई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस मामले को लेकर गोला क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। अब सभी की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

# रेलवे कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर किया श्रम संहिताओं का विरोध




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । केंद्र सरकार द्वारा चार नए लेबर कोड (श्रम संहिताओं) को लागू करने के विरोध में देशभर के यूनियन संगठनों द्वारा 12 फरवरी को आहूत देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल के क्रम में एआईआरएम/एनआरएमयू के महामंत्री कामरेड शिवगोपाल मिश्रा के आह्वान पर मुख्य टिकट निरीक्षक और नरमू के सहायक मण्डल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी के नेतृत्व में चेकिंग स्टाफ द्वारा काला फीता बांधकर विरोध दर्ज कराया गया। सहायक मण्डल मंत्री नरेंद्र त्यागी ने कहा कि सरकार द्वारा लागू चार लेबर कोड मंजूर नहीं है, यह अंधे कानून तुरंत वापस लिए जाएं। इनके लागू होने पर कर्मचारियों की छंटनी आसान होगी, हड़ताल पर प्रतिबन्ध लगेगा और मजदूरों का शोषण और उनके अधिकारों का हनन होगा। असंगठित यूनियन कमजोर और असहाय होगी और इंडस्ट्रीज में मजदूर विरोधी नीतियों का बोलबाला रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आठवां पे कमीशन जल्दी लागू करे, ठेकेदारी प्रथा को बंद करे, वेतन प्रणाली में संशोधन करके आयोग द्वारा संगठन की मांग अनुसार वेतन लागू किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से अरशद खान, संजय यादव, एसके श्रीवास्तव, संजीव सोनी, संजीव गौड़, नितिन कुमार, पवन शर्मा, अशोक शाह, जितेंद्र कुमार, राजू यादव आदि मौजूद रहे।

## एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का भव्य विदाई समारोह संपन्न

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह की रूपरेखा कक्षा 11 के छात्रों द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से तैयार की गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय प्रबंधन एवं कक्षा 12 के छात्र छात्राओं के तिलक एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसी क्रम में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का स्वागत गीत के माध्यम से हुआ। साथ ही कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया गया। कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं निकनेम प्रदान कर सम्मानित किया गया।विदाई समारोह में कक्षा 12 के विद्यार्थियों अनमोल वर्मा, विभूति वर्मा, कौस्तुभ द्विवेदी, अक्षत श्रीवास्तव, वंशिका राठी, माही वर्मा, रुद्राक्ष मिश्रा, अनुष्का पटेल ने अत्यंत भावुक होते हुए अपनी एल्पिस की शैक्षिक यात्रा को साझा किया तथा सभी गुरुजनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को भावपूर्ण शब्दों में अपनी स्मृतियों को साझा किया और आगामी परीक्षाओं एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर श्री उमंग राजवंशी ने छात्रों को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधक श्री मुदित सिंघल ने अपने संबोधन में सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र बताते हुए सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने सभी विद्यार्थियों को अशेष शुभकामनाएँ देते हुए इस भव्य आयोजन हेतु समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।अनेकों भावुक क्षणों से सजा यह समारोह भावनाओं, उत्साह और शुभकामनाओं के साथ संपन्न हुआ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला संचालन समिति की बैठक, 32 प्रकरणों पर चर्चा




**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत, पॉक्सो अधिनियम की धारा 4,6 तथा आईपीसी की धारा 376घ में रेप विक्टिम व दहेज हत्या के मामलों में मृतका के नाबालिग बच्चों को आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान कराए जाने हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में बुधवार को गठित जिला संचालन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (प्रतिनिधि), पुलिस अधीक्षक महोदय (प्रतिनिधि), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (प्रतिनिधि), अग्रणी बैंक प्रतिनिधि, प्रतिनिधि, समाज कल्याण अधिकारी प्रतिनिधि, नोडल मेडिकल ऑफिसर, जिला प्रोबेशन अधिकारी सीतापुर उपस्थित रहे, जिसमें जिला संचालन समिति के स्तर पर प्राप्त 32 प्रकरणों के निस्तारण पर चर्चा की गई। पुलिस व मेडिकल स्तर पर लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को जिला संचालन समिति के स्तर पर अग्रसारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित प्रकरणों में कार्यवाही कर निस्तारित हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया।

# विभिन्न मांगों को लेकर मेडिकल एसोसिएशन ने निकाली बाइक रैली, दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। अखिल भारतीय संगठन के आह्वान पर उत्तर प्रदेश मेडिकल एण्ड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शहीद उद्यान से बाइक रैली निकाली और खिरनीबाग मैदान पहुंची। यहां से सभी लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और नई चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज सेवा की शर्तें यथावत लागू रखने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को निश्चित अवधि रोजगार पर नियुक्ति की अनुमति न दी जाए। नियोक्ताओं द्वारा किसी प्रकार की छंटनी और स्थानांतरण पर रोक सुनिश्चित की जाए। समय पर पूर्ण वेतन का भुगतान किया जाए। बिक्री प्रोत्साहन कर्मचारियों सेवा की शर्तें अधिनियम 1976 एवं संबंधित नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। एफएमआरएआई के साथ चर्चा कर अधिनियम 1976 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्य नियम बनाए जाएं। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के माध्यम से निगरानी व ट्रैकिंग द्वारा गोपनीयता में हस्तक्षेप रोका जाए। दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी शून्य किया जाए। अस्पतालों में निर्बाध कार्य की अनुमति दी जाए। दवाओं की ऑनलाइन बिक्री बंद की जाए तथा दवा क्षेत्र में कॉर्पोरेट भ्रष्टाचार पर रोक लगे। श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। ईपीएस पेंशनभोगियों के लिए न्यूनतम पेंशन 9,000 या उससे अधिक की जाए। सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन 26,910 रूपए घोषित किया जाए। ट्रेड यूनियनों के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों पर किसी प्रकार का हमला बंद किया जाए। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, सचिव सीएल तिवारी, पूर्व अध्यक्ष मुरारी दीक्षित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर छोटी काशी कॉरिडोर में चाक-चौबंद सुरक्षा, आयुक्त-आईजी ने परखी तैयारियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। तैयारियों का जायजा लेने के लिए गुरुवार को लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत और आईजी लखनऊ रेंज किरण एस गोला पहुंचे।

उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ कॉरिडोर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व सुविधाओं की समीक्षा की।आयुक्त और आईजी ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ पार्किंग, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया। नक्शे के माध्यम से रूट प्लान देखा गया तथा पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का आकलन किया गया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम, खोया-पाया केंद्र और मेडिकल शिविर स्थल का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने तैयारियों पर संतोष जताया।निरीक्षण के दौरान विद्युत पोल पर लटकते तारों को तत्काल ठीक कराने और विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएसओ को मंदिर मार्गों पर गैस सिलेंडर खुले में न रखने तथा अवैध रिफिलिंग पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। ईओ को नालियों की सफाई, ओडर ट्रीटमेंट और रात्रि में पर्याप्त पथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही एंबुलेंस, दमकल, पेयजल और मोबाइल शौचालय की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के बाद आयुक्त और आईजी ने नीलकंठ मैदान में अधिकारियों, वॉलिंटियर्स और मंदिर प्रबंधन के साथ बैठक की। बैठक में डीएम, एसपी, एडीएम, एसडीएम, सीओ सहित ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। अधिकारियों को अपने-अपने सेक्टर में सतत निगरानी रखने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए।विद्युत विभाग को शिवरात्रि के दिन ट्रिपिंग की समस्या न होने देने और फॉल्ट की स्थिति में तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। ईओ ने सीसीटीवी कैमरे, पानी के टैंकर और मोबाइल शौचालय की जानकारी दी।आयुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने डीएम और एसपी के नेतृत्व में की गई तैयारियों की सराहना करते हुए चेयरमैन विजय शुक्ल 'रिंकू' और युवा वॉलिंटियर्स की सक्रिय भागीदारी को सराहनीय बताया। उन्होंने अंतरविभागीय समन्वय और सुदृढ़ प्लानिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।आईजी किरण एस ने कहा कि पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा और श्रद्धालुओं के प्रति मधुर व्यवहार दोनों जरूरी हैं। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक डायवर्जन और आवश्यकता पड़ने पर नो-व्हीकल जोन लागू किया जाएगा, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्वक दर्शन कर सकें ।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार




**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक खीरी ख्याति गर्ग के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दिनांक 11 फरवरी 2026 को सघन चेकिंग अभियान के दौरान चार अभियुक्तों को अवैध असलहों और कारतूस सहित गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही है, जिसके क्रम में यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे चार युवकों को रोका गया। तलाशी लेने पर शहबाज पुत्र इलियास निवासी मोहल्ला डीहपुर थाना व जिला खीरी तथा आदिल पुत्र यूनुस निवासी मोहल्ला बाजार कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी के कब्जे से एक देशी तमंचा 12 बोर और दो जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किए गए। वहीं मोईद उर्फ रिहान पुत्र वसी निवासी मोहल्ला सैय्यदवाडा कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी और जैफ पुत्र हनीफ निवासी मोहल्ला बुखारी टोला कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी के पास से एक देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के बाद पुलिस ने चारों को मौके पर ही हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

# डीएम ने की विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा

❒ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के सम्बंध में जिला अनुश्रवण पुस्तिका के कार्यों की समीक्षा की



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में 50 लाख रुपए से अधिक लागत के भवन, सड़क व निर्माण परियोजनाओं, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन, जिला पोषण मिशन व पशु पालन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अधूरे निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार करने तथा अपने विभागीय कार्यों की निरंतर समीक्षा व संवीक्षा करने तथा अपने विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने अधिकारियों को प्राप्त धनराशि का सदुपयोग करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि सड़कों पर निराश्रित गोवंश नजर नहीं आना चाहिए। सभी निराश्रित गोवंशों का संरक्षण शासन की मंशा के अनुरूप किया जाए।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के सम्बंध में जिला अनुश्रवण पुस्तिका के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य प्रदर्शन घटक (केपीआई) का विशेष ध्यान रखने तथा रैंकिंग में सुधार करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड के कार्यों की फीडिंग अधिकारी स्वयं देखें। जिला पोषण मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सीडीपीओ प्रत्येक सप्ताह खंड विकास अधिकारियों को यह सूचना दें कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के वजन नापने की मशीन व लंबाई मापने की मशीन उपलब्ध है अथवा नहीं तथा कितनी क्रियाशील व अक्रियाशील है, साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को बच्चों का वजन व लंबाई नापना आता हो यह सुनिश्चित करें तथा जहां आवश्यकता हो उनका प्रशिक्षण भी दिया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के लिए संबंधित खंड विकास व नगर निकायों के अधिकारी कार्य योजना बना कर दें। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों को आगामी एक माह में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना, पीएम कुसुम योजना, फैमिली आईडी, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति, शादी अनुदान योजना आदि कार्यों की समीक्षा भी की।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जनपद को जनवरी 2026 में विकास कार्यों में 36वीं, राजस्व कार्यो में 21वीं व राजस्व व विकास कार्यो की संयुक्त 28वीं रैंक प्राप्त हुई है इनमें से 65 कार्यक्रमों व परियोजनाओं में ए रैंकिंग, 05 में बी रैंकिंग, 03 में सी रैंकिंग, 04 में डी रैंकिंग प्राप्त हुई है तथा 08 ऐसे कार्यक्रम व परियोजनाएं हैं, जिसमें रैंकिंग नहीं होती है अथवा कार्यक्रम जनपद में लागू नहीं है। उन्होंने बताया कि कुल 85 कार्यक्रमों की समीक्षा की जाती है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मंडलायुक्त बरेली मंडल बरेली के निर्देश पर वह सहसवान-इस्लामनगर मार्ग व सहसवान-भवानीपुर मार्ग के नवीनीकरण के कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक विभाग की सहमति लेकर ही निर्माण एजेंसी निर्माण कार्य प्रारंभ करें, ताकि बाद में कोई परेशानी न उत्पन्न हो। उन्होंने बताया कि आगामी सप्ताह में वृहद रोजगार मेले का आयोजन जनपद में किया जाएगा इसके लिए तैयारी की जा रही हैं।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर समदर्शी सरोज ने ब्लॉक व नगर निकायों में निर्माणाधीन स्थाई गौशाला व कान्हा गौशाला के सम्बंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद के नगर निकायों में 270 व विकासखण्डों में 5129 गौवंश कुल 5399 गौवंश सहभागिता योजना में पशुपालकों को दिए गए हैं।

इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड, निर्माण खण्ड प्रथम व द्वितीय, सहायक निदेशक सूचना, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के अभियन्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विकसित भारत का आधार जन जन तक सरकारी अधिकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुरादाबाद । विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, कंठ रोड, मुरादाबाद में किया गया। यह कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सैय्यद मौज़ बिन आसिम के कुशल दिशा-निर्देशन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपस्या त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के विद्यार्थियों को पैरा लीगल वालंटियर श्रीमती नीतू सक्सेना द्वारा संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों जैसे समानता का अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार तथा पोक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु संचालित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन 15100 शामिल हैं।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि निराश्रित महिलाएं एवं वे पुरुष जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। लोक अदालत के माध्यम से विवादों के सरल, सुलभ एवं त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई।पैरा लीगल वालंटियर श्री सरवर जमाली द्वारा विधिक सेवा शिविर, मेडिएशन 2.0 तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य, प्रक्रिया एवं लाभों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में पंपलेट का वितरण भी किया गया, जिससे आमजन तक योजनाओं की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सके।इसके अतिरिक्त साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को अनावश्यक लिंक पर क्लिक न करने, अनजान व्यक्तियों की कॉल से सतर्क रहने, डिजिटल अरेस्ट जैसे धोखाधड़ी के तरीकों से बचने एवं एआई आधारित ठगी के प्रति सावधान रहने की सलाह दी गई।

# पैंठ बाजार मैदान में हिन्दू महासम्मेलन, सनातन मूल्यों व एकता पर दिया गया जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

> कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता, स्वामी दयानंद सरस्वती एवं भगवान श्रीराम के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया

गुन्नौर । हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, रसूलपुर मंडल, खंड गुन्नौर के तत्वावधान में गुरुवार को पैंठ बाजार मैदान में हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में आसपास के गांवों से महिला, पुरुष एवं बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजन समिति की ओर से सभी आगंतुकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता, स्वामी दयानंद सरस्वती एवं भगवान श्रीराम के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया।मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अनिल ने संघ की 100 वर्ष की सेवा यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज में संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।मुख्य अतिथि योग साधना आश्रम, मुजफ्फरनगर के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने हिंदू एकता का आह्वान करते हुए सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म विश्व को शांति, करुणा और मानवता का संदेश देता है। इसमें वसुधैव कुटुम्बकम, अहिंसा, दया, त्याग, अतिथि सत्कार और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना समाहित है।विशिष्ट अतिथि राष्ट्र सेविका समिति अलीगढ़ की महानगर बौद्धिक प्रमुख डॉ. प्रतिभा सारस्वत ने समाज परिवर्तन के पंच प्रण पर चर्चा करते हुए महिलाओं से परिवार और समाज को सशक्त बनाने का आह्वान किया।इस दौरान गायक कौशल यूपी वाला ने हिन्दू जागरण से जुड़े गीत और रागनियां प्रस्तुत कर लोगों को भावविभोर कर दिया। जय श्रीराम, जय श्रीकृष्ण और भारत माता की जय के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। आयोजन समिति ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन आरएसएस के जिला कार्यवाह डॉ. राजकुमार वैदिक ने किया। उन्होंने हिन्दू सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर उनके सामाजिक और राष्ट्रीय योगदान को याद किया।कार्यक्रम की शुरुआत में ऊषा शर्मा के नेतृत्व में साईं कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने ‟भारत वंदन" और ‟सनातन धर्म की जय" शीर्षक से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।समापन पर अध्यक्ष भुवनेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर आयोजन समिति के धर्मेन्द्र प्रजापति, राजू कुशवाह, मनवीर कुशवाह, राहुल बाल्मीकि, इन्दीवर सिंह, विद्याराम, सचिन प्रजापति, प्रदीप कुमार उर्फ टीटू यादव, महिपाल सिंह, केशव पंडित, पूनम शर्मा, मंजू, रवि कुमार, ब्रजेश कुशवाह, हर्षित वार्ष्णेय, मोनू कुमार, प्रमोद दिवाकर, तिलक सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन खुशबू प्रजापति, बबराला चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय सहित संघ, भाजपा एवं सहयोगी संगठनों के पदाधिकारी और क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एआरटीओ की सख्त कार्रवाई,7 भारी वाहन सीज,103 दोपहिया का हुआ चालान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई।

परिवहन विभाग की टीम ने 7 ओवरलोड भारी वाहनों को पकड़कर परिवहन कार्यालय में सीज किया। संबंधित वाहन स्वामियों से कुल 2.5 लाख रुपये प्रसमन शुल्क सरकारी खाते में जमा कराया गया। इसके अलावा यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 103 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया। इन पर गलत दिशा में वाहन चलाने, बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने के आरोप में कार्रवाई की गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/ प्रवर्तन) हरिओम ने आमजन से अपील की कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करें और यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए सभी वाहन चालक सतर्कता और सुरक्षा के साथ वाहन चलाएं।

## रजत विद्या मंदिर में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

बदायूँ। उझानी क्षेत्र के ग्राम बसोमा स्थित रजत विद्या मंदिर विद्यालय में बुधवार को जूनियर वर्ग की ऊंची कूद एवं लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यातायात प्रभारी आर.एल. राजपूत तथा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद उझानी के सैनिक संगठन मंत्री हवलदार वीरपाल, सूबेदार ओमप्रकाश, नायब सूबेदार डोरीलाल, नायब सूबेदार हेमेंद्र कुमार पाल, नायक ओमकार सिंह एवं हवलदार गंगासिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों में हिमांशु, केशव, अरशद, जोया, मुनीश, लवली, सरिता, दामिनी, निधि, अलका, हिमांशी, पुनीत, आजम एवं फैसल सहित अन्य बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शिवकुमार गुप्ता, निदेशक इंजीनियर रजत गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महंगाई की मार: सहालग में सोने, चांदी के ज़ेवर और पारंपरिक बर्तनों की बिक्री घटी

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इस बार सहालग सीजन में महंगाई का असर साफ दिखाई दे रहा है। सोने-चांदी के बढ़ते दामों और रोजमर्रा की वस्तुओं की महंगाई के कारण शादी-विवाह में खरीदे जाने वाले जेवरात और पारंपरिक बर्तनों की बिक्री में कमी दर्ज की गई है। सर्राफा व्यापारियों का कहना है कि ग्राहक भारी खरीदारी से बच रहे हैं और हल्के वजन या कम बजट के विकल्प चुन रहे हैं। वहीं बर्तन बाजार में भी स्टील, तांबा और पीतल के पारम परिक सेट की मांग अपेक्षाकृत कम रही। व्यापारियों के अनुसार पिछले वर्षों की तुलना में इस बार कारोबार कमजोर रहा है, जिससे बाजार में मायूसी का माहौल है। बढ़ती महंगाई ने सहालग के उत्साह पर डाला।

## भारत-अमेरिका ट्रेड समझौते के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बदायूं में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल को सौंपा।किसानों का आरोप है कि भारतऽअमेरिका ट्रेड समझौते के तहत कृषि उत्पादों को जीरो टैरिफ पर आयात किए जाने से देश के किसान बर्बाद हो जाएंगे। प्रदर्शन में विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समझौता वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## एपीएम में रासेयो शिविर में स्वयंसेवकों ने समझाएं नशामुक्ति के फ़ायदे

**बदांयूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एपीएम (पीजी )कॉलेज उझानी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय एक दिवसीय शिविर में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया द्य ग्राम सरोरा में डॉ शुचि गुप्ता ने व ग्राम गंगोरा में डॉ जितेंद्र सिंह राणा ने नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकाली, व गांव के लोगों को जागरूक किया,स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने दीवारों पर स्लोगन भी लिखे, व गांव के लोगों को समझाया कि नशे की लत से घरेलू हिंसा अपराध गरीबी और सामाजिक विघटन बढ़ रहे हैं साथ ही साथ यह हमारे शरीर में लिवर सिरोसिस कैंसर मानसिक विकार और हृदय रोग जैसी बीमारियों को जन्म देते हैं । भारत को नशा मुक्त करने के लिए सबसे जरूरी यह है कि हम स्वयं इसके प्रति जागरूक बने तथा इसे अपनी जिम्मेदारी समझ कर अपने आसपास के वातावरण तथा अपने समाज को इस समस्या से मुक्त कराएं ।

## 131 हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण सम्पन्न

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हज यात्रा 2026 पर जाने वाले 131 यात्रियों का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण सफलतापूर्वक किया गया।
हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम 11 व 12 फरवरी 2026 को जिला महिला चिकित्सालय स्थित अचल केंद्र पर आयोजित हुआ। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुहम्मद तहसीन, डॉ. क़मर इक़बाल एवं नर्सिंग स्टाफ फरहा खान, सदफ और गौरव यादव की टीम ने सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सभी यात्रियों की जांच और टीकाकरण किया। कार्यक्रम में मदरसा आलिया कादरिया के प्रधानाचार्य मुहम्मद तनवीर खान, मदरसा शमसुल उलूम के सहायक अध्यापक अफ्फान हक कादरी, स्टेट हज इंस्पेक्टर मुहम्मद अली और हज ट्रेनर मुहम्मद मुकतदिर खान का विशेष सहयोग रहा।

## विश्वकर्मा श्रम योजना के तहत नवम बैंच का हुआ समापन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लाक सलारपुर क्षेत्र के राजकीय प्रशिक्षण संस्थान बदायूं में आयोजित विश्वकर्मा योजना के तहत दर्जी , मिस्त्री, कुम्हार,लोहार, प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस मौके पर उपायुक्त उधोग विभाग आशीष गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सभी नागरिकों के लिए लाभकारी साबित होंगी इसका लाभ लेने के लिए समय-समय पर उद्योग विभाग से आप सभी संपर्क बनाए रखेंम्उधोग विभाग द्वारा समय- समय पर ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा हैम् बढई ट्रेड में दो लाभार्थी को सम्मानित भी किया गयाम् ट्रेनिंग के व्यवस्थापक वेदपाल एवम् बदायूं जिले के जिला समन्वयक नवीन कुमार द्वारा उचित व्यवस्था की गई हैम् जिससे सकुशल ट्रेनिंग संपन्न हो रही हैम् ट्रेनिंग में अफजल हुसैन,प्रशिक्षक सायरा बी, स्वाती सिंह,अजीम, यशपाल, इरम बना,आदि का विशेष सहयोग रहा।

## बिना अनुमति स्थापित की गई अंबेडकर की मूर्ति को पुलिस ने हटवाया

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना उसहैत क्षेत्र के ग्राम मिर्ज़ापुर अतिराज में बुधवार रात ग्रामीणों द्वारा बिना प्रशासनिक अनुमति के डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर दी गई। सूचना मिलने पर एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र सिंह और सीओ उझानी के निर्देश पर उसहैत, उसावां, हजरतपुर व कादरचौक थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीएम ने ग्रामीणों और महिलाओं से वार्ता कर स्पष्ट किया कि मूर्ति स्थापना के लिए प्रशासनिक अनुमति आवश्यक है। प्रारंभिक विरोध और हंगामे के बाद ग्रामीण प्रशासन की बात मान गए। पुलिस ने मूर्ति को हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया।

## एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने किया थाना बिनावर का वार्षिक निरीक्षण

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बृहस्पतिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने थाना बिनावर पहुंचकर वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार, पुलिस बैरक और मैस का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर आरजीएस और मिशन शक्ति केंद्र की बेहतर कार्यप्रगति पर गार्द कर्मियों को 2500-?2500 का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई। एसएसपी ने मौजूद पुलिसकर्मियों से बातचीत कर आगामी त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटी से छोटी घटना को नजरअंदाज न किया जाए, फरियादियों की शिकायतें शांतिपूर्वक सुनकर त्वरित निस्तारण किया जाए तथा होली तक प्रत्येक गांव में पहुंचकर संदिग्ध एवं खुराफाती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक दिनेश तिवारी, रविंद्र कुमार शुक्ला, सर्वेश कुमार, हेड मोहर्रिर मनोज कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिविर 22 को

**सम्भल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल द्वारा आगामी दिनांक 22.02.2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी, जनपद संभल में आयोजित होने वाले मेगा/ गृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों हेतु बैठक आज दिनांक 12.02.2026 को माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चंदौसी डॉ0 विदुषी सिंह की अध्यक्षता एवं प्रभारी सविय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चंदौसी श्री आदित्य सिंह की उपस्थिति में साननीय जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक का उद्देश्य समाज के निर्बल, वंचित, महिला, वृद्धजन, दिव्यांग, बच्चों और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का शिविर के माध्यम से सीधा लाभपहुंचाना है। शिविर में नि:शुल्क कानूनी सलाह, स्टॉल के माध्याम से योजनाओं का पंजिकरण, भूमि विवाद समाधान, स्वास्थ्य शिविर, विभिन्न शासकीय योजनाए, पेंशन, श्रम, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा आदि की जानकारी, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पॉक्सो अधिनियम संबंधी सहायता, घरेलू हिंसा अधिनियम-2005 के अंतर्गत सहायता, प्रधानमंत्री / मुख्यमंत्री आवास योजनाओं की जानकारी, आय-जाति. निवास प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, कोशल विकास योजना आदि के माध्यम से आमजन को लाग पहुंचाने हेतु चर्चा की गयी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई शिविर आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई एसएम कॉलेज चंदौसी के चार एक दिवसीय चरणों की श्रृंखला में लगाई जाने वाला तीसरा सामान्य शिविर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के रूप में कौशल विकास हेतु युवा शीर्षक के अंतर्गत राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर देवर खेड़ा चंदौसी में डा. विशेष कुमार पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में लगाया गया।

शिविर के प्रारंभ में स्वयंसेवकों ने ग्राम देवरखेड़ा में स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया. इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्राम वासियों को आगामी चुनाव में शत प्रतिशत निर्भीक एवं निर्विवाद रूप से मतदान करने की प्रेरणा दी. रैली में स्वयंसेवक हाथ से बने हुए पोस्टर और स्लोगन लेकर चले. रैली में स्वयंसेवकों ने ''अपनी ही सरकार है, मत देना अधिकार है'', ''घर-घर अलख जगायेंगे, मतदाता को जागरूक बनाएंगे'', ''लोकतंत्र का ज्ञाता है, जो सच्चा मतदाता है'', ''अब यही समझ में आता है, सरकार चुने मतदाता है'' जैसे नारे लगाते हुए ग्राम वासियों को उनके बहुमूल्य मत का मूल्य समझते हुए एस. आई. आर. में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के द्वितीय एवं बौद्धिक सत्र में डॉ विशेष कुमार पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों को मतदाता रजिस्ट्रीकरण हेतु प्रारूप 6 एवं प्रारूप 8 के रूप में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की. स्वयंसेवकों ने इस अवसर पर मतदान के विषय में अपनी विचार भी प्रकट किये. इस अवसर पर कई स्वयंसेवकों ने स्वामी दयानंद सरस्वती जी के जयंती के अवसर पर आर्य समाज द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों जैसे नारी शिक्षा जाति उन्मूलन, वैदिक शिक्षा की स्थापना, पाखंड एवं अंधविश्वास के उन्मूलन पर चर्चा करते हुए उनका भावभीना स्मरण किया. शिविर में श्री भूपाल सिंह शास्त्री जी, प्रधानाचार्य, राजेश कुमार सरस्वती विद्या मन्दिर, श्री शरद शर्मा, श्री सुरेश आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा. राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की ध्येय गीत के साथ-साथ ''हम होंगे कामयाब'' गीत का गायन भी स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया. शिविर में दीपक, विपिन यादव, अजीत सिंह, समीर, सनी, अनमोल, हरवीर, श्याम बाबू, विजय, सरफराज, सौरव, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद सादिक, जितेंद्र कुमार, जुबेर अली, अभिषेक कुमार, मनोज कुमार आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# विज्ञान मेले में छात्रों की चमकी प्रतिभा मॉडलों से समझाए वैज्ञानिक सिद्धांत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बबराला। अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन (विद्या वाहिनी) एवं हुंडई मोटर्स के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय कैल में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी एम.एल. पटेल एवं नायब तहसीलदार अनुज कुमार ने माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया।विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन की टीम द्वारा छात्रों को मॉडल निर्माण एवं वैज्ञानिक अवधारणाओं का प्रशिक्षण दिया गया, जिसके बाद विद्यार्थियों ने दिन-रात बनने की प्रक्रिया, अनुनाद, गहरे कुएं की संरचना, कंकाल तंत्र तथा मानव शरीर के अंगों से संबंधित मॉडल तैयार किए। छात्रों ने इन मॉडलों के माध्यम से जटिल विषयों को सरल भाषा में समझाकर सभी को प्रभावित किया।इस अवसर पर एमडीएम दीन दयाल शर्मा, एआरपी महिपाल एवं प्रशांत, प्रधानाध्यापिका आरती वार्ष्णेय, शिक्षिका मीनाक्षी, हेमराज, मानसी तथा फाउंडेशन की ओर से श्रेष्ठी शर्मा, आदर्श त्रिपाठी एवं अनिल कुमार सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।नायब तहसीलदार अनुज कुमार एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी एम.एल. पटेल ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान मेले जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सृजनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहद उपयोगी बताया।

# यूपी बजट 2026-27: गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के लिए 50 करोड़ की सौगात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

> बुनियादी सुविधाओं के लिए स्मार्ट सिटी मिशन से चमकेगा शहर

मुरादाबाद। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए पेश किए गए 9,12,696.35 करोड़ रुपये के विशाल बजट में मुरादाबाद शहर और मंडल के लिए विकास का पिटारा खोल दिया गया है। इस बार के बजट में बुनियादी ढांचे, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के रोजगार को केंद्र में रखते हुए मंडल के सभी जिलों (मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर और सम्भल) के लिए करोड़ों रुपये की योजनाओं का प्रावधान किया गया है।

मुरादाबाद मंडल के युवाओं के लिए यह बजट एक ऐतिहासिक सौगात लेकर आया है। मंडल के छात्र-छात्राओं को अब उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। सरकार ने मुरादाबाद मंडल में 'गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद' के लिए बजट में 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की है।

### स्मार्ट सिटी मिशन से हाई-टेक होगा शहर

शहरी विकास के मोर्चे पर पीतलनगरी को बड़ी तवज्जो मिली है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'स्मार्ट सिटी मिशन' के अन्तर्गत देश के चयनित कुल 100 शहरों में प्रदेश के 10 शहरों का चयन किया गया है, जिनमें मुरादाबाद भी शान से शामिल है। इससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को हाई-टेक किया जाएगा।

### हर जिले में बनेंगे दो-दो 'मॉडल' और एक 'अभ्युदय विद्यालय'

बेसिक और माध्यमिक शिक्षा की तस्वीर बदलने के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों (जिसमें मुरादाबाद मंडल के सभी जिले शामिल हैं) में दो-दो 'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' की स्थापना आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप की जा रही है। साथ ही, प्रत्येक जनपद में एक-एक विद्यालय को 'मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय' के रूप में भी विकसित किया जा रहा है।

### हर जिला अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर और छात्राओं के हॉस्टल

महानगरों की तर्ज पर अब मंडल के हर जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होंगी। बजट में प्रत्येक जिला अस्पताल में इमरजेन्सी एवं ट्रामा सेन्टर की स्थापना का प्रावधान किया गया है। जिससे अब स्थानीय लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लखनऊ व दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा, प्रत्येक जिले में छात्राओं के लिए हॉस्टल बनाए जाएंगे। सेफ सिटी की अवधारणा के तहत मुरादाबाद जैसे नगर निगमों में कामकाजी महिलाओं के लिए 'वर्किंग वूमेन हॉस्टल' का निर्माण भी किया जा रहा है।

### युवाओं के उद्यम के लिए 1,000 करोड़ का प्रावधान

युवाओं को नौकरी मांगने वाले से नौकरी देने वाला बनाने के लिए 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के तहत 1,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसमें युवाओं को सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने हेतु गारण्टी मुक्त एवं ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख नये सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण (स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना) के लिए भी 2,374 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट रखा गया है।

### किसानों को सिंचाई और महिलाओं को मुफ्त गैस की सौगात

कृषि और घरेलू मोर्चे पर भी मंडल वासियों को बड़ा लाभ मिलेगा। कृषकों के निजी नलकूपों को निर्बाध व मुफ्त विद्युत आपूर्ति के लिए 2,400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। वहीं, महिलाओं को धुएं से निजात दिलाने के लिए निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलिण्डर रीफिलिंग योजना हेतु 1,500 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

# बसंतऋतु की गर्मी किसानों को डरा रही, फसल पर पड़ेगी भारी

❐ किसानों का कहना है कि अगर मौसम का यही तेवर बना रहा और ठंडक में कोई परिवर्तन नहीं आया, तो गेहूं की फसल को करारा झटका लग सकता है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। ग्रामीण क्षेत्र में किसान पिछले एक सप्ता ह से निकल रही चटक धूप और दिन की बढ़ती गर्मी से बेहद चिंतित हैं। सामान्यतः फरवरी में सर्दी का मौसम रहता है,लेकिन इस बार असा मान्य रूप से तेज धूप और ऊंचे तापमान ने गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाने की आशंका ब ढ़ा दी है।

किसानों का कहना है कि अगर मौसम का यही तेवर बना रहा और ठंडक में कोई परिवर्तन नहीं आया, तो गेहूं की फसल को करारा झटका लग सकता है, जिससे पैदावार में भारी गिरावट आ सकती हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फरव री 2026 में उत्तर प्रदेश समेत पूरे उत्तर भारत में तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है, जबकि वर्षा 78 से कम होने का अनुमान है यह स्थिति गेहूं, जौ, रेपसीड और चने जैसी रबी फसलों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंचा तापमान फस ल के विकास को तेज कर देता है, जिससे बढ़ने का समय कम हो जाता है और पैदावार में कमी आती है।गोंडा जनपद जैसे ग्रामीण इलाकों में, जहां गेहूं की खेती मुख्य रूप से होती है, किसा न पहले से ही धूप की तेज किरणों से परेशान है वे बताते हैं कि सुबह से ही धूप इतनी तेज नि कल रही है कि दिन में गर्म कपड़े पहनने की ज रूरत नहीं पड़ रही, बल्कि हल्के कपड़ों में भी बाहर बैठना मुश्किल हो रहा है।किसानों की चिं ता जायज है, क्योंकि आईएमडी ने चेतावनी दी है कि पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में ऊपर सामान्य न्यूनतम और अधिकतम तापमान रहेंगे जिससे फसल की मजबूर परिपक्वता हो सक ती है।इससे स्पाइकलेट्स बांझ हो सकते हैं औ र अनाज हल्के व खाली रह सकते हैं,जिससे उ पज में 20-50% तक की कमी आ सकती है।वही किसानो का कहना है कि पिछले साल भी ऐसी गर्मी से नुकसान हुआ था, लेकिन इस बार फरवरी में ही इतनी धूप देखकर डर लग रहा है अगर बारिश नहीं हुई तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। इसी तरह, अन्य लोग भी बताते हैं कि सिंचाई की लागत बढ़ रही है,क्योंकि सूखे मौस म में पानी की जरूरत ज्यादा हो गई है यह सम स्या सिर्फ जनपद तक सीमित नहीं है।पूरे उत्तर प्रदेश में गेहूं की फसल फूलने और अनाज भर ने के चरण में है,जो तापमान के प्रति संवेदनशी ल है।अगर तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक सामान्य से ऊपर रहा,तो पैदावार में बड़ी गिराव ट आ सकती है। कृषि विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि किसान फसल की निगरानी बढ़ाएं, नियमि त सिंचाई करें और यदि संभव हो तो छायादार तरीकों का इस्तेमाल करें। सरकार की ओर से भी किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे मौ सम अपडेट्स पर नजर रखें और आवश्यक क दम उठाएं।इस असामान्य मौसम का कारण ज लवायु परिवर्तन को माना जा रहा है, जो पिछले कुछ वर्षों से भारत में सर्दियों को प्रभावित कर रहा है।यदि स्थिति नहीं सुधरी,तो न केवल स्था नीय किसानों की आय प्रभावित होगी,बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा पर भी असर पड़ सकता है।

# केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर सवर्ण समाज में गुस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जनपद में सवर्ण समाज के लोगों द्वारा आयोजित एक बैठक में केंद्र सरकार की कुछ नीतियों को लेकर नाराजगी देखने को मिली है। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस सभा में सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने अपनी विभिन्न मांगों और अपनी चिंताओं को खुलकर रखा।वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान नीतियां समाज में विभाजन की स्थिति पैदा कर रही हैं और केंद्र सरकार को इस दिशा में पुनर्विचार करना चाहिए।

वही बैठक के दौरान कुछ वक्ताओं ने कहा कि यदि कथित ह्लकाला कानूनङ्क को वापस नहीं लिया गया तो इसका राजनीतिक प्रभाव आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में देखने को मिल सकता है।उनका कहना था कि केंद्र सर कार को सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार कर ना चाहिए और किसी भी प्रकार का भेदभाव न हीं होना चाहिए।सभा में मौजूद कई लोगों ने स रकार से संवादस्थापित कर समाधान निकालने की मांग की है।हालांकि, इस संबंध में प्रशासनि क अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।राजनीतिक विश्लेष कों का मानना है कि चुनाव से पहले विभिन्न सा माजिक संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर सक्रियता बढ़ना स्वाभाविक है।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर वर्ग को अपनी बात रखने का अ धिकार है,लेकिन समाधान संवाद और संवैधा निक प्रक्रिया से ही संभव है।बैठक शांतिपूर्ण ढं ग से संपन्न हुई और अंत में समाज के प्रतिनिधि यों ने प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए ज्ञापन सौंपने की बात कही।आने वाले समय में इस मुद्दे पर उत्तर प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

# भ्रष्टाचार पर आईजी अमित पाठक ने की सख्त कार्रवाई, विभाग में मचा हड़कंप

❐ आईजी ने भ्रष्टाचार के आरोप में श्रावस्ती जिले में तैनात उप निरीक्षक अंकुर वर्मा और उप निरीक्षक एस.एन.यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन पर मिली शिका यतों के बाद बड़ी कार्रवाई की है लगातार इस तरीके के भ्रष्टाचारों पर उनके द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

आईजी ने भ्रष्टाचार के आरोप में श्रावस्ती जिले में तैनात उप निरीक्षक अंकुर वर्मा और उप निरीक्षक एस.एन.यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, इन दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।आरोप है कि हरदत्तनगर गिरण्ट थाना,श्रावस्ती के उपनिरीक्षक अंकुर व र्मा ने बीस जून 2025 को शिकायतकर्ता राजें द्र वर्मा को उनके घर सेआठ-दस पुलिसकर्मियों के साथ थाने ले जाकर पूछताछ की थी। अगले दिन सुबह उन्हें तेरह हजार रुपए लेकर छोड़ दि या गया। जांच में दोषी पाए जाने के बाद अंकुर वर्मा को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। गोंडा देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने भ्र ष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन पर मिली शिकायतों के बाद बड़ी कार्रवाई की है लगातार इस तरीके के भ्रष्टाचारों पर उनके द्वारा कार्रवाई की जा र ही है।आईजी ने भ्रष्टाचार के आरोप में श्रावस्ती जिले में तैनात उप निरीक्षक अंकुर वर्मा और उ प निरीक्षक एस.एन. यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।इन दोनों पुलिस कर्मि यों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।आरोप है कि हरदत्तनगर गिरण्ट था ना,श्रावस्ती के उपनिरीक्षक अंकुर वर्मा ने बीस जून 2025 को शिकायत कर्ता राजेंद्र वर्मा को उनके घर से आठ-दस पुलिसकर्मियों के साथ थाने ले जाकर पूछताछ की थी।अगले दिन सुब ह उन्हें तेरह हजार रुपए लेकर छोड़ दिया गया। जांच में दोषी पाए जाने के बाद अंकुर वर्मा को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है।आईजी देवीपा टन रेंज अमित पाठक ने बताया कि दोनों उप निरीक्षकों को निलंबित कर उनके खिलाफ वि भागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।उन्होंने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार की किसी भी शिकायत के लिए उनके द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।जांच के बाद भ्रष्टा चार के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब तक पूरे देवीपाटन मंडल में भ्रष्टाचार के आरोप में 17 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्र वाई की जा चुकी है।

# स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से चल रहे हैं अवैध अस्पताल

❐ तहसील करनैलगंज क्षेत्र में दर्जनों से अधिक पैथालॉजी लैब,आर्थो डेंटल, क्लिनिक, शिशु रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ जैसे भरमार है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। तहसील करनैलगंज क्षेत्र एवं उसके आस पास के ग्रामीण इलाकों में धड़ल्ले से बिना स्वास्थ्य विभाग से निबंधन से दर्जनों हॉस्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित किए जा रहे हैं,जिन में बड़े-बड़े डिग्री धारक डॉक्टरों के बोर्ड लगा कर झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज किए जा रहे हैं। जिससे आए दिन लोगों की मौत का मामला भी प्रकाश में आ रहा है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग मौन धारण किए हुए है।

बताते चलें कि तहसील करनैलगंज क्षेत्र में दर्जनों से अधिक पैथालॉजी लैब,आर्थो डेंटल, क्लिनिक, शिशु रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ जैसे भरमार है। जिनके आड़ में ग्रामीण क्षेत्र की जनता के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। किसी की इलाज के दौरा न मौत हो जाती है तो उसके परिजनों पर राजनीतिक और समाजिक दबाव देकर मोटी रकम दे समझौता कर लेते हैं। जिसके वजह से कई मामले प्रशासन तक भी नहीं पहुंच पाते हैं।वही लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि जो पैथोलॉ जी और डायग्नोस्टिक सेंटर स्वास्थ्य विभाग से निबंधित है,लेकिन ये भी विभाग के तय मानकों को पूरा नहीं करते हैं।पैथोलॉजी और डायग्नो स्टिक सेंटर जो स्वास्थ्य विभाग से निबंधित हैवह भी टेक्नीशियन और हेल्फर के सहारे चल रहा है यही नहीं अस्पतालों के अलावे दर्जनों अस्पताल एवं लैब संचालित हो रहे हैं।इसी तर ह से बिना फार्मासिस्ट के सैकड़ों की संख्या में दवा दुकानों चल रहे हैं। जिस पर कभी जांच नही की जाती। एक दवा दुकानदार ने बताया की होलसेल के लाइसेंस पर खुदरा दवा दुकान चलाते हैं। जिसमे फार्मासिस्ट की जरूरत नही होती है।जब कभी स्वास्थ्य विभाग के अधिका री जांच के लिए आते हैं उसे मैनेज कर लिया जाता है।ज्ञात हो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारि यों की साठगांठ से पूरा खेल चल रहा है। जहा जांच के नाम पर कार्रवाई होती बाद में मामले को रफा दफा कर दिया जाता है।पूर्व में झोला छाप डॉक्टरों की लापरवाही के कारण कितने लोगो को इलाज के दौरान अपनी जान गवानी पड़ी है। बताते हैं कि इन निजी अस्पताल में ना तो एंबुलेंस है,ना विशेषज्ञ डॉक्टर हैं।सिर्फ नामी डॉक्टर का बैनर लगा वगैर डिग्री प्राप्त डॉक्टर इलाज करते हैं।जानकारों का कहना है कि अ धिकांश लैब बिना डिग्री वाले संचालित कर रहे हैं। जहां न तो मरीजों की ठीक से जांच की जा रही है और न ही उनकी रिपोर्ट ही सही आ रही है,लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कुम्भक र्णी की नीद में सोए हुए हैं और बड़ी घटना का इंतजार कर रहे है।

# विकास खण्ड जरवल में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जरवल ब्लॉक में सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में आशा, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कर्मी घर-घर पहुंचकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रहे हैं, ताकि संक्रमण की श्रृंखला टूटे और नए मामलों को रोका जा सके।

अभियान के लिए 510 स्वास्थ्य टीमें गठित की गई हैं, जो अपने सामने 2.88 लाख से अधिक लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित करेंगी। इसके लिए 43 सुपरवाइजर भी लगाए गए हैं। इसी क्रम में ग्राम तपेसिपाह में आशा कार्यकर्ता गुड़िया देवी को 1200 लोगों को दवा सेवन कराने की जिम्मेदारी मिली है। दो दिनों में वह 105 लोगों को दवा खिला चुकी हैं। वह पहले यह सुनिश्चित करती हैं कि कोई भी व्यक्ति खाली पेट न हो। गुड़िया बताती हैं कि जो लोग अन्य बीमारियों की दवा ले रहे हैं, उन्हें दो घंटे का अंतर रखकर दवा खिलाई जाती है। इसके लिए उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है और बताया गया है कि यह दवा गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों व गंभीर रोगियों को छोड़कर सभी के लिए सुरक्षित है।दिन के समय कई छात्र, मजदूर, नौकरीपेशा और दुकानदार घर पर नहीं मिलते। ऐसे में उनके परिजनों को संदेश दिया जाता है कि संबंधित व्यक्ति घर लौटकर भोजन के बाद संपर्क कर दवा अवश्य सेवन कर ले। गुड़िया देवी दवा किसी को घर ले जाने के लिए नहीं देतीं और कहती हैं कि दवा उनके सामने ही खिलाई जाएगी, ताकि सही खुराक सुनिश्चित हो सके।

# बंद कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली युवक की लाश,फैली सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पोर्टरगंज पथवलिया में एक पचीस वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर के अंदर मि ला है।मृतक की पहचान कृष्ण मोहन चौबे उर्फ अनमोल चौबे पुत्र शामली चौबे के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

पड़ोसियों को घर के अंदर से तेज दुर्गंध आने पर शक हुआ। उन्होंने तत्काल नगर कोतवाली पुलिस को सूचना दी।पुलिस टी म मौके पर पहुंची और जांच शुरू की है। नगर सीओ आनंद कुमार राय भी फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।पुलिस ने शव को क ब्जे में लेकर पंचायतनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है,क्योंकि दु र्गंध इतनी तेज थी कि पास खड़ा होना मुश्किल था। मृतक के पिता शामली चौबे ने बताया कि उनका बेटा उन्हें लगातार मारता-पीटता और प्र ताड़ित करता था, जिसके कारण वे अपनी बड़ी बेटी के घर रहते थे। उन्होंने यह भी बताया कि उनका बेटा नशे का आदी था। बीते 8 फरवरी को उनके बेटे को चार दोस्त ले गए थे।इसके बा द बेटे ने फोन कर कहा था कि वे वहीं रहें, वह कमा खा रहा है। पिता ने अपने बेटे की हत्या की आशंका जताई है।स्थानीय लोगों ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह एक चार पहिया वा हन मृतक के घर के अंदर जाते हुए देखा गया था,लेकिन उसमें सवार लोगों की पहचान नहीं हो पाई।मृतक अनमोल चौबे आठ बहनों में अ केला भाई था। नगर कोतवाली पुलिस अब कई बिंदुओं पर मामले की गहन जांच कर रही है।सीओ नगर आनंद कुमार राय ने बताया कि पो स्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा इस पूरे मामले को लेकर जांच की जा रही है।दो से तीन दिन पुरानी मृतक की बॉडी बताई जा रही है क्योंकि जब हम लोग मौ के पर पहुंचे हैं।

## जनपद स्तरीय पाककला प्रतियोगिता में विशेश्वरगंज प्रथम



**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनपद स्तरीय पाक कला का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय अमीर माह में धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि वित्त एवम लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा वीरेश कुमार वर्मा रहे। निर्णायक मंडल में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बहराइच के प्रधानाचार्य एवं गृह विज्ञान के प्रवक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी विकास खंडो से चयनित रसोईया ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम पुरस्कार विकासखंड विशेश्वरगंज की रसोइयों ने, द्वितीय पुरस्कार विकासखंड फखरपुर की रसोइयों ने तथा तृतीय पुरस्कार नगर क्षेत्र की रसोइयों ने प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार के रूप में रू. 3500 का चेक, द्वितीय पुरस्कार के रूप मे रू. 2500 का चेक तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में रू. 1500 के चेक के साथ रसोइयों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इनके अतिरिक्त सभी प्रतिभागी रसोइयों को यात्रा भत्ता के रूप में रू. 300 तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में रू. 300 खातों में आरटीजीएस के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे। सभी विकासखंड के रसोइयों ने मीनू के अनुसार उत्कृष्ट पाक कला का प्रदर्शन करते हुए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसका निर्णय निर्णायक मंडल में शामिल राजकीय इंटर कॉलेज की प्रवक्ता नीतू राय तथा प्रधानाचार्य किरण देवी द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम जिला समन्वयक मध्यान भोजन योजना राकेश कुमार मिश्र की देखरेख में संपादित हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने सभी रसोइयों को मीनू के अनुसार अपने विद्यालयों में स्वच्छ एवं अच्छा भोजन बनाने के साथ बच्चों के पोषण संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा विभाग से जिला समन्वयक निर्माण श्री राकेश कुमार सिंह, जिला समन्वयक निपुण संतोष कुमार सिंह, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा ,अनुराग कुमार शर्मा जिला समन्वयक समेकित, शिक्षा लाल जी दुबे जिला समन्वयक इसरार खान ,कार्यालय सहायक देवेंद्र कुमार तिवारी ,मोहम्मद कासिम ,रत्ना शुक्ला शशिबाला सिंह, नेहा कश्यप, कंप्यूटर ऑपरेटर मध्यानह भोजन योजना कुमारी बबिता तथा जयवीर स्पेशल एजुकेटर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न ब्लॉकों से शिक्षक सुरूर अख्तर, गौरव शर्मा, सर्वेश कुमार, आरती साहू, सुनील कुमार, त्रियुगी नारायण ,अवधेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# नेपालगंज में सम्पन्न हुई नेपाल-भारत बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेशन की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा, शांति व्यवस्था एवं प्रभावी समन्वय को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नेपालगंज, बांके में आयोजित नेपाल-भारत बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेशन मीटिंग सम्पन्न हुई।

जिसमें नेपाल राष्ट्र के बांके व बर्दिया तथा भारत के बहराइच जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का शुभारम्भ दोनो देशों के राष्ट्रगान के गायन से हुआ। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारियों द्वारा सीमा स्तंभों की सुरक्षा और रखरखाव, नो मेन्स लैंड की पवित्रता बनाए रखना, सीमा पर अपराध नियंत्रण के लिए सहयोग और समन्वय, मानव तस्करी, नशीली दवाओं की तस्करी, माल की तस्करी, नकली मुद्रा, अपराध जांच के लिए सहयोग और समन्वय, आपदा प्रबंधन के लिए सहयोग, सूचनाओं का आदान-प्रदान तथा नेपाल में संघीय संसदीय चुनाव 2026 के लिए सहयोग पर चर्चा की गई। बैठक का शुभारम्भ करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने भारत-नेपाल के ऐतिहासिक एवं मैत्रीपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि खुली सीमा जो वन से आच्छादित भी है, दोनों देशों के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है, किन्तु सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए सतत निगरानी एवं समन्वित कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के मध्य त्वरित सूचना आदान-प्रदान तंत्र को और अधिक सक्रिय रखने पर बल दिया।बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब, वन्यजीव एवं अवैध लकड़ी तस्करी तथा मानव तस्करी की रोकथाम के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। दोनों पक्षों द्वारा सीमा से सटे संवेदनशील एवं वन क्षेत्रों में समन्वित एवं सघन गश्त बढ़ाने, रात्रिकालीन पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखने पर सहमति व्यक्त की गई। सीमा शुल्क, वन, पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों के मध्य समन्वित कार्रवाई के माध्यम से अवैध व्यापार एवं तस्करी की गतिविधियों पर संयुक्त रूप से अंकुश लगाने का निर्णय लिया गया। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा सीमा पार से संचालित आपराधिक नेटवर्क के विरुद्ध प्रभावी एवं लक्षित कार्रवाई करने, थाना एवं चौकी स्तर पर नियमित संपर्क बनाए रखने तथा फील्ड स्तर पर सशस्त्र सीमा बल एवं सशस्त्र पुलिस बल के मध्य फ्लैग बैठकें निरंतर आयोजित करने पर बल दिया गया। नेपाल पक्ष के अधिकारियों द्वारा भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन प्रदान किया गया तथा आपात अथवा संवेदनशील परिस्थितियों में त्वरित समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक के दौरान डीएम व एसपी ने नेपाल के अधिकारियों को आश्वस्त किया गया कि नेपाल में आसन्न संघीय संसदीय चुनाव 2026 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने में हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक के अन्त में दोनों देशों के अधिकारियों ने फोटो सेशन में प्रतिभाग किया तथा एक दूसरे को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।नेपाल साइड से सीडीओ बर्दिया गोगन बहादुर हमल, बांके के दिल कुमार तमंग, एसीडीओ बांके महेश कुमार गुरूंग व पूर्ण बहादुर खत्री व बर्दिया अशोक कुमार भण्डारी, एसपी बर्दिया सरोज पाउडेल व बांके के अंगुर जी.सी., एसपी शस्त्र पुलिस बल बर्दिया दिनेश कुमार महत व बांके के भीम बहादुर चंद, डीआईडी बर्दिया रमेश सिंह दंगा व बांके के हरीश बिष्टा, डीएफओ बर्दिया बिजय राज सुबेदी, वरिष्ठ डीएफओ बांके टंका बहादुर गुरूंग, वार्डे न बर्दिया अशोक कुमार राम, वरिष्ठ संरक्षण अधिकारी बांके बीरेन्द्र प्रसाद कंडेल, मुख्य कस्टम अधिकारी बांके जनार्दन पाउडेल, एएसपी शस्त्र पुलिस बल बांके ईश्वर दंगी छेत्री, डीएसपी शस्त्र पुलिस बल बीएस कम्पनी जमुनहा तीरथ राज न्यूपाने सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इण्डिया साइड से जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक आर.एन. सिंह, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट एसडीएम महसी आलोक प्रसाद आईएएस, कमान्डेन्ट 59वीं बटालियन एसएसबी नानपारा कैलाश चन्द्र रमोला व कार्यवाहक कमान्डेन्ट 42वीं बटालियन एसएसबी नानपारा राज रंजन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी, मिहींपुरवा (मोतीपुर) के राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, थानाध्यक्ष रूपईडीहा रमेश सिंह रावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | Catering2026 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at MKG station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.02.2026 at 11:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Detailes of catering stalls to be auctioned are as under:-

| Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|
| Manak Nagar | Catg-LKO-MKG-SMU-93-24-1 | MKG/ PF-1/ 41/ADDL | 21.02.2026 at 11:30 hrs. | SMU | SC (Women) |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 471/2026

# पुलिस मुठभेड़ में गोकशी के दो आरोपी गिरफ्तार, एक महिला साथी को भी दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**एक फरार पकड़े गये आरोपियों की सम्पत्ति होगी जब्त**

पूरनपुर। थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई इसमें गोकशी के मामले में वांछित आरोपी गोली लगने से घायल हो गये दो घायल अभियुक्तों सहित कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र ने बताया कि यह कार्रवाई अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र ने वीडियो बाइट मे बताया कि बीती रात पूरनपुर पुलिस गश्त पर थी मुखबिर से सूचना मिली कि भगवन्तापुर की ओर से दो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर गौकशी के इरादे से आ रहे हैं पुलिस टीम ने हनुमान मंदिर के पास पुलिया पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की मोटरसाइकिल सवारों को रुकने का इशारा करने पर उन्होंने भागने का प्रयास किया अचानक मुड़कर भागने लगे, रास्ता कच्चा व ऊबड़-खाबड़ होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, तत्पश्चात संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी गई, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त अकरम पुत्र सूखा निवासी ग्राम शेरपुर कला थाना पूरनपुर के दाहिने तथा कामिल उर्फ मुरादी पुत्र गंठा निवासी मोहल्ला लाइनपार साहूकारा थाना पूरनपुर के बाएँ पैर में गोली लगने से घायल हो गए घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए सीएचसी पूरनपुर उपचार कराया गया गौकशी के आरोपियों के कब्जे से दो अवैध शस्त्र व जिन्दा व खोखा कारतूस एवं गौकशी करने के उपकरण बरामद किये गये हैं जिसके सम्बन्ध में थाना पूरनपुर मु0अ0सं0 56/2026 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है, घायल अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं इनका उद्देश्य निराश्रित पशुओं का वध करके उनके मांस की बिक्री कर पैसा कमाना है 6 फरवरी को सुआबोझ पिपरिया के पास हुई गौकशी की घटना में संलिप्त अभियुक्तों की महिला साथी रेशमा को भी गिरफ्तार किया गया है पुलिस मुठभेड़ मे पकड़े गये गौकशी के अपराधी बेहद शातिर हैं मुख्य अभियुक्त अकरम थाना पूरनपुर का हिस्ट्रीशीटर है जिस पर गौकशी और गैंगस्टर एक्ट सहित 21 मुकदमे दर्ज हैं वहीं, कामिल पर भी 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं पुलिस अधीक्षक ने जारी की वीडियो बाइट मे बताया कि फरार आरोपी नईम उर्फ मुन्ना की तलाश जारी है पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट सन्देश देते हुए कहा अपराधियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी और इनकी अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर कुर्क/जब्त करने की प्रक्रिया भी अमल में लाई जाएगी गौकशी की घटना मे संलिप्त किसी भी आरोपियों को बख्शा नहीं जायेगा हर हाल कठोर से कठोर कारवाही अमल मे लाई जायेगी।

## किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए जिला गन्ना अधिकारी ने की अपील

पीलीभीत । जिले के गन्ना किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए 1460 कुं अभिजनक गन्ना बीज का आवंटन मुख्यालय से किया गया है।यह आवंटित बीज चीनी मिल प्रक्षेत्र पीलीभीत एवं चीनी मिल प्रक्षेत्र पुवाया से मिलेगा। इसके अतिरिक्त को. लख. 18231, को.शा. 19231 एवं को. लख 16202 प्रजाति की सिंगल बड कृषकों को संबंधित गन्ना विकास परिषदों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। आवंटित बीज से जिले के प्रगतिशील गन्ना किसानों के खेतो पर बसंतकालीन आधार पौधशाला की स्थापना की जायेगी। बसंतकालीन पौधशाला स्थापन के इच्छुक किसान अपने सर्किल के गन्ना पर्वेक्षक अथवा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से संपर्क करे। किसानों को अगेती गन्ना किस्मों मे कोशा 013235, को.शा. 17231 को.15023, का बीज मिलेगा। किसान भाइयो को प्रत्येक 3 वर्ष मे बीज बदलाव कर देना चाहिए।

## आईजीआरएस रैंकिंग में पीलीभीत जनपद के 17 थाने रहे प्रदेश में नंबर वन

पीलीभीत। जनपद पुलिस ने जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है उत्तर प्रदेश के जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण के मामले में पीलीभीत जनपद को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र द्वारा जनसमस्याओं के शीघ्र और निष्पक्ष समाधान के लिए दिए गए कड़े निर्देशों का असर अब आंकड़ों में साफ़ नजर आ रहा है आईजीआरएस रैंकिंग में पीलीभीत जनपद के 17 थाने को प्रदेश में पहला स्थान मिला है एसपी सुकीर्ति माधव मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्ष आईजीआरएस जनसुनवाईऽसमाधान पोर्टल के माध्यम से राज्य सरकार की ओर से आमजन की समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण तथा पारदर्शी निस्तारण के लिए एक मजबूत प्रणाली विकसित की गई है एसपी ने बताया कि प्रत्येक माह मुख्यमंत्री स्वयं सभी जिलों की समीक्षा कर जनपदवार रैंकिंग जारी करते हैं जनवरी 2026 में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें को संबंधित थानों के माध्यम से समयबद्ध निस्तारण कराया गया प्रत्येक रिपोर्ट का स्वयं गहन अवलोकन कर, निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल पर अपलोड कराया गया जनपद के उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

## नगर पालिका पीलीभीत का 28 दिन, अट्ठाइस लोकार्पण अभियान जारी

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा शहर में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ल्ल28 दिन, अट्ठाइस लोकार्पणङ्क अभियान के तहत गुरुवार को रोडवेज बस स्टैंड पर आरओ वाटर प्लांट का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर व शिलापट का अनावरण कर किया। यहां पूर्व में लगा हुआ वाटर प्लांट खराब होने के बाद पिछले 16 वर्ष से बंद पड़ा था, जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने बताया कि गर्मी का मौसम नजदीक है और यात्रियों व रोडवेज कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय से पहले आरओ वाटर प्लांट की स्थापना की गई है। नगर पालिका द्वारा नए आरओ वाटर प्लांट की स्थापना से अब शुद्ध पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी।कार्यक्रम के दौरान मौजूद रोडवेज कर्मचारियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व यात्रियों ने शहर में हो रहे विकास कार्यों के लिए पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया। लोकार्पण कार्यक्रम में सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, राशिद हुसैन, विपिन राजू फौजी, मोहम्मद शरीफ, सुनीता सिंह, विपिन मिश्रा, सुहानी सक्सेना, आयुषी पांडेय, सुनीता गंगवार, पंकज तिवारी, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, रवि अग्रवाल, राकेश वर्मा, मोइन खां, ज्योति तलवार, सनी तथा रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित रहे हैं।

## बाल उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने सुनाई बदलाव की प्रेरक कहानियां



**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** परिषदीय उच्च विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में संचालित मीना मंच कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों में समता का भाव विकसित करने, उनके भीतर हुए सकारात्मक बदलाव एवं सफलता मूलक प्रयासों को साझा करने हेतु बीआरसी परिसर अमेठी में बाल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला समन्वयक (बालिका) श्याम सुंदर श्रीवास्तव,खण्ड शिक्षा अधिकारी पूजा सिंह हरिओम तिवारी,नोडल बच्चाराम वर्मा व गरिमा यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। आयोजन में प्रत्येक विकास क्षेत्र के पांच पांच मॉडल मीना मंच विद्यालयों से दो दो बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बच्चों के बीच मीना मंच के माध्यम से उनके जीवन में आये बदलाव की कहानियों को साझा करने एवं कॉमिक बुक निर्माण की रोचक गतिविधियां कराई गईं। प्रतिभागी बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी कहानियां प्रस्तुत कीं और कॉमिक बुक के माध्यम से अपनी छिपी प्रतिभाओं को अभिव्यक्त करने का सराहनीय प्रयास किया।कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य बच्चों को प्रगति, स्वाभिमान एवं सफलता की ओर उन्मुख करना रहा। साथ ही विद्यालयों में संचालित सेल्फ एस्टीम एवं मीना मंच गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सपनों और आकांक्षाओं का जश्न मनाने, उन्हें पोषित करने तथा उनके सफल प्रयासों को साझा करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया गया। कहानी प्रस्तुति एवं कॉमिक बुक निर्माण प्रतियोगिता में पाँच-पाँच सर्वश्रेष्ठ बच्चों का चयन किया गया।खण्ड शिक्षा अधिकारी अमेठी पूजा सिंह द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।खण्ड शिक्षा अधिकारी अमेठी पूजा सिंह ने समस्त बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए समस्त सुगमकर्ताओं को उनके परिश्रम हेतु सराहना की। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बच्चों को मीना मंच के माध्यम से प्रदान किये गये शिक्षाओं को दैनिक जीवन में उतरने और विद्यालयों में हो रहे अच्छे कार्यों को जन सामान्य तक पहुंचाने की बात कहीकार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक श्याम सुंदर श्रीवास्तव में समस्त बच्चों को शुभकामनाएं देते हुये समस्त प्रतिभागियों, सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गरिमा यादव और बच्चा राम वर्मा ने कियाकार्यक्रम में प्रमुख रूप से नोडल बच्चा राम वर्मा,गरिमा यादव, रामसुंदर यादव, सुजाता पासी, कंचन मौर्य, अमिता ,किरण, ममता, उर्मिला, विभा पल्लवी, अमिता प्रमोद, कल्पना सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज मे छात्र छात्राओं के लिए आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुख्य अतिथि रहे उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह**

पूरनपुर। पूरनपुर के सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में गुरुबार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी और उनके लिए रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए छात्रों के लिए विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए सजावट की गई।

छात्रों ने नाटक, गीत और नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उत्साह भर दिया जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की अतिथियों ने अपने विचार रखे विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों से कहा कि यह विदाई नहीं, बल्कि जीवन के एक नए युग की शुरुआत है आधुनिक दौर में आपका परिश्रम ही आपको सफलता दिलाएगा कड़ी मेहनत, अनुशासन और अटूट आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया कॉलेज के प्रबंधक ने कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य तय करना और निरंतर मेहनत करना आवश्यक है सोशल मीडिया के दौर में मेहनत के जरिए अपनी प्रतिभा साबित करने पर जोर दिया अनुशासन को जीवन की सबसे बड़ी ताकत बताया, जो सफलता की ओर ले जाती है छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता, गौरव गुप्ता, वंदना प्रमुख सूर्य वाला शर्मा व प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समझ दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण कर हुआ कार्यक्रम में एकादश के छात्र -छात्राओं ने द्वादश के छात्र- छात्राओं का स्वागत तिलक -चंदन लगाकर किया मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह ने सभी बोर्ड के परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया व बच्चों को परीक्षा प्रश्न-पत्र हल करने हेतु टिप्स दिए कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक हरिवल्लभ गुप्ता,अध्यक्ष बृजेश गुप्त, डॉक्टर रवि गुप्त,गौरव गुप्ता व प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने सभी बच्चों का मार्गदर्शन किया व सभी बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्र और उप प्रधानाचार्य अनिल गुप्त ने भी बच्चों को परीक्षापयोगी टिप्स दिए कार्यक्रम का संचालन राजीव मोहन अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर अवधेश मिश्रा, राम रतन लाल वर्मा, अरुण विश्वकर्मा, राजीव सिंह, मोहनलाल गंगवार,सूर्य वाला शर्मा,चांदनी गुप्ता, पिंकी सिंह, महेश सक्सेना, मीडिया प्रभारी ऋषि कुमार, विवेक यादव, अखिलकांत पांडेय, पंकज मिश्रा, मोहित पांडेय, दीपक द्विवेदी आदि सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे है।

# बीएसए कार्यालय पर बाल उत्सव का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में बाल उत्सव का आयोजन किया हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ललौरी खेड़ा के ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जूनियर हाई स्कूल भिंडारा के विद्यार्थियों ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर नाटक प्रस्तुत कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बालिकाओं की सकारात्मक सोच और सशक्त संदेश से उपस्थित जनसमूह प्रभावित हुआ।ब्लॉक ललौरी खेड़ा के कंपोजिट स्कूल ललौरी खेड़ा की छात्राओं ने 'आधा फूल' और 'फिल्म स्टार का अपहरण' विषय पर प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। नगर क्षेत्र पीलीभीत की छात्राओं ने कजरी नृत्य, मरौरी के मुंडेला विद्यालय की छात्राओं ने प्रेरणा गीत तथा कंपोजिट स्कूल नवादिया दहला की छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया।पोस्टर प्रतियोगिता में मरौरी की प्रियंका देवी, बीसलपुर की साक्षी, मरौरी की सालवी, पूरनपुर के संतोष और मरौरी की शिवानी का चयन किया गया है।

## अमेठी जनपद के पचासी परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी बोर्ड परीक्षा

**अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में गुरुवार को बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी की अध्यक्षता में केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सचल दल प्रभारी, मानीटरिंग सेल प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष की हाईस्कूल इण्टरमीडिएट परीक्षा अठारह फरवरी से प्रारम्भ होकर बारह मार्च तक संचालित होगी। हाईस्कूल इण्टर मीडिएट परीक्षा दो पालियों में पूर्वान्ह साढ़े आठ बजे से पूर्वान्ह पौने बारह बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह दो बजे से अपरान्ह सवा पांच बजे तक संचालित होंगी। हाईस्कूल इण्टरमीडिएट की परीक्षा हेतु पचासी परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिनमें राजकीय विद्यालय तेरह, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय बाइस एवं वित्तविहीन विद्यालय पचास सम्मिलित है। हाईस्कूल की परीक्षा में 25620 एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 22713 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होगें। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में कुल 483333 छात्र-छात्रायें शामिल होगें। बोर्ड परीक्षा हेतु केन्द्र व्यवस्थापक पचासी, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक पचासी, जोनल मजिस्ट्रेट चार, सेक्टर मजिस्ट्रेट तेरह एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट पचासी बनाये गये है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्र पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत, जनरेटर इन्वर्टर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर ली जाये। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा एवं प्रबन्धन की जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी। सभी सम्बन्धित अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एव सकुशल ढंग से सम्पन्न करायें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी, स्थानीय थाने से पुलिस फोर्स, क्राइम ब्रान्च, सोशल टीम सतर्क दृष्टि बनाये रखेगें। बोर्ड परीक्षा के महत्वपूर्ण प्रश्न पत्र वाले दिन विशेष निगरानी रखी जायेगी और किसी के द्वारा यदि कोई भी घटना घटित हो तो उसकी सूचना तत्काल दी जाये जिससे कि वहां पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये जा सके। परीक्षा के दौरान किसी भी अराजक तत्व द्वारा यदि परीक्षा में व्यवधान डाला जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें और परीक्षा को नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न करायें। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एकदिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। पीएम श्री योजना के अंतर्गत जनपदीय क्रीडा प्रतियोगिता विकासखंड मरौरी के टाह पौटा के विद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने प्रतिभाग किया है।विजेताओं को मेडल व शील्ड देकर किया गया सम्मानित

सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा एवं बीएसए रोशनी सिंह ने मेडल पहनाकर और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि खेलों से बच्चों में एकजुटता, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है।बीएसए रोशनी सिंह ने कहा कि पीएम श्री स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं पूरी हो चुकी हैं, अब बच्चों को निखारने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। उन्होंने शिक्षकों को बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार करने और होमवर्क की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए है।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, जिला व्यायाम शिक्षिका विभा मिश्रा,जिला समन्वयक राकेश पटेल, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, योगेंद्र शर्मा, रामगोपाल वर्मा, संजीव मिश्रा, रामदास सहित पीएम श्री स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे हैं।

# काम के बढ़ते बोझ के खिलाफ आशा बहुओं का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में आशा बहुओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने काम के बढ़ते बोझ और कम मानदेय के खिलाफ आवाज उठाई। आशा हेल्थ वर्कर एसोसिएशन की जिलायक्ष कुसुम लता यादव ने प्रशासन को चेतावनी दी कि वे अब अतिरिक्त कार्यों का बोझ नह सहेंगी। गुरुवार को बड़ी संख्या में आशा बहुएं सुल्तानपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुईं। उन्होंने जिलाािकारी को संबोाित एक मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा। एसोसिएशन की जिलायक्ष कुसुम लता यादव ने बताया कि आशा बहुओं को अब बीएलओ, ग्राम प्राान और कोटेदारों के काम भी सौंप दिए गए हैं। उन्होंने कहा, अभी तक हम जच्चा-बच्चा सुरक्षा के कार्यों में लगे थे, लेकिन अब हमें एसआई-आरपी (सर्वे) के काम पर भी लगा दिया गया है। कुसुम लता ने सवाल उठाया कि जब वे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य कार्य कर रही थ, तो उन्हें अन्य विभागों के काम क्यों दिए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मात्र 2000-3000 रुपये के मानदेय पर काम करने वाली इन महिलाओं को अब विभागीय आिकारियों द्वारा नौकरी से निकालने की ामकी दी जा रही है। इस पर जिलायक्ष ने आिकारियों को खुली चुनौती देते हुए कहा, अगर किसी आिकारी में हिम्मत है, तो पहले मुझे निकाल कर दिखाए, उसके बाद किसी आशा बहू को हाथ लगाए। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि सर्वे जैसे अतिरिक्त कार्यों के कारण उनका मूल स्वास्थ्य कार्य प्रभावित हो रहा है। इससे गरीब मरीज सरकारी अस्पतालों के बजाय निजी दलालों के चंगुल में फंसने को मजबूर हैं। आशा बहुओं ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर यान नह दिया गया और गैर-जरूरी काम का दबाव कम नह किया गया, तो यह आंदोलन पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा।

## पशु चिकित्सक पर भ्रष्टाचार के आरोप, ग्रामीणों ने जिलाािकारी को सौंपा प्रार्थना पत्र

**कूरेभार/सुलतानपुर,,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कूरेभार स्थित पशु अस्पताल में तैनात पशु चिकित्सक ड. शैलेन्द्र सिंह के खिलाफ क्षेत्रीय ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाािकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में पशुओं को वितरित की जाने वाली दवाइयों को किसानों को न देकर बाहर बेच दिया जाता है, जिससे पशुपालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि ड. शैलेन्द्र सिंह सरकारी वाहन से क्षेत्र में जाकर पशुओं को देखने के नाम पर अत्याकि ानराशि वसूलते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ड्यूटी समय के बाद इलाज करने के लिए अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि चिकित्सक अक्सर ड्यूटी समय पर अस्पताल में उपलब नह रहते, जिससे पशुपालकों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पशुओं का टीकाकरण नियमित रूप से नह किया जा रहा है तथा प्रभावशाली लोगों के पशुओं को प्राथमिकता दी जाती है। क्षेत्रीय निवासियों ने जिलाािकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए संबंाित चिकित्सक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई एवं स्थानांतरण की मांग की है। इस संबंा में प्रशासनिक स्तर पर जांच की प्रक्रिया शुरूकिए जाने की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नह हुई तो वे आंदोलन के लिए बाय वही जब मामले की जानकारी के लिए पशु चिकित्सक डक्टर शैलेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि आरोप मेरे ऊपर जो लगाए गए हैं यह क्यों लगाए गए हैं इसे तो आरोप लगाने वाला ही बता सकता है फिलहाल में एक महीने से एस आई आर में ड्यूटी कर रहा हूं और जो बातें दिखाई जा रही हैं वह फर्जी हैं मैं बराबर अस्पताल पर रहता हूं क्षेत्र के लगभग लोग अस्पताल पर जाकर के मिलते हैं और क्षेत्र में भी जो शिकायत प्राप्त होती है उसका तुरंत जानकारी होते ही कार्यवाही की जाती है।

# ट्रेजरी और डीआईओएस की मिलीभगत से लुटा कोष, सीडीओ चुप, बड़े घोटाले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अवैध रूप से काम कर रहे जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज बीसलपुर सहायता प्राप्त के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इलहाम शम्सी ने जिम्मेदारों के साथ मिलकर बड़ा खेल कर दिया।

इल्हाम की पत्नी के खाते में डीआईओएस कार्यालय के ट्रेजरी खाते से 1.01 करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए, लेकिन अफसरों को कानोंकान खबर तक नहीं लगी जब 21 एनईएफटी हस्तांतरण के लिए भेजे गए बिलों पर डीआईओएस से लेकर लेखाधिकारी तक के हस्ताक्षर हैं ऐसे में बड़ा सवाल है कि ट्रेजरी से करोड़ों रुपये फर्जी भुगतानों में निकलता चला गया और अधिकारी खामोश बैठे रहे अब जांच के नाम पर भी खामोशी का खेल चल रहा है जिसमें जिम्मेदारों को बचाने पर माथापच्ची चल रही है बीते दिनों बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक ने ट्रेजरी से होने वाले संदिग्ध भुगतान को लेकर एक पत्र जिलाधिकारी को भेजा कहा कि अर्शी खातून पुत्री ताहिर शम्सी पत्नी जिला विद्यालय निरीक्षक इल्हाम शम्सी का बचत खाता बैंक में 6 जून 2025 से संचालित है दिसम्बर 2025 में इस बैंक खाते में 21 एनईएफटी द्वारा 24.27 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ है खाते की जांच में सामने आया कि अब तक कुल 10195135 रुपये इस खाते में ट्रांसफर किए गए हैं जिसमें से अब तक 36.41 लाख रुपये यूपीआई लेनदेन के माध्यम से निकाले जा चुके हैं शेष 66.18 रुपये की निकासी को रोकने के लिए खाता फीज कर दिया गया है मामले में जिलाधिकारी ने ट्रेजरी से जांच कराई तो सामने आया कि खाते में हुए 21 एनईएफटी हस्तांतरण जिला विद्यालय निरीक्षक से संबंधित हैं मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सीडीओ की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई

# फेसबुक पर बोलेरो बेचने के नाम पर वसूले 95 हजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लम्भुआ/सुल्तानपुर। शिवगढ़ के एक युवक से फेसबुक पर सेना आिकारी बनकर बोलेरो बेचने के नाम पर 95,848 रुपये की अनलाइन ोखााड़ी की गई है। जालसाज ने पैसे लेने के बाद अपना मोबाइल बंद कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

यह घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के कैथापुर ग्राम रसूलहा निवासी मोहम्मद करीम पुत्र मो. मुस्लिम के साथ हुई। 30 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे करीम ने अपनी फेसबुक फीड पर एक बोलेरो गाड़ी बेचने का विज्ञापन देखा। विज्ञापन में गाड़ी मालिक के रूप में राकेश कुमार सिंह पुत्र जय कीरत सिंह निवासी ग्राम बनी, जनपद सुल्तानपुर का नाम था। राकेश ने खुद को भारतीय सेना में आिकारी बताया और करीम से कहा कि उसका तबादला हो गया है, इसलिए उसे बोलेरो तुरंत बेचनी है। उसने गाड़ी की कीमत 1,80,000 रुपये बताई। राकेश कुमार सिंह ने करीम को अपनी वर्दी में फोटो भी भेजी, जिससे करीम को उस पर विश्वास हो गया। राकेश ने अपनी मजबूरी बताते हुए करीम से कुल 95,848 रुपये अलग-अलग किस्तों में गूगल पे के मायम से मंगवा लिए। पीड़ित के पास इन भुगतानों के साक्ष्य भी मौजूद हैं। पैसे मिलने के बाद राकेश ने न तो गाड़ी दी और न ही करीम के पैसे वापस किए। पैसे मांगने पर वह लगातार बहाने बनाने लगा और शिकायत करने पर जान से मारने की ामकी भी दी। जब मोहम्मद करीम ने दोबारा राकेश के मोबाइल नंबर पर फोन किया, तो वह स्विच अफ मिला। थक-हारकर मोहम्मद करीम ने शिवगढ़ थाने में इस संबंा में तहरीर दी। साइबर अपराा की गंभीरता को देखते हुए शिवगढ़ पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया है। शिवगढ़ एसओ चंद्रभान वर्मा ने बताया कि पुलिस ने उक्त मोबाइल नंबरों और बैंक खातों की जांच शुरूकर दी है और दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ता मोहम्मद रफीक की दलील पर कोर्ट ने आरोपी को किया दोषमुक्त

**सुलतानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घर में घुसकर मारने और गाली गलौज के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोष मुक्त करार दिया है। अभियोजन की तरफ से पेश किए गए सबूत व बयान से आरोप साबित नह होने पर अदालत ने यह फैसला सुनाया है। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के जोली मीरगंज गांव का है। जहां की रहने वाली साफिया ने अभियुक्त मेराज खाँ व फैयाज खां पर घर में घुसकर बेटी के साथ मारपीट और गाली गलौज का आरोप लगाते हुए वर्ष 2018 में गोसाईगंज थाने में एफआईआर दर्ज करवाया था। बाद विवेचना पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में भेजा। मुकदमे का विचारण अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर 21 में चला। दौरान विचारण आरोपी फैयाज की मृत्यु हो गई। अदालत में अभियोजन की तरफ से शिकायतकर्ता साफिया और उसकी बेटी तहसीन बानो का बयान दर्ज कराया गया। गवाही समाप्त होने पर दौरान बहस अभियुक्त मेराज के अविक्ता मोहम्मद रफीक ने महत्वपूर्ण तर्क देते हुए आरोपी को बेकसूर बताया। अभियोजन कथानक साबित नह होने पर कोर्ट ने आरोपी मेराज खाँ को दोष मुक्त करार देते हुए जमानतदारो का जमानत नामा व बांपत्र निरस्त कर उनके दायित्व से उनको उन्मोचित कर दिया।

## सम्पादकीय

# साइबर डकैती पर सख्ती

देश में तेजी से बढ़ रहे साइबर ठगी के मामलों पर शीर्ष अदालत का सख्त रुख वक्त की जरूरत है। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में 54 हजार करोड़ रुपये का डिजिटल फ्रॉड सीधे-सीधे डकैती है। साइबर ठगी खासकर डिजिटल अरेस्ट के जरिये उपभोक्ताओं का करोड़ों रुपये हड़पने के मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने जवाबदेह हितधारकों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने सीबीआई, बैंकों, आरबीआई की कोताही पर प्रश्न खड़े किए। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इन संस्थाओं ने लोगों के खून-पसीने की कमाई को बचाने के लिये समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाये हैं। कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट मामलों में कतिपय बैंक अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। कोर्ट का कहना था कि यह कैसे संभव है कि बैंक अधिकारियों की नाक के नीचे साइबर ठग खाताधारकों का करोड़ों रुपया ठिकाने लगाने में कामयाब हो जाते हैं। कोर्ट ने आशंका जतायी कि इन साइबर ठगी में बैंक अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत हो सकती है। साइबर ठगी को सीधी डकैती की संज्ञा देते हुए अदालत ने कहा कि इस ठगी पर रोक के लिये केंद्र सरकार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर यानी एसओपी तैयार करे। इतना ही नहीं कोर्ट ने गृह मंत्रालय को निर्देश दिया कि आरबीआई, दूरसंचार विभाग और अन्य हितधारकों के लिये चार सप्ताह में एसओपी का ड्राफ्ट तैयार किया जाए। बैंकों की कारगुजारी पर नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने कहा कि बैंकों को अहसास होना चाहिए कि वे जनता के पैसों के ट्रस्टी हैं। उन्हें जनता के भरोसे को नहीं तोड़ना चाहिए। कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई कि आखिर कैसे साइबर ठगी के लाखों केस सामने आ रहे हैं। अकसर सवाल उठाये जाते रहे हैं कि डिजिटल अरेस्ट व अन्य धोखाधड़ी के मामलों में करोड़ों रुपये साइबर अपराधी दूसरे खातों में डाल रहे होते हैं तो बैंक समय पर कार्रवाई क्यों नहीं करते? जबकि बैंकों के पास डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से होल्ड करने का भी अधिकार है। इसमें दो राय नहीं कि बैंकों के पास ऐसा सिस्टम होना जरूरी है, जिसके जरिये निगरानी हो सके कि कैसे किसी के खाते से निकाली गई बड़ी धनराशि जल्दी-जल्दी दूसरे खातों में हस्तांतरित हो रही है। निश्चित तौर पर बैंकों के सुरक्षा सिस्टम को तत्काल ऐसे मामलों में संज्ञान लेना चाहिए। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को रिजर्व बैंक के बाबत टिप्पणी करनी पड़ी कि साइबर ठगी के जरिये जिन खातों से पैसा ठिकाने लगाया जाता है, उस पर संबंधित बैंकों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यह सवाल तार्किक है कि अब तक संबंधित बैंक हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठे रहे हैं? इसमें दो राय नहीं कि यदि बैंक,पुलिस और अन्य एजेंसियां समय रहते तत्काल कार्रवाई करें तो लोगों के खातों में डकैती से हुए नुकसान को कम किया जा सकता है। वैसे एक साल में बाइस लाख साइबर ठगी की शिकायतें सामने आने के बाद कहना कठिन है कि सीबीआई और अन्य एजेंसियां साइबर ठगी के मामलों में तत्काल अंकुश लगा पाएंगी। वक्त की जरूरत है पुलिस व अन्य एजेंसियों को प्रशिक्षित करके इतना सक्षम बनाया जाए कि वे इन अपराधों की संख्या पर रोक लगा सकें। यह तभी संभव है जब देश का गृह मंत्रालय, केंद्रीय बैंक और टेलीकॉम अथॉरिटी मिलकर इस दिशा में तुरत-फुरत काम करें। इसके लिये जरूरी है कि पूरे देश में यथाशीघ्र एसओपी लागू किया जाए। जिसके लिये शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को चार सप्ताह के भीतर ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है। निश्चित ही यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि एक छोटे राज्य के सालाना बजट से अधिक करीब 54 हजार करोड़ रुपये की धनराशि साइबर डकैती से लूट ली गई है। जिसमें राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय साइबर ठगों की भूमिका बनी हुई है। आज देश के बुजुर्गों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों व भोले-भाले लोगों को जिस तरह साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है, उसके खिलाफ केंद्र सरकार को राज्य सरकार व अन्य एजेंसियों के साथ तालमेल बनाकर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है।

# डिजिटल क्रांति पर साइबर प्रहार गंभीर चुनौती

डिजिटल युग ने भारत की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन सेवाओं ने लेन-देन को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाया है। आज एक सामान्य नागरिक भी कुछ सेकंड में देश के किसी भी कोने में धन भेज सकता है, बिल जमा कर सकता है या निवेश कर सकता है। यही डिजिटल क्रांति 'नए भारत' और 'विकसित भारत' की आधारशिला मानी जा रही है। किंतु इसी क्रांति के साथ एक गहरी विडंबना भी उभरकर सामने आई है-डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर लूट की भयावह बढ़ोतरी। हजारों करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की घटनाएँ न केवल आमजन को आर्थिक रूप से आहत कर रही हैं, बल्कि देश की आर्थिक सुरक्षा और वित्तीय प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। डिजिटल व्यवस्था की मूल आत्मा 'विश्वास' है। जब कोई व्यक्ति मोबाइल स्क्रीन पर उभरे एक क्यूआर कोड को स्कैन करता है या किसी लिंक पर क्लिक करता है, तो वह केवल तकनीक पर ही नहीं, बल्कि उस संपूर्ण तंत्र पर भरोसा करता है जो उसे सुरक्षित लेन-देन का आश्वासन देता है। किंतु जब यही विश्वास ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, निवेश घोटालों और पहचान चोरी के कारण टूटने लगता है, तब डिजिटल विकास की पूरी अवधारणा कमजोर पड़ने लगती है। यदि बैंकिंग व्यवस्था में नकली नोटों की भरमार हो जाए तो मुद्रा पर विश्वास डगमगा जाता है, उसी प्रकार यदि डिजिटल लेन-देन में ठगी सामान्य अनुभव बन जाए, तो नागरिक डिजिटल माध्यमों से दूरी बनाने लगते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत हानि का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक ढांचे के लिए भी खतरे की घंटी है। परंपरागत अपराधों और डिजिटल अपराधों की तुलना करें तो दोनों के स्वरूप और प्रभाव में महत्वपूर्ण अंतर दिखाई देता है। पहले चोरी या डकैती किसी सीमित भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित होती थी, अपराधी की पहचान अपेक्षाकृत स्पष्ट होती थी और जांच प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर संचालित होती थी। डिजिटल अपराधों में अपराधी अदृश्य है, वह किसी दूसरे राज्य या देश में बैठकर वारदात कर सकता है, और कुछ मिनटों में सैकड़ों लोगों को निशाना बना सकता है। पारंपरिक अपराध में जोखिम अपराधी के लिए अधिक था, डिजिटल अपराध में जोखिम कम और लाभ अधिक है। यही असंतुलन इसे अत्यंत खतरनाक बनाता है। एक अन्य तुलनात्मक पक्ष यह है कि डिजिटल अपराधों में पीड़ित की मनोवैज्ञानिक स्थिति भी अलग होती है। ठगी का शिकार व्यक्ति स्वयं को अपराधी के सामने असहाय पाता है। पुलिस और साइबर क्राइम कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी जब उसे तकनीकी कारणों का हवाला देकर लौटा दिया जाता है, तो उसके भीतर व्यवस्था के प्रति गहरा अविश्वास जन्म लेता है। कई मामलों में यह देखा गया है कि शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया जटिल है, समुचित मार्गदर्शन नहीं मिलता, और समय पर कार्रवाई न होने से धन की रिकवरी असंभव हो जाती है। इससे यह धारणा बनती है कि डिजिटल अपराध का कोई वास्तविक दंड नहीं है। सरकार और न्यायपालिका ने समय-समय पर इस समस्या की गंभीरता को स्वीकार किया है। शीर्ष अदालत द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर देखना इस बात का संकेत है कि यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक आक्रमण भी हो सकता है। किंतु नीति-निर्माण और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बनी हुई है। अनेक प्लेटफार्म और हेल्पलाइन स्थापित किए गए हैं, परंतु उनकी कार्यप्रणाली में त्वरित प्रतिक्रिया, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कमी स्पष्ट दिखती है। यदि शिकायत के बाद प्रारंभिक ह्लगोल्डन ऑवरङ्ग में ही बैंक खाते फ्रीज करने और ट्रांजैक्शन ट्रैक करने की प्रभावी व्यवस्था न हो, तो बाद की प्रक्रिया औपचारिकता बनकर रह जाती है। वित्तीय प्रणाली की दृष्टि से देखें तो डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना निवेश, उपभोग और बैंकिंग व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यदि आमजन को यह आशंका सताने लगे कि ऑनलाइन निवेश योजनाएँ या भुगतान सुरक्षित नहीं हैं, तो

डिजिटल व्यवस्था की मूल आत्मा 'विश्वास' है। जब कोई व्यक्ति मोबाइल स्क्रीन पर उभरे एक क्यूआर कोड को स्कैन करता है या किसी लिंक पर क्लिक करता है, तो वह केवल तकनीक पर ही नहीं, बल्कि उस संपूर्ण तंत्र पर भरोसा करता है जो उसे सुरक्षित लेन-देन का आश्वासन देता है। किंतु जब यही विश्वास ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, निवेश घोटालों और पहचान चोरी के कारण टूटने लगता है, तब डिजिटल विकास की पूरी अवधारणा कमजोर पड़ने लगती है। यदि बैंकिंग व्यवस्था में नकली नोटों की भरमार हो जाए तो मुद्रा पर विश्वास डगमगा जाता है, उसी प्रकार यदि डिजिटल लेन-देन में ठगी सामान्य अनुभव बन जाए, तो नागरिक डिजिटल माध्यमों से दूरी बनाने लगते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत हानि का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक ढांचे के लिए भी खतरे की घंटी है। परंपरागत अपराधों और डिजिटल अपराधों की तुलना करें तो दोनों के स्वरूप और प्रभाव में महत्वपूर्ण अंतर दिखाई देता है। पहले चोरी या डकैती किसी सीमित भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित होती थी, अपराधी की पहचान अपेक्षाकृत स्पष्ट होती थी और जांच प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर संचालित होती थी। डिजिटल अपराधों में अपराधी अदृश्य है, वह किसी दूसरे राज्य या देश में बैठकर वारदात कर सकता है, और कुछ मिनटों में सैकड़ों लोगों को निशाना बना सकता है।

वह नकद लेन-देन की ओर लौट सकता है। यह प्रवृत्ति सरकार की कैशलेस अर्थव्यवस्था की नीति को कमजोर करेगी। इसके अतिरिक्त, विदेशी निवेशकों के लिए भी यह संकेत नकारात्मक हो सकता है कि साइबर सुरक्षा का ढांचा पर्याप्त सुदृढ़ नहीं है। अतः यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक नीति का भी केंद्रीय प्रश्न है। समाधान के स्तर पर तुलनात्मक रूप से देखें तो विकसित देशों ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के दायरे में रखा है। वहाँ विशेषीकृत एजेंसियाँ, उच्च प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ, त्वरित डेटा साझा करने की प्रणाली और सख्त दंडात्मक प्रावधान हैं। भारत में भी साइबर क्राइम ब्यूरो और डिजिटल सुरक्षा तंत्र मौजूद हैं, परंतु उनकी क्षमता, संसाधन और प्रशिक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। स्थानीय पुलिस बल को केवल पारंपरिक अपराधों की नहीं, बल्कि डिजिटल फॉरेंसिक, ब्लॉकचेन ट्रैकिंग और डेटा विश्लेषण की भी विशेषज्ञता दी जानी चाहिए। जब तक जांच एजेंसियाँ तकनीकी रूप से अपराधियों से एक कदम आगे नहीं होंगी, तब तक रोकथाम कठिन रहेगी। एक महत्वपूर्ण पक्ष नागरिक जागरूकता का भी है। तकनीक जितनी उन्नत होती है, अपराधी भी उतने ही नए तरीके अपनाते हैं। अतः केवल सरकारी तंत्र पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता अभियान चलाना आवश्यक है, ताकि लोग संदिग्ध लिंक, कॉल और निवेश प्रस्तावों से सावधान रहें। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि जागरूकता का दायित्व पीड़ित पर डालकर व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। सुरक्षा का मूल दायित्व तंत्र का है, नागरिक का नहीं। भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस समस्या को जटिल बनाते हैं। यदि बैंक या भुगतान प्लेटफार्म समय पर कार्रवाई नहीं करते, या आंतरिक मिलीभगत से फर्जी खाते संचालित होते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत विफलता है। इसलिए पारदर्शी ऑडिट प्रणाली, जवाबदेही और कठोर दंड अनिवार्य हैं। डिजिटल प्लेटफार्मों की केवाईसी प्रक्रिया को अधिक कठोर और वास्तविक बनाना होगा, ताकि फर्जी पहचान के माध्यम से खाते खोलना कठिन हो। अंततः डिजिटल क्रांति का उद्देश्य सुविधा, पारदर्शिता और समृद्धि है। यदि यही क्रांति भय, असुरक्षा और अविश्वास का कारण बनने लगे, तो उसका नैतिक औचित्य कमजोर पड़ जाएगा। भारत जैसे विशाल देश में डिजिटल परिवर्तन को रोकना संभव नहीं, और न ही यह वांछनीय है। किंतु इसे सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना अनिवार्य है। सरकार को नीति, तकनीक और प्रशासन- तीनों स्तरों पर समन्वित रणनीति अपनानी होगी। साइबर अपराध के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों को समयबद्ध राहत, जांच एजेंसियों का सशक्तीकरण और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही-ये सब मिलकर ही धोखाधड़ी मुक्त डिजिटल परिवेश का निर्माण कर सकते हैं। डिजिटल भारत की सफलता केवल ऐप्स और आंकड़ों से नहीं, बल्कि उस विश्वास से मापी जाएगी जो नागरिक अपने मोबाइल स्क्रीन पर उभरते हर ट्रांजैक्शन संदेश के साथ महसूस करता है। यदि यह विश्वास सुरक्षित रहा, तो डिजिटल क्रांति राष्ट्र को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगीय यदि यह टूट गया, तो समृद्धि का सपना भी अधूरा रह जाएगा। अतः समय की मांग है कि डिजिटल धोखाधड़ी को एक राष्ट्रीय चुनौती मानकर उसके समाधान की दिशा में ठोस, निर्णायक और पारदर्शी कदम उठाए जाएँ, ताकि विकसित भारत की आधारशिला मजबूत और अडिग रह सके। – ललित गर्ग

# बारी बरसी खटन गया सी

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

बारी बरसी खटन गया सी...ये गीत पंजाब के उस मेहनतकश इंसान का लोक गीत है, जो बारह साल परदेस में कमाकर लौटा है। हर बार उसकी झोली में कुछ नया गिफ्ट होता है , कभी लोई, कभी सितारा, कभी गहना, कभी चूल्हा-ताला। ढोल बजता है। भांगड़ा चलता है और सारा गांव, साले-बिरादरी नाच उठते हैं क्योंकि मेहनत रंग लाई है,कुछ हाथ लगा है।

अब इसी गीत की रस्म को एक राजनीतिक पार्टी ने राजनीति का नया मनोरंजक कायदा बना लिया है। फर्क सिर्फ इतना है कि वहां बारह साल बाद सच में कुछ लेकर , लौटा था। ये लोग रोज़ सुबह उठते हैं, खाली हाथ में थाल सजाते हैं, ऊपर से झूठे सबूत की चटनी परोसते हैं, और ढोल बजवा देते हैं''और अब डांस करेंगे सारे के सारे !''

बारी बरसी खटन गया सी।

हर चुनाव, हर प्रेस कॉन्फ्रेंस, हर बजट सत्र, यही क्रम है। हाथ में कुछ ठोस नहीं, मगर उल्लास ऐसा मानो पूरी दिल्ली जीत ली हो।

राफ़ेल डील, आई, देखी, डांस हुआ। सुप्रीम कोर्ट बैठा, सीबीआई बैठी, ईडी बैठी, सबने कहा, कुछ नहीं। मगर इनकी थिरकन अभी थमी नहीं। अब राफ़ेल आसमान में उड़ते हैं, और ये ज़मीन पर वही स्टेप्स दोहराते हैं। असल ज़िंदगी में री प्ले नहीं मिलता, पर यहाँ तो हर साल रीमिक्स है।

चौकीदार चोर है, क्या पंचलाइन थी ! इतनी जोरदार कि पार्टी कार्यकर्ता झूम उठे। मगर सबूत? वो तो बाद में देखेंगे, पहले डांस। अब सात साल हो गए। अदालत ने कहा, सबूत नहीं मिला। जाँच एजेंसी ने कहा सबूत नहीं मिला। पर ये कहते हैं ''हमें तो अब भी यकीन है, यकीन है।''

ईवीएम और वोट चोरी , चुनाव हारो, तुरंत मशीन पर ठुमका लगाओ । कभी बैटरी बदली, कभी हैकिंग, कभी हनुमान चालीसा। मगर जब पूछो कि पंजाब, तेलंगाना, हिमाचल में तुम जीते कैसे? तब मशीन ठीक थी या उसमें भी भगवान का चमत्कार? सवाल सुनते ही डांस और तेज़। क्योंकि यह सवालों के जवाब का नहीं, जश्न का मौका है।

संविधान की प्रति, लाल किताब हाथ में, आँखों में नमी, होंठों पर गांधी, मन में नेहरू, और जेब में... खैर। संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ। तीनों थाली में सजे, वही ठुमके। पर संविधान पढ़ने का वक्त कहाँ? जब तक अनुच्छेद पढ़ोगे, तब तक कोई और डांस शुरू हो जाएगा।

नरवडे जी की अप्रकाशित पुस्तक, ये तो कमाल है। अप्रकाशित। यानी अभी छपी नहीं। किसी ने पढ़ी नहीं। उसमें है क्या, पता नहीं। मगर प्रेस कॉन्फ्रेंस हो चुकी, आरोप लग चुके, डांस शुरू हो चुका। फ़ेक कापी हवा में लहरा कर डांस किया जा चुका । साहित्य जगत में किताब छपने पर चर्चा होती है, यहाँ किताब छपने से पहले ही चर्चा, आरोप, और भांगड़ा , सब एक साथ।

अमेरिका से डील, अब ये तो सबसे ताज़ा एंट्री है। डील में हुआ क्या, पता नहीं। किसने की, कैसे की, कितने में की , बारीक अध्ययन,विवेचन, जानकारी शून्य है। मगर आरोप हवा में हैं, आरोपों को उछाल कर, हवा हवाई डांस चल रहा है। इतनी ऊर्जा है, कि पावर परचेज के टाई-अप करना चाहिए।

अब सवाल यह नहीं कि इन मुद्दों में दम है या नहीं।

सवाल यह है कि जब हर बार थाल खाली निकलती है, तो फिर भी ढोल क्यों बजता है? भेड़िया आया भेड़िया आया, आख़िर कब तक? लकड़ी की हांडी कितनी बार चढ सकती है? क्योंकि अब आरोप कोई बहस नहीं, रस्म बन गए है।और रस्में सबूतों की मोहताज नहीं होतीं।

राफ़ेल झूठा, चौकीदार सच्चा, फिर भी नारा वही। ईवीएम सही, वोट सुरक्षित, फिर भी चीख वही।

किताब अप्रकाशित, आरोप प्रकाशित, फिर भी थिरकन वही।

''बारी बरसी खटन गया सी।'' हर बार खाली हाथ,पर हर बार पूरा उल्लास।

## सेहत मंत्र

# झड़ते और सफ़ेद बालों को तुरंत रोकती है जटामांसी औषधी

मौजूदा समय में हर तीसरा आदमी झड़ते और टूटते बालों से परेशान है। आजकल बाल झड़ने के साथ साथ बालों का सफ़ेद होना भी एक बड़ी समस्या बन रही है। वैसे बाल झड़ने के कई बड़े कारण हैं। खराब खानपान, अनियमित लाइफस्टाइल और कैमिकल का प्रयोग बालों के पतन का सबसे बड़ा कारण है। अगर आपका यही लाइफस्टाइल रहेगा तो बालों की रिग्रोथ हो पाना बहुत मुश्किल है। जबकि यदि आप एक व्यवस्थित लाइफस्टाइल अपनाते हैं और औषधियों का प्रयोग करते हैं तो आपका अच्छे बालों का सपना पूरा हो सकता है। हालांकि मेडिकल साइंस अब इतना विकसित कर गया है कि गंजे सिर में भी स्टेम शेल थेरेपी से बाल उगाए जा रहे हैं। बालों का प्रत्यारोपण भी किया जा रहा है, लेकिन यह उपाय काफी महंगे हैं और यह सब जगह आसानी से उपलब्ध भी नहीं है। यदि आप अंदर से सेहतमंद हैं और बालों की उचित देखभाल कर रहे हैं तो हेयर रिग्रोथ निश्चित रुप से होगी। आज हम आपको अच्छे और सुंदर बालों के लिए कुछ टिप्स बता रहे हैं। जटामांसी- इस जड़ी-बूटी का इस्तेमाल आयुर्वेद में हेयर ग्रोथ के दवा के रुप में किया जाता है। इसे आप कैप्सूल की तरह खा भी सकते हैं और इसे सीधे बालों की जड़ में लगा भी सकते हैं। जटामांसी की जड़ें इसका मुख्य औषधीय हिस्सा है। जटामांसी के पत्ते भी हर्बल और पारंपरिक चिकित्सा में उपयोग किए जाते हैं। दुर्गन्ध, शामक, रोगाणुरोधी और सूजन को कम करने वाले गुणों की वजह से इसको आवश्यक तेल के रूप में प्रयोग किया जाता है। जटामांसी औषधीय जड़ी- बूटी का इस्तेमाल तीक्ष्ण गंध वाला परफ्यूम और दवा बनाने के लिए भी किया जाता है। अगर आप चाहें तो इसे घर पर भी उगा सकते हैं। अरंडी का तेल- पहली बार इसे आजमाने वाले अरंडी के तेल में नारियल तेल, जैतून का तेल या फिर कोई ऐसा तेल मिला लें जो आसानी से अरंडी के तेल में मिल जाए। अरंडी का तेल थोड़ी मोटा और गाढ़ा होता है और इसे पतला बनाने के लिए अन्य तेलों को मिलाना जरुरी होता है। जब तेल तैयार हो जाए तो इससे बालों की जड़ों की मालिश करें।

## धर्म मंत्र

# शुक्रवार के दिन करें मां लक्ष्मी को प्रसन्न, घर में आएगी धन और समृद्धि

आज शुक्रवार है और आज के दिन लक्ष्मी मां के स्वरूपों की पूजा की जाती है। मान्यता है कि अगर माता लक्ष्मी प्रसन्न हो जाएं तो व्यक्ति को धन-धान्य की कमी नहीं रहती है। अगर आप माता लक्ष्मी को प्रसन्न कर लेते हैं तो धन और समृद्धि के सभी रास्ते खुल जाते हैं। अगर घर में लगातार महालक्ष्मी शंख की पूजा की जाए तो लक्ष्मी जी प्रसन्न हो जाती हैं। इससे धन और समृद्धि के रास्ते खुल जाते हैं। अगर आप पीली कौड़ियों को घर में रखते हैं तो मां लक्ष्मी प्रसन्न हो जाते हैं और धन की वृद्धि होती है। शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी मंदिर जाकर उन्हें कमल का फूल अर्पित करने से भी लक्ष्मी जी प्रसन्न हो जाती हैं। लक्ष्मी माता को केसर भात या फिर पीले और सफ़ेद रंग की मिठाई भी अर्पित की जाती है। इससे लक्ष्मी जी प्रसन्न हो जाती हैं। लक्ष्मी जी को श्रीफल बेहद पसंद है। मां लक्ष्मी को श्रीफल अर्पित करना बेहद शुभ होता है। साथ ही माता को खीर, हलुआ, ईख (गन्ना), सिघाड़ा, मखाना, बताशे, अनार, पान और आम्रबेल का भोग भी लगाया जाता है। इससे मां बेहद प्रसन्न हो जाती हैं। घर में धन व समृद्धि लाने के लिए केले के पेड़ की पूजा की जाती है। ऐसा नियमित रूप से करने पर मां लक्ष्मी की कृपा भक्तों पर बनी रहती है। अगर लगातार तुलसी माता और शालिग्राम की पूजा विधि-विधान के साथ की जाए तो मां लक्ष्मी अत्यंत प्रसन्न हो जाती हैं। घर की दहलीज पर रंगोली बनाने से भी मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

## पर्यटन



# दुनिया के बेहतरीन 52 पर्यटन स्थलों में दूसरे नंबर पर है कर्नाटक का हम्पी

कल्पना कीजिए कि आप एक ऐसे संग्रहालय में सुबह-सुबह प्रवेश करें, जो चारों ओर से न सिर्फ खुला हो, बल्कि सोलहवीं शताब्दी का एक प्रसिद्ध शहर हो! ज्यों-ज्यों दिन खुले तो पतली और काली चमकदार सड़क के दोनों ओर लगे छोटे-छोटे साइन-बोर्ड आपको उन नामों की नगरी में ले जाएं, जो भारतीय इतिहास के स्तंभ माने जाते हैं! जहां बढ़ता हुआ हर अगला कदम आपको यहां की सभ्यता-परंपरा से खुद-ब-खुद वाकिफ करा दे। यह कल्पना हकीकत में तब्दील हो सकती है, यदि आप हम्पी घूमने आएं। दरअसल, हम्पी आपको उस समृद्धतम काल में ले जाता है, जो इतिहास की पुस्तकों में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो चुका है। यह वही शहर है, जहां कभी राजा कृष्णदेव राय और उनके अति-बुद्धिमान सलाहकार तेनालीराम रहते थे। हम्पी का इतिहास सम्राट अशोक के समय से मिलता है। मध्यकाल तक यह कई राजवंशों की राजधानी रही, लेकिन हम्पी की वास्तविक प्रसिद्धि और समृद्धि विजयनगर साम्राज्य से जुड़ी है, जिसने तुलुववंशीय राजा कृष्णदेव राय के काल में अतुलनीय ऊंचाई हासिल की। इतिहास में विजयनगर साम्राज्य अपने व्यापार और उच्चस्तरीय प्रशासन के लिए जाना जाता है, जब भवन निर्माण, मूर्तिकला और संगीत के क्षेत्र में काफी तरक्की हुई थी। इसकी बानगी आप यहां पसरी तरह-तरह की संरचनाओं में देख सकते हैं। स्तंभों पर बने ऊंचे-ऊंचे घोड़े इस बात के प्रमाण हैं। हालांकि तब की कुछ संरचानाएं अब खंडहर में तब्दील हो गई हैं, लेकिन साबुत बचे हुए भवनों, मंदिरों, सरायों और बाजारों से इस साम्राज्य की भव्यता और उनके कारीगरों के कौशल का पता चलता है। यहां पत्थर पर उकेरी गई महीन कलाकृतियों से सुसज्जित सैकडों भवन हैं। इनमें मंदिर, लंबे-लंबे गलियारे, मूर्तियां, बाजार आदि सब इतने आकर्षक हैं कि उनकी निर्मिति को घंटों निहारा जा सकता है। बिट्ठल मंदिर में ही रथ के पीछे उस परिसर की एक महत्वपूर्ण संरचना है महामंडपम! इसका प्रयोग राजसी नृत्य और संगीत के कार्यक्रमों के लिए किया जाता था। शिल्प की इतनी महीन कारीगरी यहां देखने को मिलती हैं कि एक-एक मूर्ति को देखने में ही काफी समय लग जाए।

# हड़ताल पर 30 करोड़ लोग, श्रम कानून रद्द करो, रोको निजीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। देश में 30 करोड लोग हड़ताल पर हैं। किसान, खेतिहर ,मजदूर,बैंक,बीमा,बिजली समेत 10 केन्द्रीय ट्रेड यूनियन हड़ताल पर हैं। अडानी के लिए सरकार एयरपोर्ट बनाकर उनको देने के लिए तैयार रहती है। और

मेहनतकश आवाम भुखमरी का शिकार हो रही है। आम हड़ताल के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया गया।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीरसिंह''सुमन'' ने कहा कि प्रधानमंत्री देश बेच रहे हैं। इसलिए वह देश से पलायन कर रहे हैं। पार्टी के सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि श्रम कानून को रद्द करो, निजीकरण को रोको, ठेका प्रथा बंद करो। बिजली संशोधन को वापस लो, कि मांग को लेकर हड़ताल की जा रही है। पार्टी के प्रदेशीय नेता प्रवीण कुमार ने कहा कि मिड डे कर्मी,संविदा कर्मी, देश के कई हिस्सों में रोडवेज बसें बंद है।वही पार्टी के कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में आए दिन हड़ताल रहेगी,क्योंकि देश की सारी संपदा अडानी और अंबानी को सौंपी जा रही हैं,सारी योजनाएं उनके लिए लागू की जा रही है।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व किसान सभा के जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने किया और राष्ट्रपति को संबोधित दिया। प्रदर्शनकारियों में प्रेमचंद वर्मा,करन राजपूत, धर्मेंद्रशर्मा, कदीर हसन, सर्वेशयादव, रामनरेशवर्मा, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, दीपक वर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव मोहम्मद कासिम,लवकुश वर्मा ,दीपक शर्मा, सुंदरलाल सोनी, आशीष शुक्ला, संदीप तिवारी, श्याम सिंह,राजेंद्र बहादुर सिंह,संदीप वर्मा, अलाउद्दीन,अरुण,संतोष कुमार दया एडवोकेट, अंकुल वर्मा,में आदि प्रमुख लोग थे।

# सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत, एक गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता





निंदूरा बाराबंकी। घुंघटेर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात वीभत्स सड़क हादसे में दो सगे भइयों की मौत से पूरे इलाके को झकझोर दिया। कुर्सी औधोगिक क्षेत्र से ड्यूटी कर घर लौट रहे तीन युवकों की बाइक को तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

घुंघटेर थाना क्षेत्र के पीरनगर गांव निवासी अंकित यादव 24 वर्षऔर उनका छोटा भाई विकास यादव 20 वर्ष पुत्र कमलेश यादव व चुलिहापुरवा निवासी गांव निवासी विकास पुत्र सुरेश 23 वर्ष के साथ कुर्सी औधोगिक क्षेत्र स्थित एक अलमारी फैक्टरी में कार्यरत थे। बुधवार की रात ड्यूटी खत्म कर तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे।करीब एक बजे निगोहां - बजगहनी मार्ग पर तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।उधर से गुजर रहे राहगीरों ने सड़क पर लहूलुहान तीनों युवकों को देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पाया कि अंकित और इनके भाई विकास यादव की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि तीसरा युवक विकास गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा था। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

हादसे की खबर जैसे ही पीरनगर गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। अंकित और विकास अपने माता-पिता के इकलौते दो बेटे थे। अंकित की शादी हो चुकी थी और तीन माह पहले ही उसके घर बेटे का जन्म हुआ था। वहीं छोटा भाई विकास अविवाहित था। एक ही घर के दो चिराग बुझ जाने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फरार वाहन की पहचान की जा सके।

## नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म का आरोप

**फतेहपुर(बाराबंकी), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता नेएक युवक ने नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया, आपत्ति जनक वीडियो और फोटो बनाकर उससे ब्लैकमेल किया तथा रुपये और जेवरात हड़प लिए। पीड़िता ने एस पी से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता अनुसार, उसके पति लगभग डेढ़ दर्ष पहले रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गाए थे। इसी दौरान फतेहपुर के नालापार उत्तरी मुहल्ले निवासी समीर पुत्र अलीम कार बुकिंग का काम करता है, उसके घर आने-जाने लगा।महिला का आरोप है कि एक बार लखनऊ से जाते समय युवक ने उसे नशीला पदार्थ दे दिया, जिससे यह अचेत हो गई। इसके बाद आरोपी ने एक होटल में उसके साथ दुष्कर्मकिया और आपत्तिजनक वीडियो व फोटो बना लिए। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने इन वीडियो और फोटो को वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैक मेल किया। डर के कारण वह उसके दबाव में रही। महिला ने आरोप लगाया कि ब्लैकमेलिंग के जरिए आरोपी ने उससे करीब एक लाख रुपये नकद और सोने के जेवरात भी ले लिए।महिला अनुसार, उसने फतेहपुर थाने में लिखित शिकायत दी थी। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। बाद में पूरे घटनाक्रम से आहत महिला ने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की। इस संबंध में कोतवाल अमितकुमारसिंह ने बताया कि मुकदमा दर्जकर मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच हो रही है, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## रामपुर में वकील की हत्या, विरोध में वकीलों का भव्य प्रदर्शन, ज्ञापन

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामपुर जनपद में 11 फरवरी को गोली मारकर वकील की हत्या को लेकर जिला मुख्यालय पर अधिवक्ताओं में खांसा आक्रोश दिखा। जिला बार एसोसिएशन की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट परिसर से जुलूस निकाला जिसका नेतृत्व वरिष्ट उपाध्यक्ष रितेष मिश्रा,महामंत्री रामराज यादव ने किया। सिविल कोर्ट परिसर में नारेबाजी करता हुआ जुलुश अयोध्या रोड होकर कलेक्ट्रेट कचेहरी पहुंचा। जिलाधिकारी कार्यालय के निकट वकीलों ने सभा कर गोली काण्ड की कड़ी भर्त्सना की और हमलावर को शीघ्र जेल में डालने की तथा मृतक अधिवक्ता के आश्रितों को 50 लाख रूपए प्रतिकर दिए जाने की मांग की।इस संबंध में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्य मंत्री को भेजा। इस अवसर पर पवन मिश्रा,अनुराग शुक्ला,सहदेव मौर्य,सुरेश गौतम,गुड्डू शुक्ला,अनूप कल्याणी,सुनीत अवस्थी,शाहीन अख्तर,वीरेंद्र तिवारी,अमित सिंह सूर्यवंशी,रूबी सिंह,सतीश पाण्डेय,राहुल मिश्रा, डोलता कुमारी, मानू बाजपेई,सरिता वर्मा, अशोक द्विवेदी, रईस कादरी,संजय बाबा,सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## फांसी लगा की आत्महत्या

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र गांव भेंदुवा बहरेला निवासी सुधीर सिंह उर्फ बडकऊ(36 वर्ष) पुत्र विनय सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या की।घटना के समय परिवार के लोग शादी समारोह में गए थे और पत्नी-बच्चे घर में सो रहे थे। जब वे लौटे तो सुधीर का शव बरामदे की छत से लटका हुआ देखा।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

## टीम ने बताया साइबर ठगी के बचाव उपाय

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को विकासखंड क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज में लखनऊ से आई यूपीआई की टीम ने दुकानदारों को साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक किया। टीम के सदस्यों ने डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग के बीच सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि यदि किसी अनजान नंबर से फोन कर कोई व्यक्ति खुद को पुलिस या किसी विभाग का अधिकारी बताकर किसी केस में फंसाने की बात कहे और पैसों की मांग करे तो ऐसे कॉल से घबराएं नहीं और तुरंत फोन काट दें। बिना सत्यापन के किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और न ही ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा करें। टीम ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति दोस्त या रिश्तेदार का नाम लेकर पैसों की मांग करे तो पहले संबंधित व्यक्ति से सीधे फोन पर संपर्क कर पुष्टि अवश्य कर लें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि सुरक्षित की जा सके।

# प्रातः कालीन वंदना से भावविभोर हुए लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर (बाराबंकी)सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में आज की प्रातःकालीन वंदना सभा केवल एक औपचारिक आयोजन न रहकर संवेदना, समर्पण और सेवा-भाव का सजीव उत्सव बन गई।विद्यालय परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण उस समय और आलोकित हो उठा,

जब विद्यालय के उप प्रबंधक एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश जायसवाल ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आचार्य वीरेंद्र कुमार शर्मा एवं आचार्य जय किशोर को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा एवं उप प्रबंधक राजेश जायसवाल द्वारा माँ सरस्वती के श्रीचरणों में दीपप्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। दीप की ज्योति मानो ज्ञान, सेवा और त्याग की उस भावना का प्रतीक बन उठी, जो आगे चलकर इस समारोह का मुख्य संदेश बनी। सम्मान प्राप्त करने के बाद आचार्य वीरेंद्र कुमार शर्मा एवं आचार्य जय किशोर ने जो निर्णय लिया, उसने उपस्थितो के हृदय को भावविभोर कर दिया।दोनों आचार्यों ने पुरस्कार स्वरूप प्राप्त संपूर्ण नगद राशि अरुणाचलप्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों के निवासी गिरिवासी, वनवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु समर्पित कर दी। यह घोषणा होते ही सभा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

आचार्य वीरेंद्र कुमार शर्मा ने अत्यंत विनम्रता से कहा, ‟यदि इस पुनीत कार्य में मैं अंश मात्र भी सहयोग कर सकूँ, तो इसे अपना सौभाग्य मानूँगा।‟उनके इन शब्दों में निहित सेवा-भाव ने सभी के मन में एक नई चेतना का संचार किया।

उप प्रबंधक राजेश जायसवाल एवं प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा ने दोनों आचार्यों की उदारता और समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की।उन्होंने उपस्थित भैयाबहनों, आचार्यों एवं समाज के सब सज्जनों से आह्वान किया कि वे भी इस त्याग और सेवा की भावना से प्रेरणा ग्रहण करें तथा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

अंत में प्रधानाचार्य श्रीवर्मा ने उपस्थितों केप्रतिआभार व्यक्त करते हुए कहाकि ऐसे क्षण ही विद्यालय की सच्ची पहचान और उसके संस्कारों का प्रमाण होते हैं।

आजकी यह वंदनासभा केवल एक सम्मान समारोह नहीं थी, बल्कि यह संदेश थीकि सच्ची शिक्षा वही है, जो हृदय में करुणा, कर्तव्य और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना जगाए।

# चार दिवसीय महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर(बाराबंकी)। क्षेत्र के सांडभारी में मां गायत्री संस्कार पीठ के तत्वावधान मेंआयोजित चार दिवसीय विराट नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा और सर्वधर्म सम्मेलन का समापन हुआ ।

मां गायत्री संस्कार पीठ के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में चार दिनों तक प्रतिदिन यज्ञ, प्रवचन और कथा माध्यम से आध्यात्मिक वं नैतिक मूल्यों पर समाज को नशामुक्त बनाने कासन्देश दिया और लोगों से स्वस्थ व संस्कारवान जीवन अपनाने की अपील का प्रसार किया गया।यज्ञाचार्यों ने गायत्रीमंत्र की महिमा और मानव जीवन में संस्कारी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।सामाजिक समरसताऔर सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्वधर्म सम्मेलन का भी आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्नधर्मों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए।

महायज्ञ के दौरान 102 जोड़ों का सामूहिक नौ कुंडीय यज्ञ विवाह संपन्न कराया गया।

इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा गया। नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में संस्कार, संयम और पारिवारिक मूल्यों के महत्व पर मार्गदर्शन भी दिया गया।कार्यक्रम का समापन हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ता देशराज साहू, श्यामलाल, नरेंद्र प्रताप वर्मा, दिलीप साहू, संजय रावत, प्रदुम रावत, मोहित यादव, अजय वर्मा और भाजपा नेता सुनील सोनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक चेतना का वातावरण बना।

# कार्यकत्रियों को डेटा फीडिंग, प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय में सीडीपीओ अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का ईसीसीई प्रशिक्षण में ऑनलाइन डेटा भरने और बच्चों की गतिविधियों के फोटो अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में रॉकेट लर्निंग से रितिक ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जानकारी दी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के विकास और शिक्षा के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना था, ताकि वे बच्चों को बेहतर शिक्षा और देखभाल दे सकें।कार्यकत्रियों को बच्चों का वजन ऑनलाइन दर्ज करने, लाभार्थियों को फ़ेस कैप्चरिंग के माध्यम से राशन वितरण करने और अन्य ऑनलाइन गतिविधियों को संचालित करने का तरीका सिखाया गया।सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों को समय पर खोलें और बंद करें। साथ ही, केंद्र संचालित करते हुए बच्चों के साथ ली गई सेल्फी को पोषण ट्रैकर पर अपलोड करें। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी।

## कीमती दो भैंसे चोरी, एफआईआर

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के मुरारपुर गांव निवासी विनोद पुत्र परशु राम यादव की दो कीमती भैंसें अज्ञात चोर दरवाजे से खोल ले गए।एक भैंस दूध दे रही थी तो दूसरी बच्चा देने वाली थी। पीड़ित विनोद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# शिव बारात शोभा यात्रा की तैयारी तेज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कस्बा टिकैतगंज स्थित बाबा परमहंस दास कुटी पर आगामी 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले सामूहिक रुद्राभिषेक एवं शिव बारात शोभा यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को कुर्सी थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा शोभा यात्रा के चिन्हित मार्ग का जायजा लिया। आयोजक हर्षित शुक्ला ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा परमहंस कुटी पर सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने आयोजकों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी से सहयोग की अपील की। इस दौरान आश्रम कुटी के महंत सुरेश पांडेय, कार्यक्रम सदस्य राहुल गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, बजरंग दल संयोजक मुकेश सिंह, प्रखंड मंत्री आशीष सोनी, उमेश यादव, सर्वेश सोनी, मयंक राठौर, मयंक गुप्ता, ऋषभ सहित अन्य लोग उपस्थित।

# समूह सचिव व अध्यक्ष की ग्रामीण खुले मैदान शौच को मजबूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। आजीविका मिशन के तहत ग्राम पंचायत सेमरी मे गठित लक्ष्मी स्वय सहायता समूह के अध्यक्ष एव सचिव के बींच छिड़ी जंग के चलते गांव के सामुदायिक शौचालय पर बीते कई महीनो से ताला लटक रहा है और ग्रामीण खुले मे शौच करने के लिए मजबूर है। केयर टेकर के रूप मे कार्य करने वाली समूह की सचिव को करीब नौ महीने का मानदेय बकाया है।

बताते चले कि विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत सेमरी मे गठित लक्ष्मी स्वय सहायता समूह की अध्यक्ष गायत्री यादव व सचिव नीलम रावत के बींच छिड़ी जंग का खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे है बर्खास्त ब्लाक मिशन मैनेजर जितेंद्र पटेल की शह पर समूह अध्यक्ष गायत्री यादव ने बगैर कोई सूचना के समूह की बैठक कर सचिव नीलम रावत को समूह से बाहर करते हुए अपनी सास को समूह का सचिव बना दिया जो नियमतः गलत है। सामुदायिक शौचालय के साफ सफाई के रूप मे कार्य करने वाली केयर टेकर नीलम रावत को बीते 9 माह् का बकाया मानदेय नहीं मिला है। पीड़िता ने ग्राम प्रधान से लेकर ब्लाक मुख्यालय तक तमाम चक्कर लगाने के बाद भी आज तक बकाये मानदेय का भुगतान नहीं हो पाया है।

## जालसाजी कर खाते से निकाले 36 हजार

लक्ष्मी स्वय सहायता समूह की अध्यक्ष गायत्री यादव ने समूह की सचिव नीलम को बगैर कोई नोटिस दिये ब्लाक मिशन प्रबंधक जितेंद्र पटेल से सांठगांठ कर फर्जी प्रस्ताव बनाकर अपनी सास को समूह का सचिव बनाकर सास के साथ मिलकर समूह से जुड़ी महिलाओं का 36 हजार रुपये निकाल लिये जिसकी शिकायत नीलम ने खण्ड विकास अधिकारी मसौली से की है।

## आदेश के बाद भी नहीं जाँच

बकाये मानदेय को लेकर गत नवम्बर मे केयर टेकर नीलम ने खण्ड विकास अधिकारी मसौली को पत्र दिया खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने केयर टेकर के मानदेय भुगतान को लेकर सहायक विकास अधिकारी आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, ब्लाक मिशन मैनेजर जितेंद्र पटेल व ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार वर्मा को नमित किया था लेकिन कोर्ट की तरह बीते तीन माह से तारीख पर तारीख दी जा रही है जिससे केयर टेकर काफी हताश व परेशान है।

# श्रद्धालुओं को ‘सर’ और ‘मैडम’ कहकर संबोधित करेंगे पुलिसकर्मी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। धार्मिक नगरी काशी में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने पुलिस बल के साथ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर और चौक से गोदौलिया, दशाश्वमेध मार्ग तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर काशी में 15 से 20 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग दी जा रही है। मिटिंग के माध्यम से उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि श्रद्धालुओं के साथ नम्र व्यवहार करें तथा उन्हें ‘सर’ और ‘मैडम’ कहकर संबोधित करें।

इतना ही नहीं, सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी एक तरह से गाइड की भूमिका भी निभाएँगे और किसी भी समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेंगे। दूसरी ओर, गंगा घाटों पर एनडीआरएफ के साथ जल पुलिस की तैनाती रहेगी। मंदिर, गंगा घाटों और प्रमुख मार्गों पर ड्रोन तथा सीसीटीवी के माध्यम से अधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी की जाएगी। साथ ही एटीएस की टीम भी तैनात रहेगी। मार्गों पर बैरिकेडिंग भी की गई है।

## बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया मार्श की फिटनेस पर होगी निगाह

**एजेंसी**




कोलंबो। कई प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम जब शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत दर्ज करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा तो कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस पर निगाह टिकी रहेगी। मार्श बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार इस ऑलराउंडर को मैदान पर वापसी करने से पहले काफी आराम की जरूरत होगी।

मार्श के कवर के रूप में स्टीव स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया की टीम में लिया गया है। उनकी टीम को हालांकि आयरलैंड के खिलाफ पिछले मैच में मार्श की कमी नहीं खली। ऑस्ट्रेलिया ने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके 67 रन से जीत हासिल की थी। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के किसी भी बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं लगाया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने 180 से अधिक रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके बाद तेज गेंदबाज नाथन एलिस और लेग स्पिनर एडम जम्पा ने मिलकर आठ विकेट लिए और अपनी टीम को पूरे दो अंक दिलाए। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहेगी। उसे सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और ग्लेन मैक्सवेल से बड़ी पारियों की उम्मीद होगी। मार्श अगर टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया को बहुत अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि स्मिथ ने हाल में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। पूर्व कप्तान स्मिथ ने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच फरवरी 2024 में खेला था, लेकिन उन्होंने हाल ही में बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स की तरफ से छह पारियों में 59 के औसत और 167 के स्ट्राइक रेट से 299 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और किसी भी तरह की ढिलाई से बचना होगा क्योंकि जिम्बाब्वे के पास मजबूत टीमों को चौंकाने की क्षमता है। जिम्बाब्वे ने अपनी पिछले मैच में ओमान को आसानी से हराया था। उसके पास ब्रैड इवांस, ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड नगारवा जैसे तेज गेंदबाज हैं जो अपने दिन में सबसे मजबूत बल्लेबाजों को भी कड़ी टक्कर दे सकते हैं। सिकंदर रजा की ऑफ और लेग ब्रेक गेंदों का मिलाजुला रूप उनकी गेंदबाजी को एक नया आयाम देता है। टी20 के बेहद अनुभवी खिलाड़ी रजा को ब्रायन बेनेट, डियोन मायर्स और 40 वर्षीय ब्रेंडन टेलर के साथ बल्लेबाजी में भी अपना योगदान देना होगा। टेलर पिछले मैच से लगी मामूली चोट से उबर रहे हैं।

## कनाडा और यूएई की निगाह पहली जीत पर

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। अपने शुरुआती मैच में करारी हार झेलने वाले कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शुक्रवार को यहां जब टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के मुकाबले में आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टूर्नामेंट में पहली जीत हासिल करना होगा। तीन शीर्ष 10 टीमों न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ 'ग्रुप ऑफ डेथ' में शामिल होने के कारण यूएई और कनाडा दोनों को सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए कड़ी और असंभव चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

दोनों टीमों के अभियान की शुरुआत निराशाजनक रही। जहां कनाडा को दक्षिण अफ्रीका से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा, वहीं यूएई को न्यूजीलैंड ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। पिछले चार महीनों में कनाडा को बड़े मैचों में खेलने का अनुभव नहीं मिला जिसका असर उसके पहले मैच में साफ दिखाई दिया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसका प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा। उसके खिलाड़ियों ने कुछ शानदार कैच लिए लेकिन साथ ही आसान मौके भी गंवाए। कनाडा के लिए




हालांकि कुछ सकारात्मक पहलू भी थे। उन्होंने 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दृढ़ संकल्प दिखाया और शुरुआती विकेट गिरने के बाद अपनी पारी को संभाला। बाएं हाथ के स्पिनर अंश पटेल ने अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी से प्रभावित किया और एडन मार्क्रम सहित कुछ प्रमुख बल्लेबाजों को आउट किया, जबकि नवनीत धालीवाल का अर्धशतक और मध्यक्रम के बल्लेबाज हर्ष ठाकर की फॉर्म उत्साहजनक रहा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के बाद ठाकर ने कहा था, ''बहुत कुछ सीखने को मिला, बहुत सी सकारात्मक बातें हैं। नवनीत की पारी और चार विकेट गिरने के बाद जिस तरह से हमने पारी को संभाला, वह सराहनीय है। गेंदबाजी में भी मुझे नहीं लगता कि शुरुआत में हमारा प्रदर्शन इतना खराब था, लेकिन हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। यूएई की टीम में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है और उसने पिछले कुछ वर्षों में शीर्ष टीमों को कड़ी टक्कर दी है। वे विश्व कप में अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए कप्तान मुहम्मद वसीम और अलीशान शरफू पर भरोसा करेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ गेंदबाजी में यूएई का प्रदर्शन फीका रहा। बाएं हाथ के स्पिनर हैदर अली पर अपनी सटीक गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान करने की जिम्मेदारी होगी, वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी अपने यॉर्कर से प्रभावी साबित हो सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद वसीम ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमें यह पता करना होगा कि हमें कैसे गेंदबाजी करनी है, किस लाइन ओर किस लेंथ पर गेंदबाजी करनी है। हमें बल्लेबाज को ध्यान में रखकर गेंदबाजी करनी होगी। मुझे लगता है कि हम अगले मैचों में इस पर ध्यान देंगे। यूएई को 2019 में कनाडा के खिलाफ हुए टी20 विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले से भी आत्मविश्वास मिलेगा, जब उसने उत्तरी अमेरिकी टीम को 14 रन से हराया था।

## भारत और पाकिस्तान के मैच देखने के लिए कोलंबो जाएंगे बीसीबी प्रमुख अमीनुल इस्लाम

**एजेंसी**

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रमुख अमीनुल इस्लाम ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप मैच देखने के लिए कोलंबो में जाएंगे और उन्हें उम्मीद है कि पिछले कुछ सप्ताह से चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ उनके संबंध सुधरेंगे। इस्लाम ने बांग्लादेश के अखबार 'प्रथम आलो' से कहा कि इस हाई-प्रोफाइल मैच के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तरफ से निमंत्रण मिला है। उन्होंने कहा, आईसीसी ने एक फैसला लिया है। आईसीसी के प्रमुख हितधारक ये पांच एशियाई देश हैं तथा वह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को होने मैच के लिए सभी पांच एशियाई देशों के प्रतिनिधि एक साथ स्टेडियम में मौजूद रहें, मैच देखें और एक-दूसरे से बात करें। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान एशिया के आईसीसी में महत्वपूर्ण सदस्य हैं। इस्लाम से पूछा गया कि क्या इस बैठक से बीसीसीआई के साथ उसके तनावपूर्ण संबंध खत्म करने में मदद मिलेगी, उन्होंने कहा, आप इसे कुछ इसी तरह मान सकते हैं। बीसीसीआई और बीसीबी के बीच विवाद तब शुरू हुआ जब भारतीय बोर्ड ने कुछ अज्ञात परिस्थितियों के चलते बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स के आईपीएल अनुबंध से बाहर करने का आदेश दिया। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह कदम बांग्लादेश में हुई राजनीतिक हिंसा से प्रेरित था जिसमें हिंदुओं को निशाना बनाया गया था।

## उम्मीद जीवंत रखने की कोशिश करेगा नीदरलैंड, अमेरिका को करनी होगी वापसी

**एजेंसी**

चेन्नई। पिछले मैच में जीत हासिल करके वापसी करने वाले नीदरलैंड को शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में अमेरिका के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए आक्रामक बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी करनी होगी जो सुपर आठ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए जरूरी है। नीदरलैंड को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान से मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उसने अपने अगले मैच में नामीबिया को हराकर शानदार वापसी की। नीदरलैंड ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दो ओवर शेष रहते सात विकेट से जीत हासिल की। ऑलराउंडर बास डी लीडे उसके अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे।




उन्होंने नामीबिया के खिलाफ 150 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 72 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बीच के ओवरों में कप्तान गेरहार्ड इरास्मस समेत दो अहम विकेट भी लिए। नीदरलैंड की टीम के पास शीर्ष क्रम में विस्फोटक बल्लेबाज हैं लेकिन उसके मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। पाकिस्तान के खिलाफ उसकी यह कमजोरी खुलकर सामने आई क्योंकि एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 123 रन था लेकिन उसकी पूरी टीम 147 रन पर आउट हो गई। उसने अपने आखिरी छह विकेट सिर्फ 24 रन पर गंवा दिए। अपनी ऊंची बैक-लिफ्ट और पावर-हिटिंग के लिए जाने जाने वाले मैक्स ओडॉउड का प्रदर्शन अब तक कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने पाकिस्तान और नामीबिया के खिलाफ क्रमशः पांच और सात रन बनाए। वह अपनी पुरानी लय को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक होंगे। अपना सातवां टी20 विश्व कप खेल रही नीदरलैंड की टीम एक मजबूत टीम के रूप में उभर चुकी है और वह अपनी गेंदबाजी पर भरोसा करेगी ताकि अमेरिकी टीम को कड़ी टक्कर दे सके, जो इस टूर्नामेंट में अभी अपनी पहली जीत की तलाश में है। अमेरिका ने गेंदबाजी में तो अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन बल्लेबाजी में वे लड़खड़ा गए और खराब फील्डिंग ने भी उन्हें नुकसान पहुंचाया।

## नबी पर अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के लिये जुर्माना

**एजेंसी**

अहमदाबाद। अफगानिस्तान के अनुभवी हरफनमौला मोहम्मद नबी पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिये मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर की है जब गेंदबाज लुंगी एनगिडि की कलाई पर बंधे बैंड को लेकर नबी की अंपायर से लंबी बहस हो गई।

आईसीसी ने एक बयान में कहा ,'' नबी ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2-4 का उल्लंघन किया है जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्देशों का पालन नहीं करने के संबंध में है। नबी पर एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया। नबी ने आरोप और सजा स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

## मेंडिस, रत्नायके और शनाका के अर्धशतक, श्रीलंका की बड़ी जीत

**एजेंसी**




पल्लीकल। कप्तान दासुन शनाका सहित तीन बल्लेबाजों के अर्धशतक और बाद में धारदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के मैच में गुरुवार को यहां ओमान को 105 रन से करारी शिकस्त देकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया । कुसल मेंडिस (45 गेंद पर 61 रन), पवन रत्नायके (28 गेंद पर 60) और शनाका (20 गेंद पर 50) ने अर्धशतक जमाए और ओमान के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के धुर्रे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। श्रीलंका ने इनके शानदार प्रदर्शन की मदद से पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद पांच विकेट पर 225 रन का मजबूत स्कोर बनाया। ओमान के बल्लेबाजों के पास श्रीलंका के तेज और स्पिन आक्रमण का कोई जवाब नहीं था और उसकी टीम नौ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से केवल मोहम्मद नदीम ही संघर्ष कर पाए जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 52 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से दुष्मंत चामीरा और महीश तीक्षणा ने दो दो विकेट लिए। श्रीलंका की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह चार अंक लेकर ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया है। ओमान को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले श्रीलंका के बल्लेबाजों ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाकर बड़ी जीत की नींव रखी। जितेन रामानंदी ओमान के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 41 रन देकर दो विकेट लिए। मेंडिस ने अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखी जबकि रत्नायके और शनाका ने महत्वपूर्ण समय पर अपनी लय हासिल की। आयरलैंड के खिलाफ केवल पांच रन बनाकर आउट होने वाले रत्नायके ने 24 गेंद पर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 12वें ओवर में तेज गेंदबाज रामानंदी पर पारी का पहला छक्का लगाया और सुफयान महमूद को लगातार तीन चौके लगाकर यह अपना अर्धशतक पूरा किया। रत्नायके और मेंडिस ने केवल 52 गेंद पर 94 रन की साझेदारी की। इस बीच उन्होंने स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान दिया।

## आधुनिक शतरंज में खेल की गहरी समझ ही असली निर्णायक कारक है: विश्वनाथन आनंद

**एजेंसी**

मदुरै (तमिलनाडु)। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने गुरुवार को यहां कहा कि ऐसे युग में जहां खिलाड़ी कंप्यूटर से मिलने वाली सहायता से अभिभूत हैं तब खेल की गहरी समझ आधुनिक शतरंज में एकमात्र असली निर्णायक कारक बन गई है। आनंद ने तीन दिवसीय शतरंज कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में कहा, ''दिलचस्प बात यह है कि आपको जितना अधिक ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है, उतना ही कम आप जान पाते हैं। यदि हर दिन आपको 20-30 नए निष्कर्ष मिलते हैं तो आप उन्हें कैसे समझ पाएंगे। मेरा मानना है कि आज के शतरंज खिलाड़ियों को अलग करने वाली एकमात्र चीज गहरी समझ है। कई साल पहले जब आनंद ने कंप्यूटर का उपयोग करना सीखा था, तब का उदाहरण देते हुए इस ग्रैंडमास्टर



ने कहा कि नए विचारों के प्रति खुला रहना मददगार होता है, लेकिन बारीकियों को समझना एक खिलाड़ी को नए स्तर पर ले जाता है। आनंद ने इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि शतरंज में महारत हासिल करना रटने के बजाय पैटर्न को पहचानने पर आधारित है। उन्होंने कहा, ''हमारा दिमाग हमारी क्षमता से कहीं अधिक पैटर्न बनाता है। किसी का खेल देखने के हफ्तों बाद अक्सर खिलाड़ियों के दिमाग में नए विचार आ जाते हैं। उन्हें इसका अहसास नहीं होता है कि वे कहीं और से कुछ नकल कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आयकर विभाग ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ को 4.62 करोड़ रुपये का नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने आयकर अधिनियम 1961 की धारा 156 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) को पहली बार 4.62 करोड़ रुपये का मांग नोटिस जारी किया है। आधिकारिक दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई है। ईएफआई को नौ फरवरी, 2026 के नोटिस में कहा गया है कि इस खेल महासंघ को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4,62,18,102 रुपये की राशि भुगतान करनी होगी। इस नोटिस की एक प्रति पीटीआई के पास भी है जिसमें कहा गया है कि निर्धारित की गई राशि नोटिस मिलने के 30 दिनों के भीतर किसी अधिकृत बैंक में जमा करनी होगी। ईएफआई के चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा महासंघ के पदाधिकारियों को लिखे गए पत्र के अनुसार, कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना और उन्हें आयकर विभाग के समक्ष पेश करना जरूरी था। इस मामले के संबंध में एक अंतिम संचय प्रमाण पत्र भी तैयार किया गया है, लेकिन ईएफआई के महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने पीटीआई को बताया कि ईएफआई कार्यकारी समिति ने दस्तावेज तैयार करने में देरी की जिससे उसे इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''कार्यकारी समिति के सभी सदस्यों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित यह संचय प्रमाण पत्र आयकर विभाग के पास जमा करना जरूरी था। इस दस्तावेज़ को प्रस्तुत न करने के कारण यह पत्र जारी किया गया है। आयकर नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार महासंघ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। 'संचय प्रमाणपत्र' से तात्पर्य आम तौर पर उस दस्तावेज़ से है जिसे कोई संगठन चालू वर्ष में कर लगाए बिना भविष्य में उपयोग के लिए आय अलग रखने के लिए दाखिल करता है। ईएफआई सूत्रों ने यह भी कहा कि कर्नल जगत सिंह के नेतृत्व वाले महासंघ ने अधिनियम की धारा 11 से संबंधित प्रावधानों के तहत केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड से अनुमोदन हासिल नहीं किया था, जो कुछ विदेशी लेन देन से जुड़े मामलों में जरूरी होता है। ईएफआई अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी निकाय से संबद्ध होने के कारण राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में संबद्धता शुल्क, भागीदारी राशि और संबंधित अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के लिए विदेशों में धन भेजता है। नोटिस में कहा गया है कि निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न करने पर अधिनियम की धारा 220(2) के तहत प्रत्येक माह एक प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज लगेगा। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि भुगतान न करने पर धारा 221 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है जो सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद बकाया कर की राशि तक हो सकती है। यदि बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत वसूली की कार्यवाही भी शुरू की जा सकती है। ईएफआई युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारतीय ओलंपिक संघ और अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी निकाय से संबद्ध है।

### बिहार में 5,000 करोड़ का निवेश करेगी श्याम स्टील गया में 10 लाख टन का कारखाना लगाएगी

**पटना।** बिहार में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार की पहल पर श्याम स्टील ने राज्य में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने पर सहमति जताई है। कंपनी गया-डोभी रोड स्थित प्रस्तावित औद्योगिक गलियारे में एक अत्याधुनिक स्टील कारखाना स्थापित करेगी। यह जानकारी बृहस्पतिवार को उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि श्याम स्टील इस परियोजना के तहत 10 लाख टन सालाना क्षमता की स्टील विनिर्माण इकाई लगाएगी। इस परियोजना से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने के साथ-साथ लगभग 8,000 लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। डॉ. जायसवाल ने बताया कि निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार ने बेहतर प्रोत्साहन औद्योगिक नीति बनाई है, जिसके तहत निवेशकों को राज्य में लाने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार उन कंपनियों से सामग्री की खरीद को प्राथमिकता देगी, जिनकी उत्पादन इकाइयां बिहार में स्थापित होंगी। इसी नीति के तहत निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उद्योग विभाग के अनुसार प्रस्तावित कारखाने के स्थापित होने से गया-डोभी औद्योगिक गलियारे के विकास को गति मिलेगी और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। श्याम स्टील की ओर से उद्योग विभाग को दिए गए प्रस्ताव के अनुसार, इस कारखाने के लिए 500 एकड़ जमीन की मांग की गई है।

## 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो' में एनवीडिया, गूगल, ओपनएआई समेत 400 प्रदर्शक होंगे शामिल


**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की प्रमुख कंपनियां एनवीडिया, गूगल और ओपनएआई 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' में हिस्सा लेने वाले 400 प्रदर्शकों में शामिल हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह पांच दिवसीय 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' 16 से 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के महानिदेशक अरविंद कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह प्रदर्शनी एआई परिवेश से जुड़ी कंपनियों के लिए मेलजोल का मंच बनेगा जहां भारतीय नवोन्मेषक भी अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, ''एनवीडिया, गूगल और ओपनएआई सहित अग्रणी एआई कंपनियां, 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो' में शामिल 400 प्रदर्शकों में से हैं। उनके शीर्ष नेतृत्व दलों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। वे भारतीय कंपनियों के साथ बैठकें भी करेंगी। कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में 100 से अधिक देशों ने भागीदारी की पुष्टि की है, जिनमें 50 मंत्री-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत में अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी की घोषणा के तुरंत बाद 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो' की तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। उन्होंने कहा, '' हमने कार्यक्रम का काम शुरू कर दिया है। प्रदर्शनी सहित पूरा शिखर सम्मेलन 16 से 20 फरवरी के बीच आयोजित होगा। देश की लगभग सभी प्रौद्योगिकी कंपनियां इसमें भाग ले रही हैं। कई सरकारी विभाग और मंत्रालय भी इसमें शामिल होंगे। कुमार ने बताया कि इसे प्रगति मैदान में करीब 75,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना चांदी के भाव में बदलाव नहीं

**एजेंसी**

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 750 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 820 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। दूसरी ओर,चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान 24 कैरेट सोना आज 1,59,610 रुपये से लेकर 1,59,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,46,310 रुपये से लेकर 1,46,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। जबकि चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी शुरुआती कारोबार में 2,89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट



सोना 1,59,760 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,46,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,59,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# नए श्रम कानूनों की मांग और कथित श्रमिक-विरोधी नीतियों के विरोध में देशव्यापी आम हड़ताल

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। नये श्रम कानूनों की मांग और केन्द्र सरकार की कथित श्रमिक-विरोधी नीतियों के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर गुरुवार को देशव्यापी आम हड़ताल का विभिन्न प्रांतों में मिला-जुला असर रहा । देश में कई स्थानों पर बंद से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में चारों श्रम संहिताओं को रद्द करना, बिजली संशोधन विधेयक वापस लेना, ड्राफ्ट सीड विधेयक निरस्त करना, मनरेगा की बहाली तथा अन्य श्रमिक हितों से जुड़े निर्णयों पर पुनर्विचार शामिल है।देश की करीब 12 ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने संबंधित मांगों को नहीं माने जाने पर आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से तेज किए जाने की चेतावनी दी है।

इस हड़ताल में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस), भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (आईएनटीयूसी), अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआईटीयूसी), हिंद मजदूर सभा (एचएमएस), सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू), ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी), ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर (टीयूसीसी), सेल्फ एम्प्लॉयड वीमेन्स एसोसिएशन (सेवा), ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स (एआईसीसीटीयू), लेबर प्रोग्रेसिव फ़ेडरेशन (एलपीएफ), यूनाइटेड ट्रेड यूनियन कांग्रेस (यूटीयूसी) और नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स-धनबाद (एनएफआईटीयू-डीएचएन) शामिल हैं। ट्रेड यूनियनों का कहना है कि चार नयी श्रम संहिताएं श्रमिक अधिकारों को कमजोर करती हैं, रोजगार सुरक्षा घटाती हैं और नियोक्ताओं को नियुक्ति और छंटनी में अधिक छूट देती हैं। यूनियनों ने सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण, वेतन संरक्षण और अन्य मुद्दों पर भी आपत्ति जताई है। हरियाणा में हड़ताल का असर कई जिलों में देखने को मिला। झज्जर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जबकि बहादुरगढ़ में नगर पालिका कर्मचारियों ने धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने वेतन सेवा शर्तों और अन्य लंबित मांगों को लेकर आवाज उठाई। हड़ताल का प्रभाव सरकारी रोडवेज बस सेवाओं पर नहीं पड़ा। बसें निर्धारित समय के अनुसार संचालित होती रहीं जिससे आम यात्रियों को किसी बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। प्रशासन ने पहले से ही एहतियाती कदम उठाते हुए बस अड्डों पर धारा 163 लागू कर दी थी ताकि किसी प्रकार का चक्का जाम या अव्यवस्था न हो। पंजाब में हड़ताल के दौरान सड़कों पर बसें चली और बाजार खुले रहे तथा बैंकों में अधिकारियों को छोड़ कर बाकी लिपिकीय कर्मचारी हड़ताल पर रहे। राज्य की सत्तारूढ आम आदमी पार्टी (आप) समेत कई विपक्षी दलों ने हड़ताल को अपना समर्थन दिया है। किसान संगठन और मजदूर संघ नई श्रम संहिताओं, बिजली बिल 2025, बीज बिल और हालिया भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में सड़कों पर उतर रहे हैं। कई जिलों में इसका मिलाजुला असर देखने मिल रहा है। अनुबंध पर काम करने वाले कर्मी भी हड़ताल पर हैं लेकिन स्थायी कर्मी सेवाएं मुहैया करवा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश और जम्मू -कश्मीर में लाखों बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों ने आज काम का बहिष्कार किया और विरोध रैलियां कीं। आंदोलनकारियों ने बिजली सेक्टर (डिस्ट्रीब्यूशन, ट्रांसमिशन और जेनरेशन) में निजीकरण को वापस लेने, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल, 2025 को वापस लेने, प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी, 2026 को वापस लेने और चल रहे निजीकरण को रोकने, बिजली सेक्टर के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने की मांग की।

राजस्थान में अलवर के मुख्य बस स्टैंड पर बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में राजस्थान राज्य परिवहन कर्मचारी यूनियन के बैनर तले रोडवेज कर्मचारियों ने पूर्वाह्न 11 बजे से धरना प्रदर्शन शुरू किया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए श्रम कोड बिलों का विरोध करते हुए इन्हें मजदूर विरोधी बताया और वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी करके अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। बीमा क्षेत्र में शत प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) की अनुमति के खिलाफ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कर्मचारियों ने भी एलआईसी कार्यालय के बाहर धरना देकर केंद्र सरकार और एलआईसी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एफडीआई बढ़ाने का फैसला भारतीय जीवन बीमा(एलआईसी )के निजीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे इसकी स्वायत्तता और सार्वजनिक महत्व पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने बजट से संबंधित पर्चा भी जलाये और नयी भर्ती एवं पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग उठायी। उत्तराखंड के रामनगर क्षेत्र की भोजनमाताओं ने भी हड़ताल के दौरान सक्रिय भागीदारी की। प्रगतिशील भोजनमाता संगठन के नेतृत्व में भोजनमाताओं ने कार्य का बहिष्कार किया, सभा आयोजित की और शहर में जुलूस निकालकर केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड को तत्काल रद्द करने की मांग की।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, कटनी, इटारसी, उज्जैन, रतलाम, हरदा, मंदसौर, भिंड और खरगोन सहित अनेक जिलों में धरना-प्रदर्शन आयोजित किए गए। संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के बैनर तले आईएनटीयूसी, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, सेवा, बैंक, बीमा, केंद्रीय कर्मचारी संगठनों तथा बीएसएनएल व डाक विभाग के कर्मचारियों ने भागीदारी की। भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल रहे। मध्यप्रदेश बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के अनुसार सरकारी के साथ कुछ निजी बैंक कर्मियों ने भी समर्थन दिया, हालांकि स्टेट बैंक की सेवाएं सामान्य रहीं। कटनी और इटारसी की डिफेंस फैक्टरियों के बाहर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इटारसी में ऑर्डनेंस फैक्टरी के कर्मचारियों ने एक घंटे काम का बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया। कुछ स्थानों पर सीमित समय के लिए बैंक शाखाएं बंद रहीं, जिससे ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

केरल में हड़ताल से आम जनजीवन प्रभावित रहा। हड़ताल का असर आधी रात से ही शहरों, कस्बों और ग्रामीण इलाकों में दिखने लगा, परिवहन सेवाएं रुक गईं, दुकानें बंद रहीं और कार्यालय में बहुत कम लोग आए। हड़ताल का सबसे ज्यादा असर सार्वजनिक परिवहन सेवा पर पड़ा। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बसें ज़्यादातर डिपो से सड़कों से नदारद रहीं, जबकि निजी बसें, ऑटोरिक्शा और टैक्सी सेवाएं भी हड़ताल में शामिल हो गईं, जिससे तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, कोझिकोड और दूसरे बड़े शहरों में सड़कें सूनसान रहीं। बैंक, सरकारी कार्यालय में बहुत कम लोग आए। स्कूल और कॉलेज समेत कई शिक्षण संस्थाओं ने हड़ताल को देखते हुए काम रोक दिया तथा कुछ तय परीक्षाएं स्थगित कर दी गयी। केरल में हड़ताल को वाम दलों से जुड़े बड़े श्रमिक संघों और किसान संगठनों का जबरदस्त समर्थन मिला।

केन्द्र सरकार की श्रम एवं किसान नीतियों के विरोध में तेलंगाना में कुछ हिस्सों में विभिन्न सेवाएं बाधित रहीं। कुछ सरकारी और निजी दफ्तरों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों में भी सामान्य कामकाज पर असर पड़ा। यातायात सेवाओं पर हड़ताल का सबसे ज़्यादा असर पड़ा। बंद के समर्थन में अलग-अलग जगहों पर बसें, कार और ऑटो-रिक्शा रोक दिये गये। कई इलाकों में यात्री फंसे रहे।

## स्वायत्त एवं स्वतंत्र पशु चिकित्सा परिषद् की स्थापना समय की जरूरत : भागवत

**एजेंसी**

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में स्वायत्त एवं स्वतंत्र पशु चिकित्सा परिषद् की स्थापना समय की आवश्यकता है।

महाराष्ट्र पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित आज एक कार्यक्रम में डॉ. भागवत ने कहा कि जिस कार्य का जो विशेषज्ञ होता है, वही उसे बेहतर ढंग से कर सकता है। जैसे खेल के क्षेत्र में खिलाड़ियों और प्रशिक्षित कोच की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार पशु विज्ञान जैसे जटिल क्षेत्र में संबंधित ज्ञान और अनुभव रखने वाले विशेषज्ञों को निर्णय लेने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, ष्विशिष्ट कार्य संबंधित विशेषज्ञों को ही सौंपा जाना चाहिए, अन्यथा कार्य प्रभावित हो सकता है।

पशुओं की गहन समझ तथा उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए पशु चिकित्सकों और पशु चिकित्सा विज्ञान की भूमिका महत्वपूर्ण है, इस पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विशेषज्ञों का सहयोग सभी स्तरों पर प्राप्त होना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विचार केवल इसलिए नहीं रखा जा रहा है कि वे पशु चिकित्सक हैं, बल्कि यह अनुभव है कि जिन क्षेत्रों में योग्य और विशेषज्ञ व्यक्तियों को जिम्मेदारी दी जाती है, वे क्षेत्र तीव्र गति से प्रगति करते हैं। पशु चिकित्सा क्षेत्र में सुधार, सुदृढ़ नीति निर्माण तथा प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समर्पित और स्वतंत्र परिषद की स्थापना आवश्यक है। इसके माध्यम से पशु स्वास्थ्य सेवाओं, प्रबंधन संरचना और व्यावसायिक मानकों को अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

## 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे ऋषि सुनक

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम (कर्टेन रेजर) 'एआई फॉर ऑलः रीइमेजिनिंग ग्लोबल कोऑपरेशन' में वक्तव्य देंगे।

सार्वजनिक नीति शोध संस्था कार्नेगी इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ष्हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।ङ्क

इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35,000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 500 से अधिक स्टार्टअप सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे और इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उनकी यह यात्रा उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों राष्ट्रों की प्राथमिकता को रेखांकित करती है। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति मैक्रों श्री मोदी के साथ 'होराइजन 2047 रोडमैप' के अंतर्गत द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक चर्चा करेंगे। वे मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026' का भी उद्घाटन करेंगे। नयी दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' पांच दिवसीय कार्यक्रम है, जो नीति, अनुसंधान, उद्योग और सार्वजनिक सहभागिता पर केंद्रित है। 'जनमानस, पृथ्वी और प्रगति' के तीन आधारभूत स्तंभों पर आधारित यह शिखर सम्मेलन वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, नवाचारियों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाएगा, ताकि शासन, नवाचार और सतत विकास में एआई की भूमिका पर विचार किया जा सके।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उन्होंने एआई की चुनौतियों के समाधान में भारत की अग्रणी भूमिका की सराहना की है। उन्होंने एआई को 'अंतरराष्ट्रीय संबंधों का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा और अब तक की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक' बताया है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पैनल' में शामिल होने के लिए भी भारत को आमंत्रित किया है।

## राहुल का संसद में बयान 'झूठ का पुलिंदा' : पीयूष गोयल

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा बजट चर्चा के दौरान लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें झूठ का पुलिंदा करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर गलत जानकारी दी है और इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।

गोयल ने यहां पत्रकारों से कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में किसानों और भारतीय हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। किसानों की लगभग 90-95 प्रतिशत उपज जैसे डेयरी, पोल्ट्री, चावल, गेहूं, सोयाबीन, मक्का, केला, स्ट्रॉबेरी, चेरी, संतरा, सब्जियां, इथेनॉल, तंबाकू, मीट, दालें, ज्वार, बाजरा और रागी इस समझौते से बाहर रखी गई हैं। केवल वही उत्पाद अमेरिका के लिए खोले गए हैं जिनकी भारत को आवश्यकता है और जिनसे भारतीय किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस समझौते से किसानों और मछुआरों के उत्पादों का निर्यात वर्तमान 5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। इससे किसानों की आय दोगुनी होगी और उन्हें वैश्विक बाजारों तक निर्बाध पहुंच मिलेगी। किसान खाद्य प्रसंस्करण और मत्स्य प्रसंस्करण की आधुनिक मशीनें लगा पाएंगे और कृषि विकास फंड से उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा। गोयल ने कहा कि राहुल गांधी, कांग्रेस और उनके सहयोगी दल जैसे डीएमके, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां विकास के खिलाफ हैं। मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ रही है और देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन विपक्ष इसे देख नहीं पा रहा है। उन्होंने राहुल गांधी के उस बयान को भी खारिज किया जिसमें कहा गया था कि बांग्लादेश को भारत से अधिक व्यापारिक लाभ मिला है।


### ☛ यात्रीगण कृपया ध्यान दें! ☚

### होली विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि होली त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन निम्न समय–सारणी के अनुसार किया जायेगा:–

**रेलगाड़ी सं. 02275/02276 एवं 02421/02422 सूबेदारगंज – शकूरबस्ती – सूबेदारगंज होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 02275/02421 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 02276/02422 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:35 | सूबेदारगंज | 04:00 | --- |
| 10:15 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 13:00 |

**चलने के दिन:** **02275 सूबेदारगंज** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 03.03.2026 से 31.03.2026 तक और **02276 शकूरबस्ती** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 04.03.2026 से 01.04.2026 तक।

**02421 सूबेदारगंज** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.03.2026 से 29.03.2026 तक और **02422 शकूरबस्ती** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 02.03.2026 से 30.03.2026 तक।

**ठहराव:** फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला, अलीगढ़, गाजियाबाद जं. एवं दिल्ली जं. स्टेशन।

**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01705/01706 जबलपुर – अयोध्या धाम जं. – जबलपुर होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01705 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01706 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:40 | जबलपुर | 06:45 | --- |
| 07:05 | 07:15 | वाराणसी | 17:10 | 17:20 |
| 11:25 | ---- | अयोध्या धाम जं. | ---- | 13:30 |

**चलने के दिन:** **01705 जबलपुर** से मंगलवार दिनांक 03.03.2026 एवं 10.03.2026 को और **01706 अयोध्या धाम जं.** से बुधवार दिनांक 04.03.2026 एवं 11.03.2026 को।

**ठहराव:** सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी एवं जौनपुर जं. स्टेशन।

**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01701/01702 जबलपुर – हज़रत निज़ामुद्दीन – जबलपुर होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01701 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01702 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:20 | जबलपुर | 09:30 | --- |
| 14:25 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 15:45 |

**चलने के दिन:** **01701 जबलपुर** से सोमवार दिनांक 02.03.2026 एवं 09.03.2026 को और **01702 हज़रत निज़ामुद्दीन** से मंगलवार दिनांक 03.03.2026 एवं 10.03.2026 को।

**ठहराव:** कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ग्वालियर जं., आगरा छावनी, मथुरा जं. एवं कोसी कलाँ स्टेशन।

**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05005/05006 बढ़नी – अमृतसर – बढ़नी होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05005 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05006 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:10 | बढ़नी | 08:15 | --- |
| 09:30 | ---- | अमृतसर | ---- | 12:45 |

**चलने के दिन:** **05005 बढ़नी** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 तक और **05006 अमृतसर** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 05.03.2026 से 26.03.2026 तक।

**ठहराव:** तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला छावनी, ढंडारी कलां, जलंधर शहर एवं ब्यास स्टेशन।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05023/05024 गोमती नगर – खातीपुरा – गोमती नगर होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05023 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05024 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:55 | गोमती नगर | 11:45 | --- |
| 12:10 | 12:20 | दिल्ली जं. | 00:25 | 00:35 |
| 17:30 | ---- | खातीपुरा | ---- | 18:50 |

**चलने के दिन:** **05023 गोमती नगर** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 03.03.2026 से 24.03.2026 तक और **05024 खातीपुरा** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 तक।

**ठहराव:** बादशाह नगर, डालीगंज, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद जं., गाजियाबाद जं., दिल्ली जं., दिल्ली छावनी, गुड़गांव, रेवाड़ी, अलवर एवं बांदीकुई स्टेशन।

**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05045/05046 लालकुआं – राजकोट – लालकुआं होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 05045 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05046 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:35 | लालकुआं | 05:15 | --- |
| 14:45 | 14:50 | बरेली जं. | 02:50 | 02:55 |
| 18:10 | ---- | राजकोट | ---- | 22:30 |

**चलने के दिन:** **05045 लालकुआं** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.03.2026 से 29.03.2026 तक और **05046 राजकोट** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 02.03.2026 से 30.03.2026 तक।

**ठहराव:** किच्छा, बहेड़ी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, सोरों शूकर क्षेत्र, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा छावनी, मथुरा जं., भरतपुर, दौसा, जयपुर जं., फुलेरा, नावा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना जं., डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन, जोधपुर जं., लूनी, समदड़ी जं., मोकलसर, जालोर, मोदरान, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी जं., पाटन, महेसाणा जं., वीरमगन जं., सुरेंद्रनगर एवं वांकानेर जं. स्टेशन।

**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05301/05302 मऊ – अंबाला छावनी – मऊ होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05301 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05302 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:00 | मऊ | 23:00 | --- |
| 20:20 | 20:30 | दिल्ली जं. | 05:00 | 05:10 |
| 00:30 | ---- | अंबाला छावनी | ---- | 01:40 |

**चलने के दिन:** **05301 मऊ** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 05.03.2026 से 26.03.2026 तक और **05302 अंबाला छावनी** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06.03.2026 से 27.03.2026 तक।

**ठहराव:** बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बुढ़वल जं., सीतापुर ज., बरेली जं., मुरादाबाद ज., गाजियाबाद ज., दिल्ली जं., सोनीपत एवं पानीपत जं. स्टेशन।

**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पेज एक का शेष

### 'समर्पित आयोग'...

में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पंचायत चुनाव कराने को लेकर नेगेटिव फीडबैक है। पार्टी के कई नेताओं को आशंका है कि पंचायत चुनाव के दौरान प्रधान से लेकर जिला पंचायत के चुनाव तक पार्टी के ही नेता और कार्यकर्ता आपस में लड़ेंगे। ऐसे नेताओं को आशंका है कि पंचायत चुनाव में किसी एक कैंडिडेट का समर्थन करने से विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के एक वर्ग की नाराजगी उठाने का खतरा है। इसलिए ये बात चल रही है कि पहले विधानसभा हो जाए, फिर तनावपूर्ण पंचायत चुनाव की बिसात बिछे। गौरतलब हो कि यूपी में 57 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतें हैं, जिला पंचायत वार्ड 3051, जिला पंचायत 75, क्षेत्र पंचायत 826 हैं। पिछले पंचायत चुनाव कोरोना लहर के बीच साल 2021 चार चरणों में हुए थे। पहले चरण में 18 जिले, दूसरे और तीसरे चरण में 20-20 जिले, और चौथे चरण में 17 जिलों में चुनाव हुए थे।

### 114 नए राफ़ेल...

स्यूडो सेटेलाइट का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के लिए निरंतर खुफिया, निगरानी एवं टोही, इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस, दूरसंचार और रिमोट सेंसिंग कार्यों के लिए किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि सेना के लिए टैंक रोधी सुरंगों (विभव) की खरीद तथा आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल , टी-72 टैंक और इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल (बीएमपी-ऋ) के वाहन प्लेटफॉर्म के ओवरहॉल के लिए आवश्यकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान की गई है। विभव सुरंगों को शत्रु की यंत्रीकृत सेनाओं को आगे बढने से रोकने में बाधा पहुंचाने के लिए टैंक रोधी प्रणाली के रूप में बिछाया जाएगा। टी-72 टैंक और बीएमपी-ऋ के वाहन प्लेटफॉर्म के ओवरहॉल से उपकरणों की सेवा आयु बढ़ेगी तथा भारतीय थलसेना की तत्परता और परिचालन प्रभावशीलता सुनिश्चित होगी। परिषद की बैठक में भारतीय नौसेना के लिए चार मेगावाट मरीन गैस टर्बाइन आधारित विद्युत जनरेटर और लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान पी-8आई की खरीद को भी आवश्यकता के आधार पर खरीद की स्वीकृत दी गई है। रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 की मेक-ऋ श्रेणी के अंतर्गत चार मेगावाट मरीन गैस टर्बाइन आधारित विद्युत जनरेटर की स्वदेशी स्थापना से विदेशी निर्माताओं पर निर्भरता कम होगी और भारतीय नौसेना की विद्युत आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी। पी-8आई विमान की खरीद से लंबी दूरी की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता, समुद्री निगरानी और समुद्री प्रहार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बैठक में भारतीय तटरक्षक बल के डोर्नियर विमान के लिए इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल/इन्फ्रारेड प्रणाली की खरीद को भी आवश्यकता के आधार पर स्वीकृति दी गयी है। इस खरीद से तटरक्षक बल की समुद्री निगरानी क्षमता बढेगी।

### किसी वर्ग को...

है और सार्वजनिक व्यवस्था, सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा है। फिल्म निर्माता नीरज पांडे द्वारा निर्मित 'घूसखोर पंडत' की घोषणा नेटफ्लिक्स ने हाल में मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान की थी। फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ नुसरत भरूचा, दिव्या दत्ता, साकिब सलीम और अक्षय ओबेरॉय अभिनय कर रहे हैं। 'ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया' के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने एक जनहित याचिका दायर की है जिसमें नेटफ्लिक्स पर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने का निर्देश दिए जाने का न्यायालय से अनुरोध किया गया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि फिल्म का शीर्षक और कथानक प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक एवं अपमानजनक हैं और ये ब्राह्मण समुदाय को अपमानजनक तरीके से चित्रित करते हैं। जनहित याचिका में 'पंडत' शब्द के 'घूसखोर' शब्द के साथ इस्तेमाल पर आपत्ति जताई गई है।

### जनवरी में ...

नियमित घरेलू रखरखाव श्रेणी को 4.47 भारांश दिया गया है। एनएसओ ने बताया कि इस विस्तार से मुद्रास्फीति के आंकड़ों में सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व मजबूत होता है जो आज से समय में घरेलू खर्च में अधिक हिस्सेदारी रखते हैं। डिजिटल एवं प्रशासनिक स्रोतों पर उपलब्ध आंकड़ों जैसे टेलीफोन शुल्क, रेल किराया, हवाई किराया, ईंधन, डाक शुल्क और ऑनलाइन मीडिया तथा ओटीटी सेवा आदि को भी नयी सीरीज में ज्यादा प्रमुखता मिली है। खास बात यह है कि पहली बार 25 लाख से अधिक की आबादी वाले 12 शहरों में ऑनलाइन मार्केट प्लेस को भी एक बाजार माना गया है और वहां उपलब्ध मूल्य के आंकड़ों को गणना में जगह दी गयी है।

### अमेरिका के...

संयुक्त वक्तव्य में निहित साझा समझ को प्रतिबिंबित करते हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब भारत और अमेरिका चरणबद्ध समझौते के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाने के प्रयास कर रहे हैं, जिनका उद्देश्य बाजार पहुंच बढ़ाना और दोनों पक्षों की व्यापार संबंधी चिंताओं का समाधान करना है। अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले शुक्रवार को भारत के साथ एक नए अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा की थी जिससे भारत के बाजार में अमेरिकी उत्पादों के लिए अवसर खुलेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि यह समझौता अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाता है और उन व्यापार बाधाओं को कम करता है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी व्यवसायों को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा, ''भारत ने प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अमेरिकी वस्तुओं पर सबसे अधिक शुल्क लगाए हैं, जहां कृषि पर औसत शुल्क 37 प्रतिशत है और कुछ ऑटोमोबाइल पर शुल्क 100 प्रतिशत से अधिक है। तथ्यपत्र के अनुसार, भारत अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं तथा खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला–जैसे डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स , लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट पर शुल्क समाप्त या कम करेगा।

### दिल्ली हमले के...

यह विंग अभी यूएन की प्रतिबंधित सूची में शामिल नहीं है। लेकिन, उस पर आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के आरोप हैं। ठग रिपोर्ट में अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र है, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। उस समय हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली थी। रिपोर्ट में यह भी जिक्र है कि 28 जुलाई 2025 को तीन संदिग्ध आतंकियों को मार गिराया गया था। मई 2025 में भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई और उसके बाद चार दिनों तक चले सैन्य तनाव का भी जिक्र रिपोर्ट में किया गया है। कुल मिलाकर, ठग की इस ताजा रिपोर्ट ने एक बार फिर सीमा पार आतंकवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### विधानसभा में प्रदेश की कानून...

एनसीआरबी के आंकड़े गिनाए जा रहे हैं। प्रयागराज में चार बच्चों की हत्या के मामले पर भाजपा सदस्य सिद्धार्थनाथ सिंह ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि ये उनके विधानसभा क्षेत्र का मामला है और सपा सदस्य द्वारा तोड़-मरोड़ कर तथ्य पेश किया जा रहा है। संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़ों में यूपी अन्य राज्यों की अपेक्षा अपराध कम हुए हैं। एससी व एसटी हत्या और बलात्कार के मामलों में कमी आई है। महिलाओं के प्रति अपराधों में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में चारों बच्चों की मौत पानी में डूबने से हुई है। उनके परिजनों को सरकार की ओर से चार-चार लाख रुपये आर्थिक मुआवजा दिया जा चुका है। सपा सदस्य जिस पप्पू सोनकर की सपा बात कर रहे हैं वह बी श्रेणी का अपराधी था। उसके ऊपर 31 मुमदमें थे और उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है।

# विधानपरिषद में बढ़ते अपराध पर राजद सदस्य ने सरकार को घेरा

**बजट सत्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सदस्य अब्दुल बारी सिद्दीकी ने सरकार से राज्य में बढ़ते अपराध की घटनाओं को लेकर प्रश्न किया।

उन्होंने कहा कि राज्य में चोरी, अपहरण जैसे अपराध की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। उन्होंने सरकार से पूछा कि लगातार जो अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, इसका क्या कारण है और सरकार इसके लिए क्या अभियान चला रही है? सरकार की तरफ से गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने सदन में विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि अपहरण के मामले जो लगभग 19,768 हुए उसमें से मात्र 158 मामले ही सिर्फ अपराधिक मामले हुए जो हत्या और फिरौती के लिए हुए। बाकी 14,062 जो मामले हैं, वो या तो शादी करने के लिए घर से भागने के कारण यह स्थिति हुई। । इसपर अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि ये लोग जो जंगलराज और मंगलराज की तुलना करते रहते हैं, तो अब इनकी आंखें खुल गई हैं न। नीतीश कुमार की सरकार में लगातार घटनाएं बढ़ रही हैं, यदि यही मंगलराज है तो इससे बेहतर तो जंगलराज था। उनके इस बयान पर सम्राट चौधरी ने विरोध किया। सम्राट चौधरी ने कहा कि मात्र 158 लोगों का ही अपहरण, हत्या और फिरौती की नीयत से हुआ है। केस तो दर्ज होंगे ही। तमाम तरह के माध्यमों से केस दर्ज हो रहे हैं। 2004 में बिहार की आबादी साढ़े छह करोड़ थी और आज 14 करोड़ आबादी है। तब सिद्दीकी ने कहा कि सरकार साफ साफ बताए कि अपराध बढ़ा है या नहीं? तब सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं तीन लाख से अधिक हुई हैं लेकिन घटनाओं की जांच और उद्भेदन के बाद अगर देखा जाए तो महज 158 हैं।

### विधानसभा में धान अधिप्राप्ति सर्वेक्षित जमीन का उठा मुद्दा

पटना। बिहार विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2026- 27 के लिए जल संसाधन विभाग सहित कई विभागों के अनुदान मांगों पर चर्चा हो रही है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सर्वेक्षित जमीन की खरीद बिक्री और धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष के सदस्यों ने प्रस्न किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक सर्वजीत ने सरकार से प्रश्न किया कि बिहार के किसानों का धान बंगाल और उत्तर प्रदेश के लोग खरीद रहे हैं, किसान औने पौने दाम में बेचने के लिए मजबूर हैं। बिहार में डबल इंजन की सरकार है तो फिर किसान क्यों कम कीमत में धान बेचने को मजबूर हो रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने मंत्री का बचाव किया और कहा कि मंत्री ने कहा है, कि केंद्र सरकार से बातचीत कर रहे हैं तो जल्द समाधान हो जाएगा। राजद विधायक कमरेंद्र कुमार ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 45 लाख मिट्रिक टन निर्धारित था, जिसे घटा कर 36 लाख 85000 एमटी कर दिया गया है। इस पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि, केंद्र सरकार से हम बातचीत कर रहे हैं, केंद्रीय मंत्री से समय भी मांगा गया हैं, और जल्द ही इसका समाधान हो जाएगा। विधानसभा में जदयू विधायक मंजीत कुमार सिंह ने सर्वेक्षित जमीन की खरीद बिक्री का मामला उठाया। बरौली विधायक मंजीत कुमार सिंह के सवाल पर उपमुख्यमंत्री-सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि, विशेष सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण किया जाएगा। मंजीत सिंह ने कहा कि बिहार में क्षेत्रफल का 20 प्रतिशत हिस्सा सर्वेक्षित है। एक समय सीमा निर्धारित कर दी जाए, जिससे झंझट न हो। इस पर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर सर्वे का काम दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर भूमि कल्याण जन संवाद शुरू किया गया है, जिससे लोगों को राहत मिले। सिर्फ परिमार्जन का 40 लाख आवेदन है।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। देश के सर्वोच्च संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करते हुए उनका विनम्र व्यक्तित्व, सर्वसमावेशी विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और संविधान के मूल्यों के प्रति दृढ़ विश्वास हम सभी के लिए मार्गदर्शक है।

# मुख्यमंत्री ने कई विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मलकागंज चौक तिमारपुर से 'एससी/एटी बस्तियों के सुधार' योजना के तहत कई विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए हमारी सरकार ने अबतक एससी/एसटी बस्तियों के विकास के लिए लगभग 80 करोड़ रुपये की 146 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि अब इन बस्तियों में सड़क, नाली, पानी, लाइट और दूसरी जरूरी सुविधाओं पर तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी बस्ती पीछे न रहे और हर परिवार को सम्मान के साथ बेहतर जीवन मिले, यही सरकार का प्रयास है। इस अवसर पर सामाजिक कल्याण मंत्री रविंद्र इन्द्राज सिंह, विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, अशोक गोयल उपस्थित रहे।

### सर्दी-जुकाम की समस्या से बचने के लिए करें बाम भस्त्रिका योगासन : रीतिका

**भागलपुर।** बदलते मौसम के दौरान लोगों की परेशानी बढ़ने लगती है। विशेषकर उम्रदराज लोग के बीमार पड़ने लगते हैं। फरवरी के महीने में सबसे ज्यादा लोग सर्दी-जुकाम की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए योग बड़ा ही कारगर उपाय है योग। योग शिक्षिका रीतिका बताती हैं कि फरवरी का महीना बेहद खास होता है। यह महीना प्यार का महीना होता है। लेकिन कुछ चीजों के लिहाज से यह महीना खतरनाक साबित हो सकता है। इस महीने में सर्दी-जुकाम और खांसी का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ जाता है, क्योंकि फरवरी के महीने से मौसम में बदलाव होना शुरू हो जाता है। ऐसे में कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। फरवरी के महीने में ये समस्या बच्चों के साथ भी देखने को मिलती है। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप बाम भस्त्रिका योगासन कर सकते हैं।

# देशव्यापी भारत बंद का व्यापक असर, प्रदर्शन जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मधेपुरा। मधेपुरा में गुरुवार को देशव्यापी भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिला। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर मजदूरों और कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस क्रम में मधेपुरा शहर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने ट्रेड यूनियनों, किसान संगठनों और वाम दलों के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में लाल झंडे और मांगों से संबंधित तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व एक्टू सहित देश के 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, विभिन्न सेवा संघों और फ़ेडरेशनों ने किया। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग चार लेबर कोड को रद्द करने की रही। उनका कहना था कि ये श्रम संहिताएं मजदूर विरोधी हैं। इससे श्रमिकों के अधिकार कमजोर हो रहे हैं। यूनियनों ने आरोप लगाया कि नए लेबर कोड लागू होने से काम के घंटे बढ़ेंगे, नौकरी की सुरक्षा खत्म होगी और संगठित क्षेत्र के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का भी शोषण बढ़ेगा। भारत बंद के कारण जिले में बैंकिंग, बीमा, बिजली, परिवहन, स्वास्थ्य, गैस और जलापूर्ति जैसी आवश्यक सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका जताई गई। हालांकि प्रशासन की ओर से आवश्यक सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के प्रयास किए गए। बैंकिंग क्षेत्र में आंशिक असर देखा गया, जहां कुछ स्थानों पर कामकाज प्रभावित रहा। प्रदर्शन में वाम दलों के कार्यकर्ता, अखिल भारतीय किसान सभा, भाकपा माले समेत अन्य संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद प्रभाकर ने सभा को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है और मजदूरों-किसानों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉरपोरेट हितों को बढ़ावा देने के लिए श्रमिक कानूनों को कमजोर किया जा रहा है, जिसका देशभर में विरोध हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान गणेश मानव, रामचंद्र दास, मो. वसीमुद्दीन उर्फ नन्हें समेत कई अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि जब तक मजदूरों और किसानों की मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# अमृतसर में सात किलो हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने गुरुवार को एक क्रॉस बॉर्डर नार्को स्मगलिंग नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात किलो 630 ग्राम हेरोइन के साथ 21800 रुपये बरामद किए। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी वर्चुअल नंबरों के ज़रिए दुबई के एक हैंडलर के संपर्क में थे, जो क्रॉस-बॉर्डर हेरोइन कंसाइनमेंट को आसान बना रहे थे और पिकअप लोकेशन और आगे की सप्लाई चेन को डायरेक्ट कर रहे थे। हैंडलर कई नारकोटिक्स नेटवर्क और 43 किलोग्राम हेरोइन की रिकवरी से जुड़े एक बड़े एनडीपीएस केस से भी जुड़ा है। डीजीपी ने कहा कि अमृतसर के पुलिस थाना छेहरटा में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। नेटवर्क के आगे और पीछे के लिंकेज का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। पंजाब पुलिस नार्को-टेरर और ड्रग ट्रैफिकिंग नेटवर्क को खत्म करने, सुरक्षा और ड्रग-फ्री पंजाब पक्का करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ऊर्ज़ा निगम के निजीकरण के विरोध में धरना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रुड़की। ऊर्ज़ा निगम के निजीकरण के विरोध में गुरुवार को रुड़की स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर कर्मचारियों और अधिकारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। इस आंदोलन में ऊर्ज़ा निगम के विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारी और अधिकारी शामिल हुए, और भारतीय किसान यूनियन (भाकियू, रोड गुट) ने भी समर्थन जताया। धरने को संबोधित करते हुए अधीक्षण अभियंता विवेक राजपूत ने कहा कि निजीकरण से कर्मचारियों के भविष्य पर खतरा और आम जनता के लिए बिजली महंगी होने जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि निजी कंपनियां केवल मुनाफ़े के लिए काम करेंगी, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की बिजली तक पहुंच प्रभावित होगी। भाकियू नेताओं ने भी कहा कि निजीकरण से किसानों को मिलने वाली सब्सिडी और रियायतों पर असर पड़ेगा। यूनियन ने सरकार से निजीकरण का फैसला वापस लेने की मांग की और चेताया कि अगर न सुधारा गया, तो कर्मचारी और किसान मिलकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

# सीएचसी मरौना का औचक निरीक्षण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हुई गहन समीक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। सुपौल जिले के मरौना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का गुरुवार को सिविल सर्जन बाबू साहेब झा एवं जिला योजना समन्वयक सह जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति बालकृष्ण चौधरी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया। निरीक्षण की शुरुआत रजिस्ट्रेशन काउंटर और ओपीडी से की गई, जहां मरीजों के पंजीकरण की प्रक्रिया, चिकित्सकों की उपस्थिति और उपचार व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मरीजों से सीधे बातचीत कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके बाद दवा वितरण केंद्र और पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण करते हुए दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर और जांच उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की गई। मरीजों को समय पर दवा और जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इमरजेंसी कक्ष और लेबर रूम में सेवाओं, आवश्यक उपकरणों तथा स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की गई। प्रसूता महिलाओं को बेहतर सुविधा देने और आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल एवं कचरा निष्पादन व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने स्वास्थ्य कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी।

# उत्तरकाशी में आशा कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। सरकारी कर्मचारी का द़र्जा देने और न्यूनतम 30 हजार रुपये मासिक वेतन निर्धारित करने समेत 9 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तरकाशी की आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर प्रदर्शन की मांग की। इस दौरान राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

गुरुवार को आशा कार्यकर्ता काली कमली धर्मशाला में एकत्रित हुईं और वहां से मुख्य बाजार होते हुए नारेबाजी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं। कलेक्ट्रेट परिसर में उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सांकेतिक धरना दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे वर्षों से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। ज्ञापन में श्रम कानूनों में किए गए संशोधनों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने तथा पूर्ववत श्रम कानून लागू करने की मांग की गई है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं और भोजन माताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित कर प्रति माह न्यूनतम 30,000 रुपये वेतन देने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। इस दौरान यूनियन के जिला संयोजक (ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन एटक) महावीर प्रसाद भट्ट, जिला अध्यक्ष रेखा नौटियाल, संरक्षक सरिता जोशी, बासु पंवार (चिन्यालीसौड़), आरती सेमवाल (भटवाड़ी), रीना सेमवाल, कविता उनियाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत अमेरिका व्यापार समझौता पंजाब और देश की एग्रीकल्चरल इकॉनमी के लिए एक गंभीर खतरा : खैरा

जालंधर। पंजाब में भोलाथ के कांग्रेस विधायक एवं ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के अध्यक्ष, सुखपाल सिंह खैरा ने गुरुवार को प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए इसे किसान विरोधी और पंजाब और देश की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए एक गंभीर खतरा बताया। श्री खैरा ने कहा कि अमेरिका से सब्सिडी वाले कृषि उत्पाद के आयात को बढ़ाने की इजाज़त देने वाला कोई भी समझौता भारतीय किसानों को गलत कॉम्पिटिशन का सामना करने पर मजबूर कर देगा, क्योंकि अमेरिकी किसानों को भारी सरकारी सब्सिडी, एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट और पक्का मार्केट प्रोटेक्शन मिलता है। उन्होंने कहा, ''हमारे किसान, जो पहले से ही बढ़ती उत्पादन लागत , रुके हुए एम एस पी विस्तार और बढ़ते कर्ज़ के बोझ तले दबे हैं, भारी सब्सिडी वाली अमेरिकी खेती का मुकाबला नहीं कर सकते।

## ओवरब्रिज निर्माण का विरोध, बिना नोटिस भूमि अधिग्रहण का आरोप

भागलपुर। भागलपुर के शिवपुरी-कैलाशपुरी स्थित बाबा बासुकीनाथ कॉलोनी के पास शीतला स्थान चौक से बाईपास जाने वाले रास्ते में प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। छत्रपति शिवा कैलाश बासुकी समाज सेवा समिति के बैनर तले आसपास के चारों मोहल्लों के लोगों ने गुरुवार को एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन पर बिना सूचना भूमि अधिग्रहण करने का आरोप लगाया। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि उन्हें ओवरब्रिज निर्माण से किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है, क्योंकि इससे क्षेत्र के यातायात को सुविधा मिलेगी और विकास को गति मिलेगी लेकिन जिस जमीन पर वे वर्षों से रह रहे हैं और अपने छोटे-मोटे व्यवसाय के जरिए परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं, उसी जमीन को बिना अनुमति और बिना पूर्व सूचना के अधिग्रहित किया जा रहा है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063